# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, मंगलवार, 16 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 121 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित



रांची रेलवे स्टेशन के पास बन रहा भव्य पूजा पंडाल

### नक्सल अभियान के तहत हजारीबाग में सुरक्षा बलों एवं नक्सलियों के बीच घंटों गोलीबारी

# एक करोड़ का इनामी सहित तीन नक्सली ढ़ेर

**नवीन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** झारखंड में चल रहे नक्सल अभियान के तहत हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा के गोरहर पांतितीरी गांव में आज सोमवार की सुबह पुलिस को बहुत बड़ी सफलता हासिल हुई है। हजारीबाग पुलिस और कोबरा बटालियन के संयुक्त अभियान में एक करोड़ के इनामी सहित तीन नक्सली ढेर हो गये हैं। भाकपा माओवादी सेंट्रल कमेटी सदस्य एक करोड़ के इनामी सहदेव महतो उर्फ प्रवेश, सैक सदस्य 25 लाख के इनामी रघुनाथ हेंब्रम उर्फ चंचल और 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर बिरसेन गंझू एनकाउंटर में मारे गये। पुलिस और नक्सलियों के बीच चली इस मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। इनमें अजय भौमिक 209 कोबरा बटालियन के सिपाही और सुब्रतो विश्वास कोबरा के जवान हैं। दोनों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। सुब्रतो विश्वास पश्चिम बंगाल तो अजय भौमिक असम के रहने वाले हैं। मुठभेड़ में मारा गया दूसरा नक्सली रघुनाथ हेंब्रम था, जो बिहार-झारखंड विशेष क्षेत्र समिति का सदस्य था। उस पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं तीसरा नक्सली बीरसेन गंझू उर्फ रामखेलावन था, जो क्षेत्रीय समिति का सदस्य था। उस पर 10 लाख रुपए का इनाम था। तीनों नक्सली लंबे समय से झारखंड और बिहार की सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय थे। तीनों कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे थे। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एके-47 सहित कई घातक हथियार बरामद किए हैं। हजारीबाग के एसपी अंजनी अंजन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह सुरक्षा बलों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से संगठन को करारा झटका लगा है। आने वाले दिनों में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस की पकड़ और मजबूत होगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग एसपी,




गिरिडीह एसपी और अन्य वरीय अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक नक्सलियों के खात्मे की दिशा में यह एक अहम सफलता मानी जा रही है। इधर, स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब 4:00 बजे गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। ऐसा लग रहा था कि गांव में कोई हाथी आ गया है और ग्रामीण उसे भगाने के लिए पटाखे फोड़ रहे हैं। सुबह होते ही पता चला कि गांव में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। यह घटना सुबह 4 से 5:15 के बीच हुई। इसके बाद भी रुक-रुक कर गोलीबारी की आवाज आती रही। जिस घर में नक्सलियों ने रात में शरण ली थी, उसके मालिक का नाम शिव राम मांझी है। सुरक्षा बलों को इसकी सूचना मिल गई। उन्होंने उस घर को घेर लिया। दोनों तरफ से अंधाधुंध गोलीबारी हुई। दीवार पर लगे खून के धब्बे और छत पर बिखरे शवों से पता चलता है कि करीब 30 से 40 राउंड गोलियां चली होंगी। गोरहर पंचायत के मुखिया छोटन कुमार कोल ने बताया कि शिव राम मांझी खेती और मजदूरी का काम करते हैं। इस तरह की यह पहली घटना है। गांव में पहली बार इतनी पुलिस गाड़ियां आई हैं। गांव में 10 घर हैं। गांव में किसी तरह की कोई घटना नहीं हुई। नक्सली कैसे आए, इसकी कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि छह महीने के भीतर यह दूसरी बड़ी मुठभेड़ है जिसमें एक करोड़ का इनामी दूसरा माओवादी मारा गया है। इसके पहले सुरक्षा बलों ने 21 अप्रैल को बोकारो जिले में एक करोड़ के इनामी माओवादी विवेक उर्फ प्रयाग मांझी सहित आठ माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। वह मुठभेड़ बोकारो के ललपनिया स्थित लुगुबुरु पहाड़ी की तलहट्टी में हुई थी। 6 महीने के भीतर सहदेव सोरेन भी मुठभेड़ में मारा गया है। मुठभेड़ में मारा गया एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के मंदेरी गांव का रहने वाला था। उसका पूरा नाम अनुज उर्फ सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश उर्फ अमलेश है। माओवादी संगठन में वह केंद्रीय कमेटी का सदस्य था। झारखंड सरकार ने उसपर एक करोड़ का इनाम घोषित कर रखा था। सहदेव सोरेन के मारे जाने के बाद अब झारखंड में एक करोड़ के इनामी माओवादियों की संख्या तीन है। इनमें मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सुनिर्मल उर्फ सागर, असीम मंडल उर्फ आकाश उर्फ तिमिर तथा अनल उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी उर्फ रमेश शामिल हैं।

## अमित शाह ने दी बधाई

हजारीबाग पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन की इस कार्रवाई के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बधाई दी है। साथ ही अमित शाह ने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद उत्तरी झारखंड के बोकारो क्षेत्र से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है, जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद की समस्या से मुक्त होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट लगने से महिला की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के लोकाई थाना क्षेत्र स्थित बलरोटांड गांव में जिउतिया पर्व के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। इस गांव की 36 वर्षीय निर्मला देवी की करंट लगने से मौत हो गई। निर्मला देवी अपने इकलौते पुत्र की लंबी आयु की कामना करते हुए व्रत रख रही थीं। परिवार और गांव में इस घटना से मातम का माहौल है।

### ट्रेन में लूटपाट के दौरान युवक को धक्का देकर गिराया

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के किरीगढ़ा में एक युवक के साथ ट्रेन में लूटपाट का मामला सामने आया है। खलारी निवासी लकी मुंडा बीडी ट्रेन से पतरातू स्थित सोलिया गांव अपने दोस्त के घर जा रहा था तभी रात करीब 12:30 बजे कुछ बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने उन्हें ट्रेन से धक्का दे दिया जिससे पटरियों पर जा गिरा। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू पहुंचाया। डॉ. अमित तिर्की ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**भभुआ (नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के मोहनिया में सोमवार सुबह भभुआ रोड रेलवे स्टेशन से करीब 200 मीटर दूर डीएफसीसी लाइन पर एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। मृतका की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के चौरसिया वार्ड नंबर 1 निवासी बदामी देवी के रूप में हुई है। बदामी देवी जीतिया पर्व के लिए अन्य महिलाओं के साथ वाराणसी गई थीं। सोमवार सुबह वापस लौटने पर भभुआ रोड स्टेशन पर उतरीं। रेलवे ट्रैक पार करते समय वह अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

# विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोगों ने थामा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत दादा पवार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल पटेल, महासचिव बृजमोहन श्रीवास्तव, युवा नेता पार्थ पवार तथा युवा अध्यक्ष धीरज शर्मा के प्रति विश्वास जताते हुए दर्जनों कार्यकर्ता राकांपा परिवार में शामिल हुए। पार्टी की ओर से आयोजित स्वागत कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने नए साथियों का अभिनंदन किया और कहा कि आदिवासी समाज का पार्टी में जुड़ना संगठन की ताकत को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की समस्याओं को लेकर राकांपा गंभीर है और यहां आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती से उठाएगी। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने हरी-नारंगी रंग की टोपी और गमछा पहनकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और राकांपा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले समय में झारखंड की राजनीति में राकांपा अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन का विस्तार गांव-गांव तक करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इस कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को आमजन तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# नक्सली कमांडरों के घर बजेगा ढोल-नगाड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नक्सल प्रभावित इलाकों में आम तौर पर पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ या सर्च आपरेशन की खबरें आती रही हैं लेकिन इस बार पलामू जोन पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ एक बिल्कुल अलग और अनोखा जनसंचार अभियान छेड़ने का निर्णय लिया है। इस अभियान में पुलिस नक्सल कमांडरों के घरों तक ढोल-नगाड़ा लेकर जाएगी। पुलिस का मकसद सिर्फ कार्रवाई तक सीमित नहीं बल्कि गांव-गांव में लोगों को यह बताना है कि आखिर ये नक्सली समाज के लिए कितने खतरनाक और विकास के सबसे बड़े रोड़े हैं। चुनिंदा बड़े नक्सल कमांडरों के घरों पर पहुंचकर पुलिस दल जनता को उनके आपराधिक कारनामों से अवगत कराएंगे। पुलिस की इस नई रणनीति से ग्रामीणों में जिज्ञासा और चर्चा दोनों तेज हो गई है। माना जा रहा है कि ढोल-नगाड़े के जरिए जब गांव-गांव में नक्सलियों के काले कारनामे उजागर होंगे तो जनता भी खुले तौर पर उनका विरोध करेगी और पुलिस के अभियान को समर्थन देगी।

## जनता को दिखाया जाएगा असली सच



इस अभियान के तहत पुलिस न केवल ढोल-नगाड़े बजाएगी बल्कि बैनर-पोस्टर और विजुअल सामग्री के जरिए उन नक्सलियों की पहचान और उनकी कथित वारदातों को सार्वजनिक भी करेगी। उद्देश्य यह है कि ग्रामीणों को समझाया जा सके कि नक्सलियों की राह सिर्फ हिंसा और पिछड़ापन देती है। पुलिस लगातार नक्सलियों से अपील कर रही है कि वे हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटें। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को सरकार की ओर से पुनर्वास योजनाओं और विभिन्न लाभकारी योजनाओं का फायदा दिलाने का आश्वासन दिया जा रहा है। आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि नक्सली कमांडर हीरो नहीं बल्कि समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। उनकी वजह से इलाके का विकास रुक गया है। ढोल-नगाड़ा के साथ गांव-गांव जाकर जनता को जागरूक किया जाएगा। पलामू, गढ़वा और लातेहार के एसपी को अभियान की टास्किंग दी गई है। नक्सलियों की संपत्ति जांच और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आईजी ने कहा कि नक्सलियों के परिवार व स्वजन से बातचीत कर स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है ताकि उन्हें समाज से अलग-थलग कर विकास की राह खोली जा सके।

# आधुनिक भारत के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के शौर्य भवन में सोमवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती को अभियंता दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। जेईएसए अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित 58वें अभियंता दिवस समारोह का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद और पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच अभियंताओं सत्येंद्र कुमार सिंह, देवाशीष लहरी, अभिनंदन कुमार, विजय शंकर और मो. जमील अख्तर को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम




के सहयोगियों और प्रायोजकों को भी सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका हमेशा अहम रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भी तिलैया डैम जैसे दशकों पुराने निर्माण मजबूत हैं जबकि हाल के कई स्ट्रक्चर कमजोर साबित हो रहे हैं। इंजीनियरों को टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इंजीनियरों को राज्य के विकास का वास्तविक निर्माता बताते हुए इंजीनियर अकादमी के गठन, जमीन उपलब्ध कराने और प्रमोशन नियमों में सुधार का आश्वासन दिया। वहीं पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इंजीनियरों को निर्माण और विकास का स्तंभ बताते हुए कहा कि आधुनिक झारखंड के इतिहास में उनका योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने सिरमटोली ब्रिज को इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस दौरान इंजीनियर संघ की ओर से ट्रेनिंग सेंटर, संघ के लिए जमीन और 60-40 पॉलिसी पर पुनर्विचार जैसी मांगें भी मंत्रियों के समक्ष रखी गईं। प्रधान सचिव मस्तराम मीणा ने कहा कि विश्वेश्वरैया का जीवन भले 101 वर्षों तक रहा हो लेकिन उनकी उपलब्धियां सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेंगी। अभियंता दिवस का यह आयोजन न केवल अभियंताओं के सम्मान का प्रतीक बना बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता रहा।

# छापेमारी में सैकड़ों गैलन कच्चा स्पिरिट बरामद, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के हेठनगर स्थित एक होटल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में कच्चा स्पिरिट और दो कार बरामद किए हैं। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने होटल संचालक समेत कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बिहार के उत्पाद विभाग और झारखंड रांची एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) के संयुक्त इनपुट के आधार पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार उत्पाद विभाग को सूचना मिली थी कि झारखंड के गिरिडीह जिले में अवैध तरीके से कच्ची स्पिरिट स्टोर कर बिहार भेजा जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर एटीएस और गिरिडीह पुलिस को जानकारी साझा की गई। सूचना मिलते ही गिरिडीह एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ सुमित कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में निमियाघाट पुलिस थाना प्रभारी सहित दल बल को शामिल किया गया और हेठनगर स्थित उक्त लाइन होटल में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान होटल परिसर में छिपाकर रखे गए सैकड़ों गैलन में भरा हुआ कच्चा स्पिरिट बरामद किया गया। बताया जाता है कि यह छापेमारी अभियान रविवार देर रात से सोमवार की सुबह तक चली। वहीं रात में एटीएस की टीम पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए मौके पर स्पिरिट के गैलन की गणना करते हुए निमियाघाट पुलिस को सुपुर्द कर चली गई। इस क्रम में होटल मालिक बबलू महतो, मैनेजर मनोज महतो, बरही निवासी सुनील कुमार, नवादा के मिथुन पासवान तथा नालंदा के योगेंद्र महतो को गिरफ्तार किया है।

# ट्रेन से कटकर दो बैंकों में कार्यरत दो बहनों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौक के पास हाजीपुर-मुजफ्फरपुर डाउन लाइन पर सोमवार सुबह दो युवतियों की लाश मिली। आशंका जताई जा रही है कि दोनों की मौत ट्रेन से कटकर हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए। मृतक युवतियां आपस में सगी बहनें थीं और पटना जिले के दानापुर की रहने वाली बताई गई हैं। पुलिस को मौके से उनका बैग, लैपटॉप, मोबाइल फोन और नाश्ते का टिफिन मिला है। जानकारी के अनुसार बड़ी बहन स्वाति कुमारी (27 वर्ष) केनरा बैंक में पीओ के पद पर जबकि छोटी बहन सुरुचि (25 वर्ष) एसबीआई में क्लर्क के पद पर कार्यरत थीं। एक बहन केनरा बैंक की अधिकारी और दूसरी स्टेट बैंक में क्लर्क थीं। बैंक अधिकारी के पति रक्षा मंत्रालय में दिल्ली में अधिकारी हैं। उन्हीं के कॉल से महिला की पहचान हुई। पुलिस ने मोबाइल फोन से दोनों की पहचान की और परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि दोनों बहनें रोजाना दानापुर से मुजफ्फरपुर इंटरसिटी ट्रेन से ड्यूटी करने आती-जाती थीं। जानकारी के मुताबिक स्वाति की शादी इसी वर्ष फरवरी में मधुबनी जिले में हुई थी। उनके पति दिल्ली में डिफेंस विभाग में पदस्थापित हैं। घटनास्थल पर जांच के दौरान एक बहन के कान में इयरफोन लगा मिला है।

# दुर्गा पूजा के रंग में डूबने को तैयार है राजधानी रांची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची दुर्गा पूजा की तैयारियों में रंगने लगी है। हर साल की तरह इस बार भी शहर के पूजा पंडाल अपनी भव्यता और अनोखी थीमों से लोगों को आकर्षित करेंगे। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे इन पंडालों में कंबोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर से लेकर वृंदावन के प्रेम मंदिर तक की झलक देखने को मिलेगी। अपर बाजार स्थित सत्य अमर लोक पूजा समिति ने इस वर्ष कंबोडिया के विश्वविख्यात अंकोरवाट मंदिर को थीम बनाया है। समिति अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम बंगाल से आए कारीगर इस पंडाल को आकार दे रहे हैं। लगभग 90 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। राजस्थान मित्र मंडल ने शिक्षा पद्धति को थीम बनाया है। समिति के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में अभिभावक



बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं और मोबाइल पर निर्भर हो रहे हैं। इसी विषय पर पंडाल में मोबाइल से होने वाले नुकसान और पारंपरिक शिक्षा पद्धति की अहमियत को झांकी के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं हरमू स्थित पांचमुखी मंदिर परिसर में इस बार वृंदावन के प्रेम मंदिर का अद्भुत स्वरूप तैयार किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष मनोज पांडेय उर्फ बबलू ने बताया कि इसकी लागत लगभग 75 लाख रुपये है। यहां भी पश्चिम बंगाल से आए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। स्थानीय श्रद्धालु पवन लोहिया, आशीष डालमिया, शंभू अग्रवाल, सचिन अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल ने कहा कि हर साल रांची के तीन से चार पूजा पंडाल अपनी अनोखी थीम से अलग पहचान बनाते हैं। खासकर बकरी बाजार स्थित सत्य अमर लोक समिति का पंडाल सबसे अलग होता है। इस बार अंकोरवाट मंदिर का स्वरूप देखकर उन्हें खासा गर्व और खुशी हो रही है। पूजा समितियों के पदाधिकारियों का कहना है कि रांची के पंडाल हर साल नई थीम और सजावट से लोगों को चौंकाते हैं। बकरी बाजार स्थित सत्य अमर लोक समिति का पंडाल अपनी भव्यता के लिए मशहूर है। वहीं दुर्गा बड़ी स्थित बंगाली समाज का पंडाल अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों के लिए खास पहचान रखता है, जहां विसर्जन के दिन सिंदूर खेला का आयोजन होता है। दस दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में इस बार भी रांचीवासियों को अद्भुत कलात्मकता, परंपरा और आधुनिक संदेशों का संगम देखने को मिलेगा।

CMYK

# उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

## जिले के सभी अस्पतालों के ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़े एवं रेफर मरीजों की संख्या घटे : उपायुक्त

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर स्वास्थ्य विभाग के अलग-अलग सूचकांकों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं संस्थागत डिलीवरी की समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि पिछले माह की तुलना में इस माह संस्थागत डिलीवरी के आंकड़ो में सुधार हुआ है। जुलाई माह में 79 प्रतिशत था जबकि अगस्त में यह बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया है। इसपर उन्होंने इसमें और बढ़ोतरी लाते हुए संस्थागत डिलीवरी को शत-प्रतिशत कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही।डीसी ने सभी सीएचसी प्रभारी को उनके यहां के निजी होस्पिटल में होने वाले डिलीवरी का



डाटा शतप्रतिशत संकलन करने पर बल दिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी ने कहा कि आमजनों के तरफ से विभिन्न सीएचसी द्वारा सामान्य मामलों को लेकर भी एमएमसीएच रेफर किये जाने की शिकायतें आ रहीं है। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों से बगैर उचित कार्यों के एमएमसीएच में मरीजों को रेफर करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने सभी सीएचसी में ओपीडी को बढ़ावा देने और रेफरल सिस्टम को कम करने की दिशा में कार्य करने की बात कही। बर्थ डोज इम्यूनाइजेशन की समीक्षा के दौरान चैनपुर, हुसैनाबाद और पांकी को सुधार लाने के निर्देश दिये गये।

### आयुषमान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश

आयुषमान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा में डीसी ने पाया कि जिले में कुल 1907492 लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है जिसके विरुद्ध अबतक 883677 लाभुकों का ही कार्ड बन गया है जो 46 प्रतिशत है। उन्होंने कार्ड बनाने में कहां और किस स्तर पर समस्या आ रही है उसके कारणों की समीक्षा की। उन्होंने सभी को पीवीटीजी क्षेत्रों में लगाए जाने वाले कैम्पों में अधिकाधिक कार्ड बनाने पर बल दिया। बैठक में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपचार पर भी विशेष चर्चा हुई। इसी तरह उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन फैमिली प्लानिंग, जन्म लेने वाले बच्चों के सभी आवश्यक टीकाकरण, इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग स्टेटस, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग/गंभीर बीमारी योजना की समीक्षा की।मौके पर डीआरसीएचओ डॉ अवधेश डीपीम डीएएम डीडीएम, बीपीएम, बीएएम, बीडीम के अलावे सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने पेंशन अदालत से संबंधित की बैठक, दिये जरूरी दिशा-निर्देश



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बैठक में उपायुक्त ने लंबित मामलों पर गंभीरता दिखाते हुए नियमानुसार निष्पादित करने का दिशा-निर्देश समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में पेंशन अदालत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में उपायुक्त ने विभागवार पेंशन से सम्बंधित लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की तथा लंबित मामलों पर गंभीरता दिखाते हुए नियमानुसार निष्पादित करने का दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने अपने यहां पेंशन से जुड़े लंबित मामलों को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित कराएं। साथ ही समय समय इसकी समीक्षा करें। आगे उपायुक्त ने समाहरणालय में उपस्थित पेंशनधारियों से बात कर उनकी शिकायतों को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को लंबित मामलों का निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिए। मौके पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी, सभी कार्यालय प्रधान समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मध्यस्थता के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** माननीय उच्च न्यायालय झारखंड एवं झालसा रांची के आदेशानुसार विभिन्न वाद-पूर्व एवं लंबित मामलों मैं मध्यस्थता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसमें मामलों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने के लाभ के विषय में बताया गया है, जो कि इस प्रकार है मध्यस्थता क्या है और इसका उद्देश्य क्या है मध्यस्थता मीडिएशन एक स्वैच्छिक वॉल्यून्तारी पक्ष केन्द्रित पार्टी सेंट्रक वार्ता प्रक्रिया है, जिसमें एक निष्पक्ष तृतीय पक्ष, जिसे मध्यस्थ मीडिएटर कहा जाता है, विशेष संवाद और वार्ता की विधियों का उपयोग करके पक्षकारों को उनके विवाद सुलझाने में सहायता करता है। इसमें यह निर्णय पक्षकार स्वयं लेते हैं कि वे समझौता करना चाहते हैं या नहीं और यदि करते हैं, तो उसकी शर्तें क्या होगी। निर्णय मध्यस्थ का नहीं होता। जब समझौते की शर्तों पर दोनों पक्ष सहमत होकर हस्ताक्षर कर देते है और मध्यस्थ भी उसपर हस्ताक्षर करता है, तो वह समझौता अदालत के आदेश की तरह बाध्यकारी और लागू करने योग्य बिंडिंग & इनफोर्सबल हो जाता है मध्यस्थता में साक्ष्य एविडेंस या प्रक्रिया प्रोसीजर के नियम लागू नहीं होते। बातचीत गोपनीय कॉन्फिडेंशियल होती है और बिना पूर्वाग्रह' विथाउट प्रेजुडाइस के आधार पर होती है। अर्थात इसे अदालतों में उपयोग नहीं किया जा सकता यदि मध्यस्थता में समझौता नहीं हो पाता है, तो पक्षकार हमेशा अदालत या पंच अरबिंत्राटरके पास वापस जा सकते हैं मध्यस्थता क्यों चुनें मध्यस्थता की चरणबद्ध प्रक्रिया मध्यस्थता के लिए कौन जा सकता ह कोई भी व्यक्ति, कम्पनी या समूह, जो विवादों सम्भावित विवादों से बचना या उन्हें समाप्त करना चाहता है, मध्यस्थता उचित विवादों की सूची निम्नलिखित है, परंतु मध्यस्थता केवल इन्हीं विवादों तक सीमित नहीं है वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता विवाद, वैवाहिक या पारिवारिक विवाद, अनुबंध आधारित कार्य और भुगतान से संबंधित विवाद, प्रसारण और दूरसंचार संबंधी विवाद, रोजगार या कार्यस्थल से जुड़े विवाद, चेक वापसी, किरायेदारी या संपत्ति विवाद, कुछ विशेष आपराधिक विवाद इत्यादि

**मध्यस्थता के लिए कहाँ, कब और कैसे जाएँ?**

कहाँः न्यायालय से संबद्ध मध्यस्थता केंद्र या सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार या न्यायालय द्वारा निर्देशित किसी अन्य मध्यस्थता संस्था अथवा मध्यस्थ के पास ।

**कब और कैसेः मुकदमे के लम्बित रहने के दौरान**

न्यायालय या मध्यस्थ के समक्ष मुकदमे में पक्षकार किसी भी स्तर पर मध्यस्थता के लिए जाने के लिए सहमत हो सकते है और न्यायालय से अनुरोध कर सकते हैं कि मामले को न्यायालय से संबद्ध मध्यस्थता केन्द्र या किसी अन्य मध्यस्थता संस्था या किसी प्रतिष्ठित मध्यस्थ के पास मध्यस्थता के लिए भेजा जाए।

# सियरकोनी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** रविवार देर रात सियरकोनी घाटी स्थित एक लाइन होटल के पास भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 84 वर्षीय वृद्ध घनश्याम यादव, पिता धर्म यादव, निवासी ग्राम करिहारी, गिरिडीह की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक तीर्थ यात्रा से अपने घर करिहारी लौट रहे थे। रास्ते में रात करीब 10 बजे वे सियरकोनी घाटी के पास स्थित एक होटल पर चाय-नाश्ता करने रुके थे। इसी दौरान अचानक एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि शव के कई हिस्से अलग हो गए, जिन्हें एम्बुलेंस चालक शक्ति ने मौके पर चुन-चुनकर प्लास्टिक बैग में एकत्र किया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया, जिसे एंबुलेंस के माध्यम से गिरिडीह भेजा गया।

# उप विकास आयुक्त ने की केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली समीक्षा बैठक, दिये जरूरी दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार में आज उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण प्रणाली सीपी ग्रामसभा की समीक्षा बैठक की। बैठक में पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने का 6 निर्देश दिया। पोर्टल में विशेष रूप से जिन विभाग के मामले लंबित थे उसको 2 दिनों के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

सीपी ग्रामसभा एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से कोई नागरिक किसी भी विभाग से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। यह प्रणाली शिकायतों के पंजीकरण, उनका मॉनिटरिंग, संबंधित विभागों को फॉरवर्डिंग और समाधान की समयबद्धता सुनिश्चित करता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ट्रैकिंग सुविधा के माध्यम से देख सकते है। दूरदराज के लोगो को इस सुविधा के माध्यम से काफी सहायता मिली है। इस ऑनलाइन प्रणाली से, विभागीय जवाबदेही और लोक शिकायत निवारण में काफी सहायता मिली है। यह समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करता है। सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे किसी भी सरकारी सेवा या विभाग से जुड़ी समस्या या शिकायत होने पर ववव.पीजीपोर्टल.गोव.इन पर लॉग इन कर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है।

# पलामू पुलिस अधीक्षक ने शहीद जवानों के परिवार से मिल बंधाया ढांढस, दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पिछले दिनों नक्सली मुठभेड़ में शहादत देने वाले हैदरनगर क्षेत्र के बरेवा व परता के शहीद जवानों के परिवार से मिली। परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने विनम्र भाव से पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। एसपी ने कहा कि शहीद जवानों ने देश व समाज की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। पलामू पुलिस और पूरा



जिला उनके परिवार के साथ खड़ा है।

एसपी के इस कदम से शहीद परिवारों की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने भी बताया कि उन्हें यह संतोष है कि उनके लाल ने मातृभूमि के लिए अपना प्राण न्योछावर किया। शहीदों के सम्मान में क्षेत्र का वातावरण गमगीन होकर भी गर्व से भर उठा है। शहीदों के प्रति एसपी की इस श्रद्धांजलि ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पलामू के वीरों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी व नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार जारी रहेगा।

# समाहरणालय स्थित जिला कोषागार शाखा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित जिला कोषागार शाखा का आज उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी श्री रामनिवास यादव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से परीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विपत्र पारित करने की प्रक्रिया की गहन समीक्षा की और उसमें पारदर्शिता एवं त्वरितता लाने पर बल दिया। उन्होंने कोषागार में रखे जाने वाले महत्वपूर्ण पंजियों, अभिलेखों एवं रिकार्ड का अवलोकन कर कर्मियों को उनके समुचित संधारण एवं सुरक्षित रख-रखाव का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी कर्मी कार्यालय में नियत समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं कार्यों का निष्पादन अनुशासन एवं उत्तरदायित्व के साथ रखें ।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्ट्रांग रूम में रखे गए मुद्रांक, मूल्यवान दस्तावेज एवं अभिलेख को पूर्ण सुरक्षा मानकों के अनुरूप रखा जाए तथा नियमित अंतराल पर उनकी जांच भी की जाए निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मियों से उनके कार्य से संबंधित जानकारियाँ भी प्राप्त कीं। कोषागार शाखा का कार्य और अधिक कुशल, पारदर्शी एवं समयबद्ध से करने हेतु निदेशित किया इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह श्रीकांत विस्पुते, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ श्री अनिमेष रंजन, जिला कोषागार पदाधिकारी श्री अनंत मिश्रा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने पदाधिकारियों संग उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की

## गुणवत्ता के साथ योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने का दिया निर्देश

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय तकनीकी पदाधिकारियों संग महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड,भवन प्रमंडल मेदिनीनगर,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पलामू, एनआरईपी पलामू, सिचाई प्रमंडल पलामू,लघु सिचाई प्रमंडल पलामू, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, तथा जिला परिषद के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण व विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया।कई विभागों द्वारा बारिश के कारण कार्य प्रभावित होने की बात कही



गयी।डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में सभी तकनीकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधूरे कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**भूमि उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को लेकर मंगलवार को आयोजित डीएलसीसी बैठक में प्रतिवेदन के साथ शामिल होने के निर्देश**

समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के तरफ से भूमि उपलब्धता से जुड़ी अड़चनों को लेकर कार्य प्रारंभ नहीं होने का मामला प्रकाश में आया,इसपर उपायुक्त ने ऐसे सभी अभियंताओं से कहा कि जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पूरी रिपोर्ट के साथ मंगलवार को सभागार में होने वाली जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में शामिल होना सुनिश्चित करें ताकि संबंधित सीओ साथ बैठक कर जमीन से जुड़ी समस्या को समाप्त कर कार्य प्रारंभ किया जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन समेत संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26 का 18-19 सितंबर को गिरिडीह में किया जायेगा आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, राँची द्वारा आयोजित 'प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26' का जिला स्तरीय आयोजन 18 एवं 19 सितम्बर 2025 को गिरिडीह +2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान ब्यूटी फील्ड गिरिडीह में किया जा रहा है। राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 24 एवं 25 सितम्बर 2025 को राँची में आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी एवं कुश्ती खेलों में जिला स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जा सके।

जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता, राँची 24 एवं 25 सितम्बर 2025 में भाग लेने का मौका मिलेगा। आगे चलकर राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को आवासीय क्रिड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, जे.एस.एस.पी.एस. प्रशिक्षण केन्द्र, खेल गांव, राँची एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश का अवसर प्राप्त होगा। आवासीय क्रिड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे.एस.एस.पी.एस. प्रशिक्षण केन्द्र के लिये गिरिडीह जिला स्तर पर फुटबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी एवं कुश्ती खेलों के लिए ट्रायल होंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिये गिरिडीह जिला स्तर पर फुटबॉल, बैडमिंटन एवं कुश्ती खेलों के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। पात्रता व प्रवेश प्रपत्र एलिजिबिलिटी & एंट्री फॉर्म प्रतिभागियों के लिए पात्रता मानदंड एवं प्रवेश प्रपत्र जिला प्रशा सन की वेबसाइट ववव. गिरिडीह. एनआईसी. इन पर उपलब्ध हैं आवासीय क्रिड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एवं जे.एस.एस.पी.एस. प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश हेतु आयु सीमा 10 से 14 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना वित्तीय वर्ष 2025-26 के 1 अप्रैल 2025 के आधार पर की जाएगी। इस तिथि को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों और 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की हो तभी पात्र माने जाएँगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश केवल उन खिलाड़ियों के लिए होगा, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी/ राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया हो। आयु सीमा 16 से 22 वर्ष के बीच होगी उम्र की गणना वित्तीय वर्ष 2025-26 के 1 अप्रैल 2025 के आधार पर की जाएगी। इस तिथि को 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हों और 22 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं की हो तभी पात्र माने जाएँगे प्रवेश के लिए वैध जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा प्रतिभागियों का चयन बैटरी टेस्ट एनएसटीसी नॉर्म्स और स्पेशफिक स्किल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। प्रतिभागी खिलाड़ी आवश्यक खेल किट के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थित होंगे प्रतिभागी खिलाड़ी आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे खाली आवेदन पत्र आयोजन स्थल पर भी उपलब्ध होगा।

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** श्याम मंदिर भवन में गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा 9वी जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों और क्लबों के 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया उद्घाटन समारोह में भाजपा महिला मोर्चो की राज्य उपाध्यक्ष विनीता कुमारी,राहुल एजेंसी के राहुल कुमार, भारत विकाश परिषद के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जेएमएम क्रीड़ा कोश के जिला अध्यक्ष नुरुल होदा ,श्री गुरुनानक विद्यालय के सचिव कुंवरजीत सिंह दुआ और सलूजा गोल्ड इंटरनेशन स्कूल के सिनियर एडमिस्ट्रेट रूपा मुद्रा उपस्थित थे सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर इस प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।

वही मुख्य अतिथि विनीता कुमारी ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा और शारीरिक स्वस्थ के दृष्टि से बहुत ही लाभकारी खेल है और चुकी ताइक्वांडो ओलिंपिक खेलो में शामिल है तो बच्चे इस खेल में अपना सुनहरा भविष्य भी बना सकते है और उन्होंने कहा कि लड़कियों को ताइक्वांडो तो हर हाल




में सीखना ही चाहिए उन्होंने ताइक्वांडो संघ और ताइक्वांडो खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया वही समापन समारोह में जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला और पूर्व ताइक्वांडो खिलाड़ी सुदामा सिंह उपस्थित हो कर सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और सर्टिफिकेट प्रदान किया जिला खेल पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि खिलाड़ी को जीत के लिए निरंतन मेहनत करते रहना चाहिए उन्होंने बताया कि वो भी ताइक्वांडो के खिलाड़ी रहे है इस लिए उन्हें पता है कि इस खेल में कितना मेहनत करना पड़ता है इस लिए सभी खिलाड़ी खूब मेहनत करे ताकि वो एक दिन देश के लिए पदक जीत सके जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन चार आयु वर्ग के अलग अलग वेट केटेगरी में कराया गया था जिसमें खिलाड़ी ने एक से एक किकिंग स्किल को दिखाया जिसे देख अतिथिगण भी आश्चर्चकित ही गए। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता को सुचारू और बिना किसी डिस्प्यूट के हो इसके लिए निर्णायकों को कोडरमा और धनबाद से भुलाया गया था जिसमें झारखंड रेफरी चीफ अमर बावरी के अलावा कोडरमा के राजेंद्र कुमार,धनबाद की ज्योती कुमारी, नीतू कुमारी और ओमप्रकाश शामिल थे। इस प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक जीत कर के-टाइगर क्लब गिरिडीह विजेता टीम रही वहीं के-टाइगर क्लब बनियाडीह उपविजेता रही इस प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु आर्थिक सहयोग देने के लिए गोवर्धनलाल नर्सिंग होम के डॉ विकास लाल, ओम इंटरप्राइजेज के मनोहर वर्मा,गिरिडीह कॉलेज की प्रोफेसर सह समाजसेवी विनीता कुमारी, राहुल एजेंसी के राहुल कुमार का अहम योगदान रहा जिसके लिए गिरिडीह ताइक्वांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट किया इस पूरी प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक सफल करने में गिरिडीह जिला योगासना स्पोर्ट संघ के मुख्य संरक्षक राजेश जलान, क्रीड़ा भारती के सुधीर आनंद के अलावा गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ के के मुख्य संरक्षक निर्भय शाहबादी, अध्यक्ष सुमीर शर्मा,महासचिव अमित स्वर्णकार, सह सचिव रोहित राय, शशिकांत विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष आकाश कुमार स्वर्णकार के अलावा,हर्ष कुमार सिंह, अभिजीत सिंह,अभिषेक कुमार, आसी सिमर, स्मिता, कन्हैया का अहम योगदान रहा।

# विधिक परिषद भवन का शिलान्यास आज सीएम और मुख्य न्यायाधीश रहेंगे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी**। जिले में विधिक संरचनाओं के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम के तौर पर आज खूंटी कचहरी मैदान में विधिक परिषद भवन का शिलान्यास किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायाधीश वर्चुअल माध्यम से चांडिल और चाईबासा बार भवन का भी शिलान्यास करेंगे। जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त आर. रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने सोमवार को प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की। इस दौरान मंच व्यवस्था, स्वागत एवं प्रोटोकॉल, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि आम नागरिकों और आगंतुक अतिथियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला प्रशासन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल और गरिमामय बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कर ली गई हैं।



**चांडिल एवं चाईबासा बार भवन का भी वर्चुअल माध्यम से करेंगे शिलान्यास**

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई में नौ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि दिनांक 14 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध में दो एवं अन्य मामलों में चार गिरफ्तारियां कुल नौ अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 15 लीटर महुआ शराब एवं 60 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। वारंट निष्पादन की संख्या शून्य रही। वाहन जांच अभियान के दौरान 112 वाहनों की जांच की गई तथा 48 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत दो ट्रैक्टर, एक स्कूटी, एक कार एवं गैस एक चूल्हा की बरामदगी भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

# पीवीयूएनएल पतरातू में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू (रामगढ़)**। पीवीयूएनएल पतरातू में इस वर्ष भी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। यह आयोजन 14 से 30 सितम्बर तक चलेगा। इस अवधि में विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। हिंदी पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ सोमवार को परियोजना परिसर में हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सेहगल ने उपस्थित महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कार्य एवं संवाद की भाषा के रूप में हिंदी को अपनाने की शपथ दिलाई। श्री सेहगल ने अपने उद्बोधन में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी न केवल हमारी मातृभाषा है, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक पहचान की भी प्रतीक है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे कार्य क्षेत्र और दैनिक संवाद में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।



# 25 साल पहले नक्सलियों ने उड़ाया था आवासीय विद्यालय मंत्री चमरा लिंडा ने की पुनर्निर्माण की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद**। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को धनबाद पहुंचे, जहां सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा महतो से मुलाकात की और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री लिंडा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वर्ष 2000 में नक्सलियों द्वारा पलमा स्थित एक आदिवासी आवासीय विद्यालय को विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया था। विस्फोट के बाद विद्यालय का संचालन बंद हो गया और अब तक इसका पुनर्निर्माण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि अब उस विद्यालय को दोबारा शुरू करने की योजना है और इसके लिए करीब 46 लाख रुपये का फंड आवंटित किया गया है। हजारीबाग में हाल ही में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री लिंडा ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से झारखंड से नक्सलियों का सफाया होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि उस दौर में माओवादी गतिविधियाँ इतनी हावी थीं कि मतदान भी प्रभावित होता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं और आने वाले समय में नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। मंत्री लिंडा ने यह भी कहा कि वे गुरुजी के पोखरिया आश्रम जाकर मिट्टी को नमन करेंगे। उन्होंने इस पहल को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आदिवासी बच्चों की शिक्षा में बाधा बने उस विद्यालय को पुनः खड़ा करना समय की आवश्यकता है।



# भौंरा में बीसीसीएल के दो कार्यालय जलमग्न, सी-2 पैच में उत्पादन ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद**। सोमवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश ने पूर्वी झरिया क्षेत्र में जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। बारिश का पानी बीसीसीएल के पूर्वी झरिया क्षेत्रीय कार्यालय परिसर स्थित आंतरिक सुरक्षा बल (आइएसओ) कार्यालय और भौंरा कोलियरी स्थित कार्मिक विभाग के कार्यालय में घुस गया, जिससे दोनों दफ्तर जलमग्न हो गए। पानी घुसने से अलमारी में रखी फाइलें और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भीग गए। स्थिति बिगड़ने पर कर्मियों ने आनन-फानन में फाइलें और अन्य कागजात सुरक्षित स्थान पर रखे। कार्मिक विभाग कार्यालय से पानी बाहर निकालने के लिए टुल्लू पंप का सहारा लिया गया और कर्मचारियों ने मिलकर पानी निकासी का कार्य किया। दूसरी ओर, लगातार हो रही बारिश के कारण भौंरा सी-2 पैच में कोयला उत्पादन पूरी तरह ठप रहा।



**नाले की सफाई नहीं होने से बिगड़े हालात**

कर्मचारियों ने बताया कि हर साल मानसून से पहले नाले की सफाई कराई जाती थी, जिससे पानी निकल जाता था। लेकिन इस वर्ष प्रबंधन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया गया। नाला पूरी तरह जाम होने के कारण पानी दफ्तरों और परिसर में घुस गया। इससे न केवल कार्य प्रभावित हुआ बल्कि कार्यालय के मेन गेट से लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो गया।

# इंजीनियर्स डे पर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को किया नमन, इंजीनियर्स एकेडमी खोलने की उठी मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची**। अभियंता दिवस के अवसर पर सोमवार को रांची स्थित शौर्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन झारखंड इंजीनियरिंग सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से किया गया, जिसमें मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र महतो समेत बड़ी संख्या में अभियंता उपस्थित रहे। इस मौके पर एसोसिएशन ने राज्य में इंजीनियर्स एकेडमी की स्थापना की मांग रखी, ताकि स्थानीय अभियंताओं को उन्नत प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि समाज इंजीनियरों को विकास की धुरी मानता है। इंजीनियर केवल निर्माण ही नहीं बल्कि नई संभावनाओं की राह भी खोलते हैं। झारखंड को विकसित राज्य बनाने में अभियंताओं का योगदान बेहद अहम है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक झारखंड के निर्माण में इंजीनियरों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, "हम देखते हैं कि सौ साल पुराने निर्माण आज भी मजबूती से खड़े हैं, जबकि हाल में बने कई ढांचे कमजोर साबित हो जाते हैं। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।" उन्होंने संघ की मांगों को उचित बताते हुए आश्वासन दिया कि उनके समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अभियंताओं ने संकल्प लिया कि अपने तकनीकी कौशल से झारखंड को समृद्ध और सशक्त बनाने में वे अग्रणी भूमिका निभाएंगे।




# बस हादसे में मासूम की मौत, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढाढ़स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज शिवगंज पथ स्थित कियाखाप गांव के पास रविवार को हुए सड़क हादसे में खजुओतिया गांव निवासी पिंटू कुमार यादव का 8 वर्षीय पुत्र यीशु कुमार की मौत हो गई थी। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद सोमवार को पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव एवं समाजसेवी महफूज आलम पीड़ित परिजनों से मिले और उन्हें ढाढ़स बंधाया। डॉ. यादव ने इस दर्दनाक हादसे को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताते हुए पीड़ित परिवार को सरकारी मुआवजा एवं पारिवारिक लाभ की राशि दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने वरीय अधिकारियों से मांग की कि घनी आबादी वाले कियाखाप गांव में जल्द से जल्द फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं टाली जा सकें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बच्चों को सड़क पार कराते समय विशेष सतर्कता बरतें। समाजसेवी महफूज आलम ने कहा कि यह हादसा अत्यंत हृदयविदारक है, क्योंकि मासूम की मौत उसके नाना के सामने हुई। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि छोटे बच्चों पर विशेष निगरानी रखें ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। इस मौके पर कांग्रेस नेता बिजेंद्र सिंह, राजनंदन यादव, मनोज यादव, धर्मेंद्र यादव समेत कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

# बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 हेतु व्यय लेखा अनुश्रवण से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के मद्देनजर तथा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग से संबंधित विभिन्न दलों हेतु प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण में व्यय लेखा अनुश्रवण कार्य से जुड़े दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं संलग्न कर्मियों के साथ-साथ निर्वाचन में संलग्न दलों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भूमिका एवं उत्तरदायित्व से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान व्यय लेखा अनुश्रवण, संदेहास्पद व्यय की जांच, सतर्कता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु दिशानिर्देशों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण नोडल पदाधिकारी (व्यय लेखा अनुश्रवण) सह संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, जहानाबाद के द्वारा किया गया।इस अवसर पर निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया कि व्यय लेखा अनुश्रवण कार्यवाही पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पवित्रता एवं पारदर्शिता कायम रह सके।

# जन सुराज की सरकार बनी तो हर बुजुर्ग को दो हजार रुपए मासिक सम्मान राशि : डॉ. अभिराम शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। स्थानीय नगर परिषद के वार्ड नंबर पांच में जन सुराज पार्टी के बैनर तले सोमवार को बिहार बदलाव सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी नेता डॉ. अभिराम शर्मा ने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में अगर जन सुराज पार्टी सत्ता में आई तो हर बुजुर्ग को दो हजार रुपए मासिक सम्मान राशि मिलेगी। इस बार छठ के बाद लोगों को रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बिहार की तेरह करोड़ जनता से यह वादा किया है। परिवार लाभ कार्डधारक महिलाओं को रोजगार के लिए कम ब्याज पर पूंजी दी जाएगी। इससे गरीबों के घरों की आर्थिक हालात बदलेंगे। इस दौरान पार्टी नेता अभिराम शर्मा ने लोगों को बताया कि जहानाबाद के गांधी मैदान में आगामी 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे प्रशांत किशोर एक महती सभा को संबोधित करने आ रहे हैं। इधर स्थानीय स्तर पर भी पार्टी के नेता पंचायत स्तर पर सभाएं कर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जानकारी दे रहे हैं। सोमवार से ही दर्जनों गाड़ियों के साथ जहानाबाद और घोसी विधान सभा क्षेत्र में बिहार बदलाव यात्रा शुरू की गई है। डॉ. शर्मा ने आगे कहा कि उनकी पार्टी बिहार में व्यवस्था में बदलाव करना चाहती है। बिहार से अगर पलायन को रोकना है, शिक्षा में सुधार करना है, भ्रष्टाचार को खत्म करना है, लाखों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है तो व्यवस्था में बदलाव करना होगा। डॉ. शर्मा ने बिहार में पिछले चार दशकों से सत्ता पर काबिज राजनीतिक पार्टियों के क्रियाकलापों की चर्चा की और प्रदेश की दुर्दशा के लिए नेताओं को जिम्मेवार ठहराया। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे नेताओं ने केवल अपने परिवारों का भला किया। बिहार की आम जनता के दुख दर्द को नहीं समझा। इस मौके पर महिलाओं के बीच परिवार लाभ कार्ड का वितरण किया गया और उन्हें बताया गया कि जन सुराज की सत्ता आने पर लाभ कार्डधारी हर परिवार को बीस हजार रुपए तक का लाभ मिलेगा। साठ वर्ष से ऊपर हर महिला पुरुष को दो-दो हजार रुपए सम्मान राशि मिलेगी। खेती को मनरेगा से जोड़ा जायेगा। आमदनी वाली खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। सभा में डॉ. अभिराम शर्मा ने कई महिलाओं और पुरुषों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।



# उमगा पहाड़ पर अब तक नहीं हुआ रोपवे का निर्माण, पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने भी रोपवे बनाने की कही थी बात

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर स्थित उमगा पहाड़ के आकर्षक पहाड़ियों में अबतक रोपवे का निर्माण नहीं कराया गया है। बता दें कि वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद यहां दौरा किए थे। सीएम ने उमगा पहाड़ पर पर्यटन की व्यापक संभावनाएं की बात कहते हुए रोपवे निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। बिहार पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव को भी उमगा में रोपवे निर्माण और पर्यटन के क्षेत्र में अन्य बिदुओं पर काम करने का निर्देश दिया था। यहां तक की इसके पहले 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी मुख्यमंत्री रहते उमगा के दौरा पर पहुंचे थे और रोपवे निर्माण कराने की बात कही थी। उन्होंने 52 लाख रुपये उमगा को जारी भी किया था। जिससे विवाह मंडप, शौचालय, पाथवे सहिज का काम किया गया था परंतु आज तक रोपवे का निर्माण नहीं हुआ। क्षेत्र के लोग अब यहीं क्यास लगा रहे थे है कि आखिरकार उमगा पहाड़ पर कबतक रोपवे का निर्माण कराया जाता है। बता दें कि मदनपुर का उमगा पहाड़ पर रोपवे निर्माण होने के के बाद राजगीर जैसे खुबसूरत दिखेगा। क्योंकि उमगा की पहाड़ियां हर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता था। आकर्षक पहाड़ियां और उसके ऊपर मंदिरों का श्रृंखला अद्भुत है। यह पहाड़ी काफी लंबा है। वहीं पहाड़ी के एक सिरे पर औरंगाबाद है तो दूसरी तरफ झारखंड। यह पहाड़ी गया जिला से होते हुए उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश को छूता है। पहाड़ी की ऊंची चोटी और उसके ऊपर हरियाली बेहद आकर्षक लगता है। बता दें कि यहां 52 मंदिरों का श्रृंखला है। सूर्य मंदिर, उमंगेश्वरी मंदिर के अलावा दसभुजी गणेश मंदिर, सहस्त्र शिवलिंग मंदिर, एकादश शिवलिंग मंदिर, छिन्नमस्तिका मंदिर, सतबहिनी मंदिर, बटुक भैरवनाथ मंदिर, पंच मुंडा आसन, हनुमान गढ़ी मंदिर, शनि मंदिर, गौरीशंकर गुफा व दसमहाविद्या मंदिर समेत 52 मंदिर स्थापित हैं। हर मंदिर की अलग-अलग महता और इतिहास है। पुजारी दिलीप पाठक बताते हैं कि उमगा धाम में त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर नागर शैली में बना है।यह मंदिर काफी प्राचीन है। उमंगेश्वरी माता का मंदिर आसाम के कामख्या शक्तिपीठ से भी काफी प्राचीन है। पुराणों में इसकी चर्चा है। यह भी शक्तिपीठ के रूप में विख्यात है। इसलिए साधकों का यह पुराना केंद्र है। पूर्व में यहां तांत्रिक व मांत्रिक दोनों पूजा पद्धति प्रचलित थी। पहाड़ के बीचो-बीच स्थित गौरीशंकर तालाब का पानी नियमित रूप से पीने से चर्म रोगों से मुक्ति मिल जाती है। वहीं इस पहाड़ पर कई दुर्लभ जड़ी-बूटियां भी हैं। जिसके सेवन से असाध्य रोग भी ठीक हो सकता है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दौरा के क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुजारी ने मंदिरों के संरक्षण व विशेष देखभाल की जरूरत बताई। पुरातत्व विभाग की टीम ने पहाड़ पर स्थापित विभिन्न प्राचीन मंदिरों का जायजा लिया। अब केमिकल ट्रीटमेंट देकर मंदिरों के वैभव को वापस करने की कोशिश पुरातत्व विभाग की शुरू होगी। बता दें कि उचित देखभाल व संरक्षण के अभाव में वर्षो पूर्व कई कीमती मूर्तियां यहां से चोरी हो गई। ख्याति बढ़ाने के उद्देश्य से 2015 से यहां उमंगेश्वरी महोत्सव की शुरूआत हुई। स्थानीय लोगों की मांग पर सरकार व प्रशासन द्वारा पहली बार 10 लाख की लागत से महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में प्रसिद्ध भोजपुरी गायक मनोज तिवारी की प्रस्तुति हुई थी। इसके बाद 2016 में सरकार ने महोत्सव का बजट बढ़ा दिया। जिसके बाद लगातार उमंगेश्वरी महोत्सव आयोजित होते आ रहा है। हर वर्ष उमंगेश्वरी महोत्सव में बड़े-बड़े कलाकार पहुंच रहे हैं।

# बाजितपुर गांव में अधूरे पड़े नाली निर्माण से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रखंड के अमारी पंचायत अंतर्गत बाजितपुर वार्ड नं-सात में नाली और सड़क का आधा अधूरा निर्माण कार्य किया गया है। नाली का निर्माण अधूरा किए जाने से लोगों की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। लोगों को आवागमन में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को आवाजाही करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। नाली में गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। अधूरा निर्माण कार्य होने के कारण लोगों के लिए घर तक अपना वाहन ले जाने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं चार पहिया वाहनों को अपने घर से दूर ही रखना पड़ रहा है। इससे वाहन चोरी होने की आशंका बनी रहती है। नाली का निर्माण कार्य पूरा नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि आमलोगों की समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधि उदासीन बने हैं। उदासीनता के कारण आधा-अधूरा निर्माण कार्य को पूरा करने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बता दें कि यह कार्य अप्रैल माह में प्रारंभ हुआ था परंतु अब तक पूरा नहीं हो सका है। इधर बारिश होने से ग्रामीणों को डायरिया का प्रकोप सताने लगी है। ग्रामीण सुरेश यादव, अरविद विश्वकर्मा, सुजीत विश्वकर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है।

# 50 लाख रुपए की लागत से बनाए गए बायोगैस प्लांट से नहीं हो पा रहा गैस का उत्पादन

**गोबरधन योजना से दो मीट्रिक टन गैस के उत्पादन लक्ष्य के लिए 2023 में बना था यह प्लांट**

**डॉ. रंजीत कुमार भारतीय/नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद**। जिले के हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर गांव में परंपरागत ईंधन और एलपीजी गैस के विकल्प के रूप में एक वायोगैस प्लांट लगाया गया है। यह महत्वाकांक्षी योजना अक्षय ऊर्जा के रूप में ऊर्जा के स्रोतों के नवीनीकरण को बढ़ावा देगा। गोबरधन योजना के तहत भवानीपुर गांव में गोबर गैस की आपूर्ति शुरू हो गई है। बताया जाता है कि भवानीपुर गांव के अभी 15 घरों में गैस की सप्लाई हो रही है। हालाकि इन घरों को परंपरागत ईंधन के स्रोतों और एलपीजी गैस की निर्भरता कम करने के लिए गोबर गैस की सप्लाई की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कहीं इसके उलट है। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक 15 घरों में पाइपलाइन और कनेक्शन तो पहुंचा दिया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि गैस में प्रेशर की कमी और लो फ्लेम के कारण इससे चाय तक नहीं बन पाता है। दरअसल, हुलासगंज प्रखंड के सूरजपुर पंचायत स्थित भवानीपुर गांव में गोबरधन योजना की शुरुआत की गई। इसका उद्देश्य एलपीजी गैस की निर्भरता कम करना और ग्रामीणों को मुफ्त में गैस पहुंचाना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बायोगैस प्लांट की क्षमता 2 मीट्रिक टन है और इसके निर्माण पर 50 लाख रुपए की लागत आई है।




**इस कंपनी को दी गई जिम्मेदारी**

सावित्री रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है. बताया जाता है कि प्लांट का सुचारु रूप से संचालन आस पास के गांव से गोबर इकट्ठा करके किया जाना है। 2018 में पेयजल एवं स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस योजना की शुरुआत की थी, तब जहानाबाद जिला में इसे स्थापित करने में जिला जल एवं स्वच्छता समिति ने अहम भूमिका निभाई थी। इसके लिए बजाब्ता महिलाओं को इसको चालू करने और उपयोग करने को लेकर ट्रेनिंग भी दी गई। इस संबंध में भवानीपुर गांव के मधेश प्रसाद बताते हैं कि गोबर धन योजना से गैस का कनेक्शन 10 घर तक पहुंच गया है। हालांकि, इस योजना में कमी यह बताई जा रही है कि 5 मिनट जलने के बाद ही स्टोव बंद हो जाता है, क्योंकि गैस ही नहीं रह पा रहा है। ग्रामीणों द्वारा यह भी बताया गया कि 2023 में ही इसका निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन अब तक पूरी तरह यह वायोगैस प्लांट चालू नहीं हो पाया है, जिससे हम लोगों की आश टूटती जा रही है। भवानीपुर गांव की महिला गृहणी रेणु देवी ने भी बताया कि यहां 10 घर में कनेक्शन लग गया है, लेकिन इस स्टोव से खाना बनना तो दूर पानी भी नहीं उबल पा रहा है। वे बताती हैं कि गैस स्टोव जलता जरूर है, लेकिन फ्लेम भी कम होता है और फिर गैस का लौ टिक भी नहीं पाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां जून से गैस की आपूर्ति होने लगी है। इसके बावजूद अगस्त माह से 10 घरों में बायोगैस की सप्लाई शुरू की गई है। इस दौरान बायोगैस प्लांट का निर्माण करने वाली कंपनी द्वारा ग्रामीणों से वादा किया गया था कि अब गैस का पैसा नहीं लगेगा, मुफ्त में गोबर धन योजना से गैस आपूर्ति होगी, लेकिन अब तक तो यह मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसा ही प्रतीत हो रहा है। इस योजना से आच्छादित परिवार की महिलाओं ने यह मांग किया है कि इसको सुचारू रूप से चलाया जाए ताकि एलपीजी गैस खरीदने के झंझट से हमें छुटकारा मिले और लोगों को अक्षय ऊर्जा का विकल्प सुलभ हो।

इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वाती कुमारी का कहना है कि अभी बायोगैस प्लांट शुरू नहीं किया गया है, इसका ट्रायल चल रहा है। जांच पड़ताल के बाद इसे शुरू किया जाएगा तब इसका पूर्ण उत्पादन शुरू हो सकेगा।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट रूम के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिनके पास (क) कैटरिंग व्यवसाय में न्यूनतम 03 (तीन) वर्ष का अनुभव है, (ख) कैटरिंग व्यवसाय से पूर्ववर्ती तीन वित्तीय वर्षों के किसी एक वर्ष में सांकेतिक लाइसेंस शुल्क के 4.5 गुना का न्यूनतम वार्षिक कारोबार है और (ग) पूर्ववर्ती सभी तीन वित्तीय वर्षों में न्यूनतम रु. 4.5 लाख का लाभ या हानि + संचित आरक्षित + शेयर पूंजी है। विस्तृत निविदा अधिसूचना **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **05 वर्षों के लिए बैण्डेल स्टेशन पर रिफ्रेशमेंट रूम का आवंटन। स्टेशन कोड:** बीडीसी, **कैटेगरी:** ए, **स्थान:** निविदा कागजात के साथ उपलब्ध स्केच के अनुसार (**www.ireps.gov.in**), **आरक्षण की कैटेगरी:** जनरल, **न्यूमतम लाइसेंस शुल्क/आरक्षित मूल्य प्रति वर्ष :** रु.15,17,333/-, **अनुबंधित मूल्य:** रु.78,90,132/-, **बयाना राशि :** रु.1,57,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य (जीएसटी छोड़कर):** रु.5,000/-, **निविदा सं.:**सीओएम-सीएटीजी-आरआर-बीडीसी-2025-2, **अंतिम तिथि:** 03.10.2025, (1) निविदा कागजात की लागत पर 12% जीएसटी। (2) **निविदा कागजात की उपलब्धता:** **www.ireps.gov.in** (3) **अनुबंध की अवधि:** 05 वर्ष। (4) **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। (5) बोली केवल ऑनलाइन जमा की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-293/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# यूएसए निवासी को मिली जमानत

▸ निर्धारित समय सीमा से अधिक रुकने का है आरोप

▸ पासपोर्ट पर एंट्री रिफ्यूजल व सीडब्लूओपी की लगी मुहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने अपने आदेश से अमेरिकी नागरिक ईतान बेन शाहर को जमानत दे दी। उन पर विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 की धाराओं के तहत अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप था। यह आदेश न्यायाधीश चंद्र प्रकाश सिंह की एकलपीठ ने पारित किया। मामला हरैया थाना (पूर्वी चंपारण) कांड संख्या 43/2025 से जुड़ा है। अभियोजन के अनुसार, 41 वर्षीय ईतान बेन शाहर, जो वर्जीनिया (यूएसए) के निवासी हैं, 2024 में भारत में निर्धारित 180 दिनों की सीमा से अधिक (कुल 288 दिन) रुके थे।

रक्सौल इमिग्रेशन कार्यालय ने 30 अक्टूबर 2024 को उनके प्रवेश पर रोक लगाकर पासपोर्ट पर एंट्री रिफ्यूजल व सीडब्लूओपी की मोहर लगा दी थी। इसके बावजूद वे पुनः भारत में रह रहे थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्षवर्धन ने दलील दी कि आरोप निराधार और तकनीकी त्रुटि पर आधारित हैं।

उनके अनुसार, वीजा पर लिखी शर्त को याचिकाकर्ता ने गलत समझा और यह मान लिया कि हर बार का प्रवास 180 दिन तक मान्य होगा, न कि कैलेंडर वर्ष में कुल मिलाकर। उन्होंने यह भी बताया कि इमिग्रेशन विभाग की चूक के कारण ही उन्हें दोबारा प्रवेश मिल गया।अधिवक्ता ने स्वास्थ्य संबंधी आधार भी रखा। साथ ही उन्होंने अदालत को यह भी अवगत कराया कि याचिकाकर्ता शैक्षिक, मानवीय और सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं और ओडिशा के आदिवासी व गरीब बच्चों के लिए काम कर रहे थे। राज्य सरकार की ओर से एपीपी ब्रह्म किशोर प्रसाद तथा केंद्र सरकार की ओर से अधिवक्ता नरेश दीक्षित और श्रुति सिंह ने जमानत का विरोध किया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने ईतान बेन शाहर को 20 हजार के निजी मुचलके और दो जमानतदारों (जिनमें से एक भारतीय होना अनिवार्य होगा) पर रिहा करने का आदेश दिया।

# श्रमजीवी एक्सप्रेस का कपलिंग टूटा, टला हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** फतुहा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह डाउन लाइन में श्रमजीवी एक्सप्रेस के साथ बड़ा हादसा टल गया। ट्रेन का कपलिंग टूटने से दो कोच मुख्य ट्रेन से अलग होकर प्लेटफार्म पर ही रुक गए। गनीमत रही कि यह घटना स्टेशन से ट्रेन खुलने के तुरंत बाद हुई और कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 8:10 बजे श्रमजीवी एक्सप्रेस फतुहा स्टेशन से आगे के लिए रवाना हुई। ट्रेन के प्लेटफार्म छोड़ते ही अचानक दो बोगियां मुख्य रैक से अलग हो गईं। जैसे ही गार्ड और स्टेशन मास्टर को जानकारी मिली, तुरंत ट्रेन रोकी गई और यात्रियों को सुरक्षित रखने के लिए एहतियाती कदम उठाए गए।

करीब 21 मिनट बाद, यानी 8:31 बजे रेलवे कर्मचारियों ने अलग हुई बोगियों को फिर से जोड़ा। इसके बाद तकनीकी जांच की गई और सुनिश्चित किया गया कि ट्रेन सुरक्षित ढंग से आगे बढ़ सके। जांच पूरी होने के बाद 9:02 बजे श्रमजीवी एक्सप्रेस को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह पूरी तरह से कपलिंग टूटने का मामला है। समय रहते स्टेशन पर ही गड़बड़ी का पता चल गया, अन्यथा तेज रफ्तार में यदि कोच अलग हो जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था और यात्रियों की जान को गंभीर खतरा हो सकता था।

यात्रियों ने भी राहत की सांस ली कि हादसा स्टेशन पर ही हुआ। रेलवे की ओर से कपलिंग टूटने के कारणों की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। फिलहाल स्थिति सामान्य है और ट्रेन अपने तय मार्ग पर रवाना कर दी गई है। इस घटना से यात्रियों के बीच थोड़ी देर अफरा-तफरी का माहौल रहा, लेकिन त्वरित कार्रवाई से किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

# बीएचयू में लोकार्पित हुई मनोज भावुक की पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के संसार'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वाराणसी/छपरा।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के भोजपुरी अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित श्रृंखला किताब की बात, के अंतर्गत सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं शोधकर्ता मनोज भावुक की पुस्तक-भोजपुरी सिनेमा के संसार, का लोकार्पण शनिवार को केंद्र के राहुल सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के समन्वयक प्रभाकर सिंह के स्वागत वक्तव्य से हुआ। लोकार्पित पुस्तक भोजपुरी सिनेमा के इतिहास पर भोजपुरी भाषा में लिखी गई पहली शोधपरक कृति है। इसका प्रकाशन मैथिली-भोजपुरी अकादमी, दिल्ली द्वारा किया गया है।

पुस्तक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो. धीरेन्द्र कुमार राय ने कहा, मनोज भावुक की यह कृति भोजपुरी सिनेमा के विकास और संघर्ष की संपूर्ण यात्रा को सामने लाती है। यह केवल सिनेमा का इतिहास नहीं,



बल्कि भोजपुरी समाज और संस्कृति का भी सजीव प्रतिबिंब है।

लेखकीय वक्तव्य देते हुए मनोज भावुक ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि लोक-जीवन और संस्कृति का आईना है। यह पुस्तक मेरी तीन दशकों की निरंतर साधना और अनुभव का परिणाम है।

आभार ज्ञापन करते हुए विश्वमौलि ने कहा कि भोजपुरी साहित्य और सिनेमा को जोड़ने वाली यह पुस्तक ऐतिहासिक महत्व की है और आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज सिद्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन शोध छात्रा शिवांगी सिंह ने किया। इस अवसर पर विवि के कई शिक्षक और शोधार्थी उपस्थित रहे।

# मोदी मित्र अभियान को ले कार्यकर्ताओं की बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत पश्चिम मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार बबली की अध्यक्षता में बंडीहा गांव स्थित उनके निवास स्थान पर आयोजित मोदी मित्र अभियान को लेकर बैठक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला संयोजक सोशल मीडिया दीपक कुमार ने मोदी मित्र अभियान के बारे में विस्तार से बतलाया। उपस्थित लोगों ने यह निर्णय लिया कि मोदी मित्र अभियान का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका उद्देश्य लोगों को मोदी सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों से जोड़ना है। मोदी सरकार के प्रति समर्थन देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नवीन कुमार रोसड़ा विधानसभा संयोजक, सोशल मीडिया गुंजन सिंह जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, मंडल महामंत्री शंभू झा कैलाश पंडित सभी लोगों ने यह निर्णय लिया की मोदी मित्र अभियान का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर पश्चिम मंडल आईटी सेल प्रभारी गोपाल किशन सिंह, दिनेश यादव, रमाकांत सिंह ,अरुण कुमार ,श्याम कुमार ,विनोद कुमार ,गंगा कुमार ,महेंद्र नारायण चौधरी ,कैलाश पंडित, माधव झा ,श्रवण झा, रमण कुमार ,भोला कुमार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जलावन चुनने गयी नाबालिग को शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** घर से बाहर जलावन चुनने बधार गई एक नाबालिग बच्ची को शराब पिलाकर चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना शनिवार की दोपहर बाद वारिसलीगंज क्षेत्र के सकरी नदी किनारे बधार में घटी। इस सूचना के बाद वारिसलीगंज पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है।

इस बाबत रविवार को वारिसलीगंज थाना में एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर ने प्रेसवार्ता कर बताया कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र की एक अनुसूचित टोले की 13 वर्षीय बालिका अपनी सहेलियों के साथ लकड़ी चुनने गांव से उत्तर सकरी नदी के तटबंध के किनारे बधार में गई थी। इसी बीच बालिका को प्यास लगी। तब एक जगह शराब पी रहे गांव के ही रिश्ते में जीजा से पीने के लिए पानी मांगी। पानी देने के बहाने आरोपितों ने बालिका को शराब पिला दी। इसके बाद बारी-बारी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

इस बीच लकड़ी चुनने साथ गई अन्य सहेलियों ने पीड़िता को नहीं पाकर घर जाकर उसके स्वजन को सूचना दी। बाद में स्वजन ने पीड़िता को बधार से घर लाया। सूचना के बाद पुलिस ने गांव पहुंच पीड़िता को सपरिवार थाना लाई। पीड़िता की मां के आवेदन पर चार आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## *जिला बाल कल्याण समिति ने स्कूल पर लगाया गंभीर आरोप*

***नवबिहार टाइम्स संवाददाता***

*__रोहतास।__ जिले के इंद्रपुरी स्थित एक मिशनरी स्कूल इन दिनों गंभीर आरोपों के कारण सुर्खियों में है। कहा जा रहा है कि यहां शिक्षा की आड़ में धर्मांतरण कराया जाता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ एक धर्म विशेष की मान्यताओं को अपनाने के लिए मजबूर किया जाता है। इतना ही नहीं, स्कूल के आवासीय परिसर में रहने वाली किशोरियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला बाल कल्याण समिति ने केंद्रीय गृह सचिव, डीएम सहित कई अधिकारियों को पत्र लिखकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिला बाल कल्याण समिति ने हाल ही में इंद्रपुरी के जेम्स इंग्लिश स्कूल का दौरा किया। जांच के दौरान पाया गया कि स्कूल परिसर में संचालित सिलाई-बुनाई केंद्र में गरीब बच्चों को पैसों का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इस पर समिति ने उच्च स्तरीय जांच की सिफारिश की है।*

*जांच के दौरान एक किशोरी के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज होने पर समिति की टीम स्कूल पहुंची। वहां एक किशोरी को रोता हुआ देखकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया और बाद में समिति के पास लाया गया। महिला सदस्य से बातचीत में किशोरी ने खुलासा किया कि उसके साथ चार लोगों ने दुष्कर्म किया है। समिति ने तत्काल मेडिकल जांच कराई, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। इसके बाद पीड़िता को कैमूर स्थित बालिका गृह भेज दिया गया। समिति ने पूरे मामले की विस्तृत जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।*

# मध्य विद्यालयों में बनेंगे दो-दो स्मार्ट क्लासरूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के 25,000 मध्य विद्यालयों में दो-दो स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत कुल 50,000 स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाएंगे। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने इस संबंध में टेंडर जारी कर दिया है, और टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अक्टूबर महीने से स्मार्ट क्लासरूम बनाने का कार्य शुरू होगा। सूत्रों के अनुसार, जिले के 200 से अधिक मध्य विद्यालयों को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिससे छात्रों को डिजिटल शिक्षा प्राप्त होगी। प्रत्येक स्मार्ट क्लासरूम में दो डिजिटल टीवी और कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही अन्य आवश्यक उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे।

एजेंसी को तीन साल के लिए अतिरिक्त वारंटी और दो साल के लिए मानक वारंटी प्रदान करनी होगी। स्मार्ट क्लासरूम के निर्माण से छात्रों की पढ़ाई में सुधार होगा।

डिजिटल उपकरणों के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर तरीके से पढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे छात्रों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और वे तकनीक से जुड़ेंगे। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा और समय की बचत भी होगी।

हाल ही में प्रधानाध्यापकों से ई-शिक्षाकोष के तहत स्कूलों से संबंधित आवश्यकताओं की जानकारी मांगी गई थी। इसमें कक्षा 6 से 8 के 569 और कक्षा 9 से 12 के 166 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस की आवश्यकता बताई गई थी।

हालांकि, वर्तमान में जिले के 285 हाई स्कूलों में उन्नयन स्मार्ट क्लासेस हैं, लेकिन 96 मध्य विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस की सुविधा उपलब्ध है। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार, लगभग 60% स्कूलों में स्मार्ट क्लासेस का उपयोग नहीं हो रहा है।कुछ स्कूलों में शिक्षकों द्वारा स्मार्ट क्लासेस का सही उपयोग किया जा रहा है। इसलिए, जिला शिक्षा विभाग को बेहतर निगरानी के लिए एक टीम गठित करनी चाहिए, ताकि इनका उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

# हत्याकांड मामले में हथियार सहित मुख्य शूटर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** टाउन थाना क्षेत्र के महावीर टोला निवासी दवा कारोबारी सुमित सिंह हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य शूटर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार सिद्धार्थ सिंह उर्फ नारायण सिंह मूल रूप से बड़हरा के पैगा गांव का निवासी है। वर्तमान में टाउन थाना के मीरगंज मोहल्ला में रहता था। इसकी जानकारी सोमवार को भोजपुर एसपी राज ने दी।

गिरफ्तार शूटर के पास से एक नाइन एमएम पिस्टल एवं एक मैगजीन बरामद किया गया है। पकड़े गए मुख्य शूटर का नाम अनुसंधान में सामने आया था। एसपी के अनुसार पकड़े गए सिद्धार्थ ने पूछताछ में न सिर्फ अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, बल्कि खुद गोली मारने की बात भी कबूल की है।

पूछताछ में दो कारणों का खुलासा किया है। जिसमें पहला मारे गए



केबी उर्फ जितेन्द्र के भाई दीपक ने हत्या करने के लिए बोला था। दूसरा सिद्धार्थ व सुमित के बीच भी वाद-विवाद हुआ था। जिसे लेकर हत्या की साजिश रची गई थी। इससे पूर्व 11 सितंबर को कांड के मुख्य आरोपित जवाहर टोला निवासी दीपक कुमार एवं करमन टोला, रस्सी बगान निवासी सागर ने पुलिस दबिश के बाद कोर्ट में सरेंडर किया था। रिमांड पर लेकर पूछताछ किए जाने के बाद पूरे कांड का खुलासा हुआ था। कुल छह सदस्यों की संलिप्तता की बात सामने आई थी। पुलिस ने 12 सितंबर को कांड में लाइनर के रूप में संलिप्त जवाहर टोला निवासी गुड्डू कुमार एवं करमन टोला निवासी रजनीकांत गौतम को गिरफ्तार कर दो पिस्टल ,दो मैगजीन, दो कारतूस एवं कांड में प्रयुक्त बाइक बरामद किया था।

पूछताछ में दो लाख रुपये सुपारी पर बात तय होने एवं एडवांस के तौर पर बीस हजार रुपये दिए जाने की बात सामने आई थी। कांड में नामजद उत्तम कुमार उर्फ बमबम की तलाश जारी है। मालूम हो कि घटना पांच सितंबर की रात की है। दवा कारोबारी सुमित कुमार सिंह अपनी गाड़ी से उतरकर घर की गली में प्रवेश कर रहे थे कि उसी दौरान बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद मृतक के पिता तारकेश्वर सिंह के बयान पर पुलिस ने तीनों जवाहर टोला निवासी दीपक कुमार ,उत्तम कुमार उर्फ बमबम तथा रस्सी बगान, करमन टोला निवासी सागर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी की थी।

# दारोगा अभ्यर्थियों पर पुलिस ने चटकायी लाठियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में दरोगा और सिपाही भर्ती परीक्षा जल्दी कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने पटना कॉलेज से पैदल मार्च निकाला। सैकड़ों अभ्यर्थी मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ रहे थे। लेकिन, पुलिस ने डाक बंगला चौराहा पर बैरिकेडिंग कर दिया। पुलिस ने अभ्यर्थियों को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रुके।

इसी बीच कई अभ्यर्थी कोतवाली थाने के पास पहुंच गए। अभ्यर्थी आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे लेकिन कोतवाली के पास पटना पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने काफी समझाया लेकिन जब वह नहीं माने तो लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटते दिखे। वहीं अभ्यर्थियों ने कहा कि हमलोगों की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है। लाठीचार्ज के दौरान एक महिला का पैर टूट गया। कई अभ्यर्थी घायल हुए हैं। इन सबके बावजूद हमलोग डटे रहेंगे।

बताया जा रहा है कि पटना पुलिस ने प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे शिक्षक रोशन आनंद को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद अभ्यर्थियों का आक्रोश बढ़ गया। अभ्यर्थियों ने पुलिस की गाड़ी घेर लिया। कहने लगे कि रोशन सर को गाड़ी से बाहर निकाला जाए। अभ्यर्थियों का बढ़ता आक्रोश देखकर पुलिस ने शिक्षक रोशन आनंद को छोड़ दिया।

वहीं छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि बिहार में लगभग दो साल से दरोगा बहाली नहीं निकली है। जल्द ही आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिसके बाद नई भर्ती की संभावना लगभग खत्म हो जाएगी। ऐसे में सरकार को तुरंत दरोगा भर्ती के विज्ञापन जारी करनी चाहिए। छात्र नेता ने कहा कि अभ्यर्थियों का हक है कि उन्हें पता चले आयोग ने किस प्रश्न का कौन-सा उत्तर सही माना और उन्हें कितने अंक मिले। लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी हुए सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत नव निर्मित प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में प्रखंड प्रशासन की ओर से मतदाता सूची की गहन पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर एवं बीएलओ सहायक को पुरस्कार सह सम्मान समारोह आयोजित कर रविवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीडियो आलोक कुमार सिंह, बीपीआरओ राजू कुमार, पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह ,नीलू कुमारी एवं सीडीपीओ के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में 18 सुपरवाइजर 18 बीएलओ एवं 18 सहायक बीएलओ को पाग ,चादर ,माला, कलम, डायरी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सत्यनारायण आर्य ने की जबकि मंच संचालन शिक्षक उमेश राय ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सुपरवाइजर बीएलओ को संबोधित करते हुए वीडियो ने कहा मतदाता पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों की मैं सदा आभारी हूं। इसी प्रकार समय-समय पर तन मन से सभी कर्मी सहयोग करेंगे तो शिवाजी नगर का नाम ऊंचा रहेगा। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर सुपरवाइजर प्रदीप कुमार, शांति भूषण राय ,पारस महाराज रामनाथ, राज राजकुमार राय, बाल मुकुंद सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह, सिकंदर मलिक, राजकुमार मुखिया ,मदन कुमार ,मृत्युंजय कुमार राय ,विकेश कुमार सिंह ,हीरानंद झा सहित अन्य ने भाग लिया।

## नाश्ता को ले कार्यक्रम में हंगामा

**मुजफ्फरपुर।** जन सुराज पार्टी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम हंगामे की भेंट चढ़ गया। बताया जा रहा है कि नाश्ते को लेकर कुछ कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए और इस दौरान जमकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद कई लोग नाश्ता लेकर भागते दिखाई दिए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मुजफ्फरपुर जिले के बरूराज विधानसभा क्षेत्र के फुलवरिया चौक के पास रविवार शाम जन सुराज पार्टी की बिहार बदलाव सभा का आयोजन किया गया था। शुरूआत में कार्यक्रम उत्साह और शांति से चला, लेकिन बाद में कार्यकर्ताओं के बीच नाश्ते को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखते स्थिति बेकाबू हो गई और सभा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

# सवाल पूछने पर मंत्री ने यूट्यूबर को धूना

## गाड़ी में जबरन बैठाने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** बिहार सरकार के नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार पर यूट्यूबर की पिटाई का आरोप लगा है। मामला जाले विधानसभा क्षेत्र के रामपट्टी गांव का है, जहां मंत्री एक परिवार में हुई मौत पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे थे। इसी दौरान स्थानीय यूट्यूबर दिलीप कुमार सहनी उर्फ दिवाकर ने गांव की समस्या को लेकर सवाल किया। आरोप है कि सवाल पूछने पर मंत्री भड़क गए और उनके सहयोगियों के साथ मिलकर यूट्यूबर की पिटाई कर दी। पीड़ित यूट्यूबर का कहना है कि इस दौरान उन्हें मारा-पीटा गया, कपड़े फाड़ दिए गए और मोबाइल भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सूचना मिलते ही सिंघवाड़ा थानाध्यक्ष और एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और माहौल को शांत कराया। बताया जाता है कि सिंहवाड़ा प्रखंड के राजो पंचायत स्थित रामपट्टी सहनी टोल में भाजपा की ओर से रविवार की देर शाम कार्यक्रम आयोजित था। कार्यक्रम के दौरान यूट्यूबर ने गांव की सड़क की बदहाली और विकास कार्यों पर सवाल उठाए। जिससे माहौल गरमा गया और अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान धक्का-मुक्की और मारपीट की नौबत आ गई। इस दौरान मंत्री के एस्कॉर्ट वाहन का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया। यूट्यूबर का आरोप है कि मंत्री के समर्थकों ने मारपीट, गाली-गलौज की और जबरन वाहन में बैठाने की कोशिश भी की। वहीं मंत्री जीवेश कुमार ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पिटाई का आरोप पूरी तरह झूठा है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी उन्हें नहीं है और इस पर वे एसडीपीओ की रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।

# कोचिंग संचालक की हरकतों से परेशान छात्रा ने छत से कूदकर दी जान

## मृतका के भाई को भी संचालक ने दी थी जान से मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुंगेर के जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर मोहल्ले में सोमवार को 20 वर्षीय छात्रा ने कोचिंग संचालक की अश्लील हरकतों और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर छत से कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, मृतक छात्रा खुशी, तीन भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर थी और बैचलर की पढ़ाई कर रही थी। परिवार ने बताया कि आर्थिक तंगी के बावजूद खुशी अपनी पढ़ाई में तेज थी और मंशा मंदिर के समीप रहने वाले उपेन्द्र मंडल के पुत्र रवि कुमार से ट्यूशन लिया करती थी। पुलिस के अनुसार, ट्यूशन के दौरान रवि ने खुशी को प्रेम जाल में फंसा कर शारीरिक संबंध बनाए और उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद वह खुशी को ब्लैकमेल करता रहा। खुशी ने तीन महीने पहले ट्यूशन जाना छोड़ दिया, लेकिन रवि लगातार अश्लील सामग्री के जरिए मानसिक दबाव डालता रहा।

आखिरकार रविवार को लगातार धमकियों और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर खुशी ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। आनन-फानन में उसे चिकित्सकों के पास ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खुशी के मामा पिंटू ने कहा कि रवि द्वारा छात्रा के साथ किया गया अमानवीय व्यवहार क्षम्य नहीं है। मां सुधा देवी ने आरोप लगाया कि रवि ने खुशी के छोटे भाई रेयांश को जान से मारने की धमकियां भी दी थीं। उन्होंने कहा कि अगर उस समय कानूनी कार्रवाई हो गई होती तो आज खुशी उनके पास होती। जमालपुर थाना के रव्रड राजेश कुमार ने बताया कि मृतक की मां के बयान पर कोचिंग संचालक रवि कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## विकास मित्रों को भी मिलेगा बीमा का लाभ

**पटना।** विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे राज्य के 9 हजार 817 विकास मित्रों को अब सरकारी कर्मियों की तरह दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा। इसे लेकर सोमवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के तहत संचालित बिहार महादलित विकास मिशन और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) तथा पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करार (एमओयू) हुआ। इस एमओयू के तहत यह तय किया गया है कि सभी विकास मित्रों के बैंक खाते संबंधित बैंकों से जोड़ा गया है। इससे विकास मित्रों और उनके परिजनों को किसी भी आपदा के समय सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर दुर्घटना बीमा का लाभ मिलेगा।

# वरिष्ठ अधिवक्ता के पिता को सांसद सहित गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के परसागढ़-एकड़ीपुर गांव में छपरा विधि मंडल के वरिष्ठ अधिवक्ता बजरंग बहादुर सिंह के पिता व पत्रकार अमित सिंह के मामा बंगाल पुलिस के सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त वर्गीय शंकर प्रसाद सिंह के श्राद्ध कर्म के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, शिक्षक नेता, अधिवक्ता, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता व ग्रामीण शामिल हुए। श्रद्धांजलि देने वालों में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह धूमल, जनसुराज नेता विकास सिंह, लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, डॉ एस. कुमार, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, कमल कुमार सिंह, समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, अधिवक्ता रमेश श्रीवास्तव, पत्रकार डॉ संजय कुमार सिंह, मोतीचंद प्रसाद, के. के. सिंह सेंगर, देवेंद्र सिंह राठौर, अमित कुमार सिंह, विजय कुमार, नागेंद्र कुमार राय, संजीत कुमार अकेला, नजदीकी परिजन व सगे-संबंधियों में मनन सिंह, राजेश सिंह, दीपक, छोटे सिंह, आशीष, प्रभात, प्रणेश, प्रणव, सचिन, नीरज कुमार ने स्वर्गीय सिंह के तैल चित्र पर अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनाकी गई। श्रद्धांजलि सभामें वक्ताओं ने स्व. सिंह के सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासनप्रिय स्वभाव व समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका जाना क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना के साथ दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य व शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

# सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार को दिया रहा बढ़ावा : प्रेम कुमार

## विभाग की कोशिश कि राज्य के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 'हर थाली में बिहारी तरकारी' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में सहकारिता विभाग निरन्तर प्रयासरत है। इस लक्ष्य को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से आज ऊर्जा ऑडिटोरियम, पटना में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन लि0 (वेजफेड) की ओर से प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज के एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने किया एवं मटिहानी (बेगूसराय), तेघड़ा (बेगूसराय), एकंगरसराय (नालन्दा) एवं ताजपुर (समस्तीपुर) में प्याज भंडारण हेतु



गोदाम निर्माण एवं बाढ़ (पटना), ताजपुर (समस्तीपुर), हिलसा (नालन्दा), विद्यापति (समस्तीपुर) एवं बिहियां (भोजपुर) में पीबीसीएस के आधारभूत संरचना निर्माण का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ0 प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य में सब्जी उत्पादक किसानों को प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. के माध्यम से संगठित कर उन्हें न केवल उन्नत तकनीक व बीज उपलब्ध कराये जा रहे हैं बल्कि बाजार तक उनकी सीधी पहुंच भी सुनिश्चित की जा रही है जिससे उन्हें अपने सब्जी उत्पाद का अच्छा मूल्य भी प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में राज्य के 534 प्रखंडों में से 529 प्रखंडों में पीवीसीएस की स्थापना की जा चुकी है जिसके माध्यम से राज्य के लगभग 50 हजार से अधिक सब्जी उत्पादक किसान लाभान्वित हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। सहकारिता विभाग विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करा रहा है। विभाग का प्रयास है कि आने वाले समय में बिहार के लोगों को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। मंत्री ने प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को ऑर्गेनिक सब्जी उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया। ऑर्गेनिक सब्जी की विदेशों में काफी मांग है, इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। वेजफेड ने पहल करते हुए राज्य की सब्जियों को विदेशों में भी निर्यात किया गया है, इस दिशा में और भी कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

मंत्री ने प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति लि. को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने पीवीसीएस के अध्यक्षों को अभियान चलाकर पीवीसीएस में सदस्य की संख्या बढ़ाने की अपील की। मंत्री ने नवादा के पकरीबरावां के पीवीसीएस के अध्यक्ष मनोज मांझी को पिछले 6 महीने में लगभग 2245 किसानों को पीवीसीएस में सदस्य बनाने के कार्यों की सराहना की एवं उन्हें सम्मानित किया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में हिंदी पखवारा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के पूर्व मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के सभा कक्ष में मानव संसाधन विकास विभाग ने हिंदी पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता राजेश कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक (का.औ.सं.) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश शंकर (भा.प्र.से.), मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार चुनाव प्राधिकार एवं पूर्व सचिव, राजभाषा भारत सरकार सम्मिलित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में शुभकामना देते हुए राजभाषा के रूप में हिंदी के इतिहास एवं इसके उत्तरोत्तर विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं वाला देश है। हमें यहां के अन्य प्रादेशिक भाषाओं के प्रेम और सम्मान के साथ हिंदी को राजभाषा के रूप में



लोकप्रिय बनना है और उचित स्थान दिलाना है। उन्होंने कहा कि मैं भी एल.आई.सी. का बीमा धारक हूं और मैंने देखा है कि एल.आई.सी. सभी पत्राचार एवं प्रपत्र या तो द्विभाषीय होते हैं या हिंदी में होते हैं जो सराहनीय है। अंत में उन्होंने कहा कि हिंदी के व्यापक प्रयोग से हम एक समृद्ध समाज और विकसित भारत का निर्माण करेंगे। सभा का शुभारंभ निगम गीत, दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं गृह मंत्री और एम.डी., सी.ई.ओ. के संदेश से हुआ। राजेश कुमार, प्रादेशिक प्रबंधक (का.औ.सं.) ने अपने दैनिक जीवन के साथ-साथ अपने-अपने कार्य क्षेत्र में हिंदी के उपयोग के लिए आह्वान किया। सभा का संचालन रमण कुमार सिन्हा, प्रादेशिक प्रबंधक (मा. सं. वि.) ने किया। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। अंत में सैयद गुलाम सरवर, प्र.अ. (मा.स.वि.) ने अपनी कविता 'हिंदी है मेरा नाम, मैं भारत की जबां हूं' के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र -1 ने किया बॉडी एनालिसिस कैंप सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। एनटीपीसी के 'अहवान' नीति के तहत पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने आज शास्त्री नगर स्थित अपने कार्यालय सह आवासीय परिसर में बॉडी एनालिसिस कैंप सह निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों ने अपने नेत्र एवं शारीरिक स्वास्थ्य की जांच कराई। यह शिविर सर्व दृष्टि आई हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से आयोजित हुआ जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं सहयोगी एजेंसियों के संविदा कर्मियों की नेत्र जांच के साथ ही शारीरिक संरचना के स्वास्थ्य की भी जांच की और निदान सहित आवश्यक परामर्श




प्रदान किया। इस अवसर पर एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-1) विजय गोयल ने कहा कि एनटीपीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रकार के आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आगे बताया कि पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करता रहेगा। ताकि कर्मचारी एवं उनके परिजन अपने स्वास्थ्य के प्रति और अधिक सजग रह सकें। शिविर के दौरान सुजाता लेडिज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल, महाप्रबंधक ( मा. सं.) अनिल कुमार चावला, उपमहाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन, क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. पी. सामंता, सर्वदृष्टि आई हॉस्पिटल, पटना के चिकित्सा-विशेषज्ञ सहित पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी का अनुपम प्रकाशन का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अनुपम प्रकाशन, पटना में सांसद मनोज कुमार झा की महत्वपूर्ण पुस्तक इन प्रेज ऑफ कोएलिशन पॉलिटिक्स एंड अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी का भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, जिनमें अनुप कुमार (निर्देशक, अनुपम प्रकाशन) सौरव अरोड़ा, अरुण कपूर, अलोक टक्यार, सुरेन्द्र मोहन गुप्ता, प्रभात कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी और मीडिया व्यक्तित्व दिलजीत खन्ना ने भी अपने विचार साझा किए।

# विश्वकर्मा समाज को मिलेगा सम्मान : ऋतुराज सिन्हा

## एनडीए सरकार के सबका साथ सबका विकास संकल्प को दोहराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में आयोजित बढ़ई समाज संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बढ़ई समाज के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह समाज भारत के सामाजिक ढांचे का आधार स्तंभ है और सदियों से 'विश्वकर्मा के साक्षात अवतार' के रूप में अपने श्रम, सेवा और कौशल से देश को मजबूती प्रदान करता आ रहा है। बिहार की 8000 से अधिक पंचायतों में बढ़ई समाज की सक्रिय और महत्वपूर्ण भूमिका है। यह



समाज अपने हुनर से न केवल पारंपरिक व्यवसाय को जीवित रखे हुए है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का 'सबका साथ, सबका विकास' और नीतीश जी की सामाजिक न्याय की नीति ने इस समाज को सम्मान, अवसर और सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है। पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल एक आर्थिक सहायता योजना नहीं है, बल्कि लोहार, बढ़ई, शिल्पकार जैसे पारंपरिक कारीगरों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जुड़ाव प्रदान करने वाली समग्र योजना है। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के निर्णय को उन्होंने सामाजिक न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और भरोसा जताया कि बढ़ई समाज आने वाले समय में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के रूप में भी सशक्त होगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जितनी बार बिहार आते हैं, बिहार को उतनी ही बड़ी सौगात मिलती है। अब तक 84,000 करोड़ रुपये योजनाएं बिहार को समर्पित की जा चुकी हैं। इस बार भी पूर्णिया में एयरपोर्ट और कनेक्टिविटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का तोहफा बिहार को मिलने जा रहा है।

# हिंदी आत्मीयता और संस्कारों की भाषा : डॉ. लाडली




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना में हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा की महत्ता, उसकी समृद्ध परंपरा तथा भविष्य की संभावनाओं पर विशेष विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. लाडली कुमारी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी को आत्मीयता और संस्कारों की भाषा बताते हुए इसके संवर्धन और प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। विशिष्ट वक्ता डॉ. शत्रुघ्न शरण सिंह ने 'हिंदी का भविष्य' विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी आने वाले समय में वैश्विक परिदृश्य पर और अधिक प्रभावी स्थान बनाने में सक्षम है। उन्होंने आंकड़ों और उदाहरणों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि हिंदी साहित्य, शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में निरंतर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर रही है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रवि कुमार ने प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# फिजियोथेरेपिस्ट नाम के आगे डॉक्टर का प्रयोग कर सकते हैं : इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें फिजियोथेरेपी क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने जानकारी दी कि हाल ही में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा फिजियोथेरेपिस्टों को अपने नाम के आगे डॉ. लिखने से रोकने का आदेश जारी किया गया था। हालांकि महज 24 घंटे के भीतर, 10 सितंबर 2025 को यह आदेश वापस ले लिया गया। अब फिजियोथेरेपिस्ट अपने नाम के आगे डॉ. और नाम के बाद पीटी (फिजिकल थेरेपिस्ट) का प्रयोग कर सकते हैं। इस निर्णय की पुष्टि नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशन ने भी की है। डॉ. कुमार ने बताया कि यह अधिकार पहले से ही नेशनल एलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशनल काउंसिल एक्ट, 2021 के अंतर्गत फिजियोथेरेपिस्टों को दिया गया था, परंतु इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और आईपीएमआर जैसे संगठनों द्वारा इसका विरोध किया गया। इसके फलस्वरूप 9 सितंबर 2025 को संशोधन प्रस्ताव लाया गया था जिसमें डॉ. उपाधि के प्रयोग को प्रतिबंधित करने का प्रावधान रखा गया था, लेकिन फिजियोथेरेपिस्टों के संगठित विरोध एवं उचित कानूनी प्रावधानों के आधार पर डीजीएचएस ने 24 घंटे में ही अपना आदेश वापस ले लिया और पूर्व प्रावधान को बहाल कर दिया गया। प्रेस वार्ता में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. स्नेहा सुमन, डॉ. अजित कुमार, डॉ. अर्पणा आनंद सहित कई प्रमुख फिजियोथेरेपिस्ट उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुख्यालय, गार्डनरीच में राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा समारोह के मुख्य अतिथि थे। महाप्रबंधक ने दीप प्रज्ज्वलित कर राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। समारोह में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक श्री नरेन्द्र, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान वित्त सलाहकार, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। हिंदी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं- हिंदी निबंध, टिप्पण एवं प्रारुप लेखन एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दिनकर



जयंती एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम प्रत्येक वर्ष अपने संवैधानिक दायित्व के रूप में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार का संकल्प लेते हैं। इसी क्रम में इस रेलवे पर 14 सितम्बर से 28 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि इन कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में सभी अधिकारी और कर्मचारी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। महाप्रबंधक कक्ष में अधिकारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी का सफल संचालन बसंती टेटे, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री नरेंद्र ने किया।

# देश की अर्थव्यवस्था में मजबूत स्तम्भ है दूरसंचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय दूरसंचार सेवा संघ के बिहार चैप्टर ने अपनी सेवा का 60वां स्थापना दिवस राजधानी पटना के बापू टावर के सभागार में मनाया। इस मौके पर बीएसएनएल, बिहार सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि आज देशभर में 122 करोड़ से भी दूरसंचार उपभोक्ता हैं। देश का दूरसंचार घनत्व 86.16 प्रतिशत है। देश में ब्राडबैंड सेवा के उपभोक्ताओं की संख्या 94.4 करोड़ है और प्रतिमाह 20 हजार पीटाबाईट डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष करीब टीम लाख करोड़ रूपये के राजस्व के साथ भारतीय दूरसंचार क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तम्भ है जो देश के कुल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत है। इस अवसर पर बीएसएनएल की बिहार सर्किल के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक विजय कुमार, संचार लेखा बिहार के नियंत्रक एआई हैदरी और बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी आशुतोष द्विवेदी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कृषि अनुसंधान परिसर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. अशुतोष उपाध्याय ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि हिन्दी पखवाड़ा का औपचारिक शुभारंभ गुजरात के गांधीनगर में भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। उन्होंने राजभाषा के महत्व को रेखांकित




करते हुए कहा कि हिन्दी न केवल प्रशासनिक दक्षता सुनिश्चित करती है, बल्कि प्रभावी संप्रेषण एवं सांस्कृतिक एकीकरण का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दैनिक सरकारी कार्यों एवं पत्राचार में हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि ऐसे आयोजन कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित करने का उपयुक्त मंच प्रदान करते हैं। निबंध प्रतियोगिता में डॉ. ए.के. चौधरी, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एन. भक्त, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ. शंकर दयाल, प्रधान वैज्ञानिक निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता का मूल्यांकन हिन्दी एवं हिन्दीतर भाषी प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग किया जाएगा। विदित हो कि हिन्दी पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत संस्थान में आयोजित की जाने वाली विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास के निर्देशन एवं देखरेख में आयोजित होंगी। इन कार्यक्रमों का समापन 29 सितम्बर को होगा जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. कुमारी शुभा, वैज्ञानिक एवं उमेश कुमार, हिन्दी अनुवादक के समन्वय एवं सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ।

# एचडीएफसी बैंक आयोजित करेगा मेगा ऑटो लोन मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश में मारुति सुजुकी इंडिया के सहयोग से एक दिवसीय 'मेगा ऑटो लोन मेला' शुरू करने की घोषणा की है। राज्य भर की 300 से ज्यादा शाखाएं इस एक दिवसीय पहल में भाग लेंगी। यह पहल आगामी त्योहारी सीजन की पूर्व संध्या पर आयोजित की जा रही है जिसमें ग्राहकों को मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा प्रदर्शित कार मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला पर अनूठे विशेष डील्स और ऑफर मिलेंगे। यह ऋण मेला खरीदारों को वास्तविक कार डीलरों से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया एक एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा, साथ ही एचडीएफसी बैंक - एक्सप्रेस कार लोन के माध्यम से सुचारू ऋण वितरण सुनिश्चित करेगा। यह सुविधा मौजूदा और संभावित एचडीएफसी बैंक ग्राहकों, दोनों के लिए उपलब्ध है। एक्सप्रेस कार लोन प्लेटफॉर्म एक पूर्ण डिजिटल, कागज रहित और संपर्क-मुक्त प्रक्रिया प्रदान करता है जिससे डीलरों को केवल 30 मिनट में ऑटो लोन का वितरण संभव हो जाता है। एचडीएफसी बैंक एक्सप्रेस कार लोन के साथ ग्राहक बिना किसी दस्तावेज और 100 प्रतिशत डिजिटल प्रक्रिया के केवल 30 मिनट में अपनी मनपसंद कर के सपनों साकार कर सकते हैं।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र -1 मुख्यालय में हिंदी पखवारा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा 15 से 30 सितम्बर तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े के उद्घाटन समारोह का आयोजन आज क्षेत्रीय मुख्यालय के मुख्य सभागार में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र-1) विजय गोयल ने सभी उपस्थित कर्मचारियों को राजभाषा हिन्दी को अपने कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक प्रयोग करने हेतु राजभाषा-संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों व अधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि एनटीपीसी केवल ऊर्जा



उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि भाषा और संस्कृति के संवर्धन के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमें बोलचाल में ही नहीं, बल्कि कार्यालयीन कार्यों, रिपोर्टों और पत्राचार में भी हिंदी का अधिक प्रयोग करना चाहिए, ताकि राजभाषा वास्तव में कार्य-व्यवहार की भाषा बन सके। इस दौरान श्री गोयल ने भारत सरकार के गृह मंत्री का हिन्दी दिवस पर जारी संदेश भी सभी कर्मचारियों के समक्ष पढ़ा। महाप्रबंधक (मा. सं.) व अपर महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) ने क्रमशः माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री एवं एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा जारी हिन्दी अपील को सभी से साझा किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सभी कर्मचारियों के बीच हिन्दी साहित्य के कालजयी रचनाकारों की प्रसिद्ध पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

# 2035 सर्वेक्षण कर्मियों ने फिर से बहाली के लिए की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के अंतर्गत कार्यरत जिन विशेष सर्वेक्षण संविदाकर्मियों को पूर्व में हड़ताल के कारण सेवा से बर्खास्त किया गया था, उन्हें अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा पुनः सेवा में लौटने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस मानवीय पहल के तहत बर्खास्त कर्मियों को अपील करने की सुविधा दी गई है। ताकि वे पुनर्बहाली के लिए आवेदन कर सकें। जिसके तहत बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। विभाग के स्तर से अपील करने के लिए निर्गत ईमेल आईडी पर अब तक 2035 कर्मियों ने पुनर्बहाली के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इनमें से 402 अपीलों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है जबकि शेष आवेदनों की समीक्षा प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, 3321 संविदा कर्मी पहले ही हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्यभार ग्रहण कर चुके हैं जिससे विभागीय कार्यों की नियमितता बहाल होने लगी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इच्छुक संविदा कर्मी विभाग के पटना स्थित कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा निर्धारित ईमेल पते के माध्यम से ऑनलाइन भी अपनी अपील प्रस्तुत कर सकते हैं।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत महिलाओं के लिए निःशुल्क जांच व चिकित्सा लाभ : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित स्वास्थ्य विभाग के सभागार में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के सिविल सर्जन तथा मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षक एवं प्राचार्य शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि यह विशेष अभियान 17 सितम्बर से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य में इस अभियान की शुरुआत की जा रही है जिसकी औपचारिक शुरुआत राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की जानी है। अभियान के दौरान महिला स्वास्थ्य जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन, निक्षय मित्र अभियान, रक्तदान शिविर आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान राज्य के सभी सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर विभिन्न स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा आईजीआईएमएस, पटना में स्वास्थ्य संबंधी राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जिनसे लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन शिविरों में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को विशेष टीकाकरण के साथ-साथ स्त्री रोग, बाल रोग और अन्य बीमारियों की जांच और उपचार से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। सभी महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सकीय जांच और स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। रक्तचाप और मधुमेह जैसे गैर संचारी रोगों की जांच की जाएगी। साथ ही इएनटी, दंत एवं नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध होगी और जरूरतमंदों को चश्मा भी दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच और टीकाकरण की व्यवस्था रहेगी।

## संपाकीय

# तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर, क्या हम तबाही के करीब पहुंच रहे हैं?

हिमनदों का तेजी से पिघलना जलवायु परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का संकेत है। इससे विनाशकारी बाढ़, जल संकट, समुद्र के स्तर में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन जैसे संकट की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हिमनदों के पिघलने से पहाड़ों पर नई झीलें बन रही हैं और पहले से बनीं झीलों का दायरा भी बढ़ रहा है, जो कभी भी आसपास के इलाकों में भयंकर तबाही मचा सकती हैं।केंद्रीय जल आयोग की हालिया रपट में कहा गया है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र में 432 हिमनद झीलों का आकार चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। इस वर्ष जून के दौरान इन झीलों के जल क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है। सवाल यह है कि ये झीलें बढ़ते पानी का दबाव आखिर कब तक झेल पाएंगी? ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में जल का यह अथाह भंडार बड़ी आपदाओं का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि इन हिमनद झीलों का गहन अध्ययन किया जाए और इनकी नियमित रूप से निगरानी की जाए।केंद्रीय जल आयोग की रपट के मुताबिक, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के हिमालयी क्षेत्र में हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं और वहां बनी झीलों का आकार लगातार बढ़ रहा है। भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2011 में 1,917 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़ कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यानी इन झीलों के क्षेत्रफल में 30.83 फीसद की वृद्धि हुई है, जो आसपास की आबादी के लिए कभी भी प्रलयकारी साबित हो सकती । अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक 197 विस्तारित हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान और दून विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी पाया गया है कि उत्तराखंड में हिमनदों के पिघलने से बन रही झीलों में मिट्टी, मलबा और पत्थर भी जमा हो रहे हैं। प्रदेश में पिछले दस वर्षों में हिमनद झीलों की संख्या 19.2 फीसद तक बढ़ी है। इससे साफ है कि खतरा लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात साफ हो चुकी है कि बढ़ता वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन हिमनदों के पिघलने का मुख्य कारण है। इसका नतीजा न केवल विनाशकारी बाढ़ के रूप में देखने को मिल सकता है, बल्कि गंभीर जलसंकट जैसी स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं।

**नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है। इसके बावजूद तमिलनाडु, केरल, पंजाब जैसे राज्यों में बीजेपी प्रभावी नहीं बन पाई है। इनमें भी तमिलनाडु पार्टी के लिए अब भी प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। पूर्व अधिकारी और तेज-तर्रार नेता अन्नामलाई के आक्रामक अभियान के चलते राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थक आधार दहाई के आंकड़े में पहुंच चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ करीब बीस प्रतिशत वोट मिला था। बीजेपी ही क्यों, राज्य में राजनीतिक और चुनावी कामयाबी हासिल करने वाले किसी भी दल के लिए इतना वोट नाकाफी है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तमिलनाडु में अपना समर्थक आधार बढ़ाने के लिए प्रयोग-दर-प्रयोग कर रही है। सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना और उन्हें चुनाव जिताना उसी प्रयोग का विस्तार कहा जा सकता है।**

# दक्षिण का द्वार भेदने की राधाकृष्णन कोशिश

(उमेश चतुर्वेदी)

नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है।

जगदीप धनखड़ के औचक इस्तीफे से खाली हुए उपराष्टपति पद को नया चेहरा मिल गया है। दक्षिण बनाम दक्षिण की जंग में तमिलनाडु बीजेपी का चेहरा रहे सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्टपति होंगे। झारखंड की धरती से द्रौपदी मुर्मू की तरह उनका भी नाता रहा है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड के सर्वोच्च पद पर रही शख्सियतों के लिए सुनहरा दौर चल रहा है। झारखंड की राज्यपाल रहीं द्रौपदी मुर्मू देश के शीर्ष पर तीन साल पहले से ही काबिज हैं। देश के निर्वाचित उपराष्टपति सीपी राधाकृष्णन भी झारखंड के संवैधानिक प्रमुख के पद की शोभा बढ़ा चुके हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु की तीसरी शख्सियत हैं, जो उपराष्टपति पद पर पहुंचने में कामयाब हुए हैं। इसके पहले तमिलनाडु के सर्वपल्ली राधाकृष्णन और आर वेंकटरमण उपराष्टपति रह चुके हैं।

नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है। इसके बावजूद तमिलनाडु, केरल, पंजाब जैसे राज्यों में बीजेपी प्रभावी नहीं बन पाई है। इनमें भी तमिलनाडु पार्टी के लिए अब भी प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। पूर्व अधिकारी और तेज-तर्रार नेता अन्नामलाई के आक्रामक अभियान के चलते राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थक आधार दहाई के आंकड़े में पहुंच चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ करीब बीस प्रतिशत वोट मिला था। बीजेपी ही क्यों, राज्य में राजनीतिक और चुनावी कामयाबी हासिल करने वाले किसी भी दल के लिए इतना वोट नाकाफी है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तमिलनाडु में अपना समर्थक आधार बढ़ाने के लिए प्रयोग-दर-प्रयोग कर रही है। सीपी राधाकृष्णन को उपराष्टपति पद का उम्मीदवार बनाना और उन्हें चुनाव जिताना उसी प्रयोग का विस्तार कहा जा सकता है।

सीपी राधाकृष्णन के सामने उपराष्टपति के रूप में कुछ चुनौतियां जरूर रहेंगी। राधाकृष्णन कामचलाऊ हिंदी समझ तो लेते हैं, दो-एक लाइनें बोल भी लेते हैं। उपराष्टपति के रूप में राधाकृष्णन की जिम्मेदारी राज्यसभा की कार्यवाही चलाना होगी। राज्यसभा में ज्यादातर सांसद हिंदीभाषी हैं और वे अपनी बात हिंदी में ही रखते हैं, हंगामा भी हिंदी में करते हैं और बहसें भी हिंदी में ही करते हैं। राधाकृष्णन को इन पर पार पाने के लिए मेहनत करनी होगी। वैसे वे कहते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय छवि बनाने के लिए हिंदी बोलना जरूरी है। वे तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति की तरह हिंदी के विरोधी नहीं है। वे हिंदी सीखना भी चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब उन्हें कामचलाऊ से कुछ ज्यादा हिंदी तो सीखनी ही पड़ेगी।

मोदी और शाह की जोड़ी ने तमिलनाडु को साधने के लिए रणनीतिक तौर पर खूब कोशिशें की हैं। संसद के नए भवन में तमिल राजदंड के प्रतीक सेंगोल की स्थापना हो या फिर वाराणसी में तमिल-काशी संगम का आयोजन हो, तमिल जनमानस तक मोदी और बीजेपी की बैठ बढ़ाने की कोशिश का ही प्रतीक है। अक्टूबर 2019 में चीन के राष्टपति शी जिनपिंग ने भारत का दौरा किया था। उस वक्त जिनपिंग का मोदी ने तमिलनाडु के खूबसूरत पर्यटक स्थल महाबलिपुरम में स्वागत किया था। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबलिपुरम तमिलनाडु के पल्लव राजवंश के दौरान विकसित भारतीय कला का प्रतीक है। इस मुलाकात को भी तमिलनाडु की जनता को साधने की बीजेपी और मोदी की कोशिश के रूप में देखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी का अरियलूर जिले के गंगैकोंड चोलपुरम का दौरा हो या यहां के नजदीक स्थित बृहदीश्वर मंदिर में पूजा अर्चना हो, सबका संदेश एक ही है, तमिलनाडु के दिलों में अपनी पैठ बनाना। ध्यान देने की बात यह है कि तमिलनाडु का चोल राजवंश बहुत प्रभावी रहा है। ग्यारहवीं सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक गंगैकोंड चोलपुरम् चोल वंश की राजधानी रहा।

सीपी राधाकृष्णन् तमिलनाडु में बीजेपी का बड़ा चेहरा रहे हैं। 1998 और 1999 में कोयंबटूर से बीजेपी के सांसद रहे सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु में तमिल मोदी के तौर पर भी प्रसिद्ध हैं। इस नाते तमिलनाडु कह सकता है कि



देश के शीर्ष पदों पर दो-दो मोदी हैं। राधाकृष्णन राज्य में पिछड़े वर्ग में शामिल गौंडर जाति से आते हैं। इस जाति का विस्तार विशेष रूप से तमिलनाडु के पश्चिमी इलाके में है। दिलचस्प यह है कि इस जाति के वोटर कन्नड़ ब्राह्मण महिला जे जयललिता की अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम के समर्थक माने जाते हैं। यह बात और है कि अन्नाद्रमुक की अगुआई कर रहे ई पलानिसामी और बीजेपी के फायरब्रांड नेता अन्नामलाई भी इसी बिरादरी के हैं। इस लिहाज से देखें तो सीपी राधाकृष्णन को बीजेपी ने शीर्ष पर बैठाकर गौंडर समुदाय को साधने की कोशिश की है। यह एक तरह से अन्नाद्रमुक को भी संकेत है। सीपी राधाकृष्णन के वैसे तो राज्य के तकरीबन हर दल के शीर्ष नेतृत्व से बेहतर संबंध है, लेकिन वे अन्नाद्रमुक के बेहद करीबी रहे हैं। 2010 के विधानसभा चुनावों में अन्नाद्रमुक ने उन्हें पार्टी में शामिल होने और चुनाव लड़ने का खुला आमंत्रण दिया था। अगर वे शामिल होते और चुनाव लड़ते तो तमिल सत्ता में उनकी हिस्सेदारी तय थी। लेकिन राधाकृष्णन ने अपनी प्रतिबद्धता नहीं तोड़ी। बहरहाल राधाकृष्णन के उपराष्टपति बनने के बाद अन्नाद्रमुक को एक तरह से साथ आने का भी संदेश है। क्योंकि बीजेपी को भी आभास है कि तमिलनाडु की राजनीति में शीर्ष स्थान पर अकेले पहुंचना फिलहाल संभव नहीं है।

आजादी के बाद से ही तमिलनाडु की राजनीति में पिछड़ा और दलित समुदाय का प्रभुत्व रहा है। तमिलनाडु की राजनीति में अगड़ा समुदाय एक तरह से किनारे पर आजादी के बाद से ही है। चूंकि बीजेपी की राज्य में सवर्ण जातियों की उत्तर भारतीय पार्टी की छवि है। तमिलनाडु में बीजेपी के उभार की बड़ी बाधा यह वजह भी रही है। गौंडर समुदाय के राधाकृष्णन को उपराष्टपति बनाकर बीजेपी ने एक तरह से अपनी वह छवि तोड़ने की कोशिश की है। बेशक गौंडर समुदाय बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन उसकी शख्सियत को देश के दूसरे सर्वोच्च पद पर पहुंचाकर मोदी-शाह की जोड़ी ने एक तरह राज्य के पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को संकेत दिया है कि बीजेपी उनकी वैचारिकी और सोच का सम्मान करती है। वह सवर्ण नहीं, सर्व समाज की पार्टी है। निश्चित तौर पर आज भारतीय जनता पार्टी का उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में प्रभाव है। पारंपरिक और प्रचलित राजनीतिक नजरिए के लिहाज से वह उपराष्टपति के सम्मानित पद पर देश के इन इलाकों के अपने किसी प्रतिबद्ध और प्रतिष्ठित कार्यकर्ता को पहुंचा सकती थी। लेकिन उसने ऐसा न करके तमिलनाडु के अपने कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। यहां यह भी ध्यान देने की बात है कि केरल की पिछली विधानसभा चुनाव के दौरान सीपी राधाकृष्णन केरल बीजेपी के प्रभारी थे। राधाकृष्णन जिस तिरूपुर इलाके से आते हैं और जिस कोयंबटूर के सांसद रहे हैं, वह केरल का नजदीकी है। इस लिहाज से मान सकते हैं कि बीजेपी ने उनके जरिए भगवान के अपने देश यानी केरल को भी साधने की कोशिश की है।

तमिलनाडु और केरल में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। कह सकते हैं कि इन राज्यों में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। तमिलनाडु में जिस गठबंधन के पास पैंतीस प्रतिशत वोट होगा, उसकी जीत सुनिश्चित है। पिछले आम चुनाव में अन्नाद्रमुक को करीब साढ़े बीस प्रतिशत वोट मिले थे। अन्नाद्रमुक के साथ राज्य में उसका गठबंधन बन चुका है। पिछले आम चुनाव में मिले दोनों को मिल वोट को जोड़ दें तो यह तकरीबन बत्तीस प्रतिशत पड़ता है। सीपी राधाकृष्णन के चेहरे के सहारे बीजेपी अपने गठबंधन के वोट प्रतिशत में पांच प्रतिशत की बढ़त करने की तैयारी में है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सादगी, ताक़त और आधुनिकता का संगम है मोदी के मंत्रियों की संपत्ति का ब्यौरा

(नीरज कुमार दुबे)

इसके विपरीत, कई मंत्रियों ने पुराने वाहन अपनी संपत्ति में शामिल किए हैं। नितिन गडकरी की 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार, विरेंद्र कुमार का 37 साल पुराना स्कूटर और रवनीत बिट्टू की 1997 मॉडल की मारुति, ये सब केवल धातु के ढाँचे नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संपत्ति का विवरण जारी किया गया है। पहली नज़र में यह सूची केवल आभूषण, ज़मीन, गाड़ियाँ और निवेशों का ब्योरा लगती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारतीय राजनीति की मानसिकता, सामाजिक प्रतीकवाद और सत्ता की शैली का आईना बन जाती है। सबसे पहले ध्यान आकर्षित करता है जयंत चौधरी का क्रिप्टो निवेश। वह अकेले मंत्री हैं जिन्होंने डिजिटल संपत्ति घोषित की है। उन्होंने करीब 43 लाख रुपये के बिटकॉइन जैसे निवेश किये हैं। यह उस समय में खास महत्व रखता है जब भारत में क्रिप्टो अब भी कानूनी अनिश्चितता में है और आरबीआई लगातार इससे जुड़े जोखिमों की चेतावनी देता रहा है। यह खुलासा दिखाता है कि नए दौर का नेतृत्व जोखिम लेने और नए वित्तीय प्रयोग करने से पीछे नहीं हट रहा।

इसके विपरीत, कई मंत्रियों ने पुराने वाहन अपनी संपत्ति में शामिल किए हैं। नितिन गडकरी की 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार, विरेंद्र कुमार का 37 साल पुराना स्कूटर और रवनीत बिट्टू की 1997 मॉडल की मारुति, ये सब केवल धातु के ढाँचे नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश हैं। जनता को यह बताना कि नेता अब भी 'साधारण' हैं, विलासिता से दूर हैं और परंपरा को सँजोए हुए हैं। लेकिन इस सादगी के बीच एक और पैटर्न साफ़ झलकता है– हथियारों की मौजूदगी। रिवॉल्वर, पिस्तौल और राइफल घोषित करने वाले मंत्री कम नहीं हैं। यह उस सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति को दर्शाता है जहाँ ताक़त का प्रदर्शन और व्यक्तिगत सुरक्षा सत्ता के साथ कदमताल करती है।

सबसे बड़ा हिस्सा, अपेक्षा के अनुसार सोने और आभूषणों का है। राव इंदरजीत सिंह के पास 1.2 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और हीरे हैं, नितिन गडकरी व एल. मुरुगन के पास भी लाखों के आभूषण हैं। देखा जाये तो भारतीय समाज में आभूषण सदियों से आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों का प्रतीक रहे हैं, मंत्रियों की संपत्ति भी इस परंपरा को दोहराती है।

मोदी सरकार में महिला मंत्रियों की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास 27 लाख से अधिक के आभूषण, म्यूचुअल फंड में 19 लाख से ज्यादा और एक दोपहिया वाहन है। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पास भी रिवॉल्वर, राइफल, ट्रैक्टर और लगभग ?1 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के पास डबल बैरल गन और रिवॉल्वर तथा 67 लाख से ज्यादा के सोने के आभूषण हैं।

देखा जाये तो इन संपत्तियों का सार्वजनिक खुलासा लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कसौटी है। यह जनता को भरोसा दिलाने का प्रयास भी है कि नेता अपनी आर्थिक स्थिति छिपा नहीं रहे। लेकिन इन घोषणाओं का एक दूसरा पहलू भी है कि संपत्ति अब केवल निजी स्वामित्व नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतीक बन गई है।

बहरहाल, मोदी सरकार के मंत्रियों की घोषित संपत्तियाँ केवल रकम और वस्तुओं का हिसाब नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की बदलती शैली का दस्तावेज़ हैं। यह दस्तावेज़ बताता है कि सत्ता में बैठे लोग जनता को साधारण, शक्तिशाली, पारंपरिक और आधुनिक, सभी रूपों में संदेश देना चाहते हैं। सवाल यह है कि क्या ये संदेश वास्तविक जीवन की सच्चाई हैं या केवल राजनीतिक छवि गढ़ने का प्रयास?(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नेपाल के जेन जेड के साथ फिर बड़ा धोखा हो गया क्या?

(संतोष कुमार पाठक)

नेपाल की सड़कों पर उतर कर हंगामा करने वाले त्द्गठ्ठ-ँ प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, राजनीतिक अव्यवस्था एवं भाई-भतीजावाद को खत्म करने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगे प्रतिबंध को हटाना था।

नेपाल और नेपाल जैसे कई लोकतांत्रिक देशों में युवाओं के साथ लगातार छल होता रहा है। कई देशों में युवाओं ने सड़क पर उतर कर अपने साथ किए गए धोखे का जवाब भी देने की कोशिश की लेकिन विडंबना देखिए कि एक लंबी लड़ाई लड़ने के बावजूद भी युवाओं के हाथ अंत में खाली ही रह जाते हैं। नेपाल के ज्यादातर युवा आंदोलनकारी अपने आपको अब इसी स्थिति में महसूस कर रहे हैं।

हिंसा या हिंसक आंदोलन को किसी भी स्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह भी अपने आप में एक तथ्य है कि नेपाल में जिस तेजी से अचानक त्द्गठ्ठ-ँ युवा आक्रमक अंदाज में सड़कों पर उतर गए, उसमें किसी विदेशी ताकत के हाथ से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन यह भी यह स्थापित तथ्य है कि दुनिया का कोई भी देश किसी भी देश में गड़बड़ी तभी करा पाता है,जब उस देश में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच जाता है। नेपाल में उसी तरह के हालात बन गए थे,इससे भला कौन इनकार कर सकता है।

नेपाल की सड़कों पर उतर कर हंगामा करने वाले जेन जेड प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, राजनीतिक अव्यवस्था एवं भाई-भतीजावाद को खत्म करने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगे प्रतिबंध को हटाना था।



लेकिन सड़कों पर उतरे युवा एक सुर में कह रहे थे कि उन्होंने अपने देश में बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर आंदोलन किया है।

नेपाली युवा एक सुर में सत्ता सुख भोग रहे या सत्ता सुख भोग चुके नेताओं को पूरी तरह से हटा देना चाहते थे। लेकिन क्या वाकई उनकी यह मंशा पूरी हुई ? नेपाल में शांति स्थापित करने के नाम पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता सौंप दी गई है।

आपको बता दें कि, 7 जून 1952 को जन्मी सुशीला कार्की, नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही, वह नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। लेकिन बुजुर्ग नेताओं से त्रस्त नेपाल को शांति स्थापित करने के नाम पर 73 वर्ष की एक नई प्रधानमंत्री के हाथों में सौंप दिया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि क्या 73 वर्ष की सुशीला कार्की नेपाल के जेन-जेड प्रदर्शनकारियों के साथ न्याय कर पाएंगी? उनकी परेशानियों और दिक्कतों को समझ कर, दूर कर पाएंगी ? अगर सिर्फ चुनाव करा देना ही समस्या का समाधान होता तो नेपाली युवाओं को सड़कों पर क्यों उतरना पड़ता? यह भी ध्यान रखिएगा कि जो भी व्यक्ति (भले ही वह किसी भी पद पर रहा हो) सत्ता प्रतिष्ठान का हिस्सा रहा हो वो उस व्यवस्था में कभी भी बड़ा और व्यापक बदलाव नहीं ला सकता है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि इतने बड़े बवाल के बावजूद बुजुर्ग नेताओं के रवैए में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। ये सब आज भी अपने-अपने राजनीतिक दलों पर कब्जा जमाए बैठे हैं और अभी से इन्होंने बदलाव का विरोध करना शुरू कर दिया है।

नेपाल के राष्टपति राम चंद्र पौडेल ने शुक्रवार शाम को सुशीला कार्की को शीतल निवास में अंतरिम प्रधानमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्टपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 2015 में नए संविधान के लागू होने के बाद से सभी पिछली सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत गठित हुई थीं लेकिन पहली बार अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को नेपाल का प्रधानमंत्री बनाया गया है। राष्टपति कार्यालय की तरफ से यह भी बताया गया है कि अंतरिम प्रधानमंत्री को छह महीने के भीतर देश में चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। गौर कीजिएगा, सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह का नेपाल की संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों और सांसदों ने बहिष्कार किया। राष्टपति भवन से निमंत्रण मिलने पर भी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे और राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष नारायण दहल शपथ ग्रहण समरोह में नहीं पहुंचे। ध्यान रहे, घिमिरे केपी ओली की पार्टी के सांसद हैं जबकि दहल पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड की पार्टी के नेता है। नेपाल के राजनीतिक दल या दूसरे शब्दों में कहें तो नेपाल के बुजुर्ग नेता संसद भंग के फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में अगर 6 महीने के भीतर जब भी चुनाव होंगे तो यही राजनीतिक दल और यही नेता तो लड़ेंगे। चुनाव में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो यही बुजुर्ग नेता आपस में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाएंगे और मिल कर नेपाल की जनता खासकर नेपाली त्द्गठ्ठ-ँ के सपनों को रौंदते रहेंगे। नेपाल के त्द्गठ्ठ-ँ ने नेताओं की संगठित लूट को फिर से देखने के लिए तो इतना बड़ा आंदोलन नहीं ही किया था।

सीतामढ़ी में पैदा होने के कारण, नेपाल और नेपाली लोगों से मेरा एक भावनात्मक लगाव भी है। राजा जनक का महल जनकपुर (नेपाल) में होने के कारण, हम मिथिला के लोग उसे अपना दूसरा घर भी मानते हैं। इसलिए, हमारी दिल से दुआ है कि नेपाल की नई अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की व्यवस्था बदलने के अपने मकसद में कामयाब हो सके। नेपाल में शांति और तरक्की, यह नेपाल के साथ-साथ भारत के हित में भी है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### एमजीएम अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था सुधारने का निर्देश

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डिमना रोड स्थित एमजीएम अस्पताल में मरीजों और कर्मचारियों की सुविधा को देखते हुए पार्किंग व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया गया है. उपायुक्त ने उप नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम को पत्र लिखकर अस्पताल परिसर में नियमानुसार पार्किंग सुनिश्चित करने को कहा है. निर्देश में उल्लेख है कि अस्पताल के नये भवन के समक्ष परिसर के बाहर दोनों गेट के बीच उपलब्ध स्थान को पार्किंग स्थल के रूप में चयनित किया गया है. इसके लिए अस्पताल प्रशासन के सक्षम पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्था को जल्द शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं. गौरतलब है कि हाल ही में नेशनल एजुकेशन प्रोजेक्ट के निदेशक एवं अस्पताल के नोडल अधिकारी संतोष गर्ग, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी. हांसदा, अधीक्षक डॉ. आर.के. मंधान और उपाधीक्षक जुझार मांझी ने संयुक्त रूप से अस्पताल का निरीक्षण किया था. उस दौरान पाया गया कि मुख्य गेट के सामने दो एंबुलेंस खड़ी थीं. इसके अतिरिक्त कर्मचारियों और चिकित्सकों के निजी वाहन भी वहीं खड़े थे, जिससे इमरजेंसी सेवा और ओपीडी के द्वार पर वाहनों का आवागमन बाधित हो रहा था. साथ ही परिसर में अव्यवस्थित पार्किंग के कारण मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों को आवाजाही में कठिनाई झेलनी पड़ रही थी.

### टाटा टिनप्लेट यूनियन ने दी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को टाटा टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन की ओर से उपहार एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया. कर्मचारियों ने इस दौरान अपने



अनुभवों को साझा किया. यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सुखमय जीवन की कामना की. कार्यक्रम का संचालन यूनियन के उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल ने किया. कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, परविंदर सिंह सोहल, मनोज कुमार सिंह, साइ बाबू राजू, वकील खान, जगजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, अमित कुमार झा, निरंजन महापात्र, विनय कुमार साहू, संग्राम किशोर दास, सूर्यभूषण शर्मा, मुन्ना खान, कलाम नबी खान, राकेश कुमार दिलबागी समेत कई आदि मौजूद थे.

### जंगल के नाला में मिला युवक का शव, सनसनी

**श्री बंशीधर नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुंबा खुर्द गांव के अमरसरई टोला स्थित जंगल के नाले में शनिवार को इसी गांव के आशीष अगरिया (20) का शव मिला. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. परिजनों ने बताया कि आशीष 11 सितंबर को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा. परिजनों ने उसी रात से उसकी खोजबीन शुरू कर दी थी. अगले दिन भी उसकी तलाश जारी रही, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. शनिवार की शाम ग्रामीणों से सूचना मिली कि अमरसरई टोला के जंगल स्थित नाला में एक युवक का शव पड़ा हुआ है. मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान की. परिजनों ने बताया कि आशीष की मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं थी, इसी वजह से वह अक्सर घर से बिना बताये निकल जाता था. परिजनों को आशंका है कि इसी कारण से वह रास्ता भटककर जंगल की ओर चला गया और उसकी मौत हो गयी.

### कांडी में अंचल दिवस का आयोजन आज

**कांडी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त के निदेशानुसार सोमवार को अंचल दिवस का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय में किया जायेगा. जिसमें बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय थाना प्रभारी कांडी अशफाक आलम हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी के साथ साथ राजस्व कर्मी उपस्थित रहेंगे. इस दौरान जमीन से संबंधित शिकायतों का ऑन द स्पॉट निपटारा कराया जायेगा. प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने स्थानीय लोगों से अंचल दिवस उपस्थित होकर आवेदन देने की अपील की है.

### मझिआंव में 600 रुपये बोरी बेचा जा रहा खाद

**मझिआंव/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मझिआंव बाजार सहित सरकारी पैक्स दुकानों पर किसानों को सरकारी दर पर यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. उपायुक्त की सख्ती के बाद किसानों को उम्मीद जगी थी कि अब उन्हें उचित दर पर खाद मिलेगा, लेकिन हालात इसके उलट हो गये हैं. किसानों का आरोप है कि 400 रुपये में बिकने वाला खाद अब 600 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से बेचा जा रहा है. भुसुआ गांव के शेख वसीम अनवर और बकोइया गांव के प्रकाश पाठक सहित कई किसानों ने आरोप लगाया कि खाद विक्रेता मनमाने ढंग से मूल्य तय कर रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि गोदाम में खाद मौजूद रहने के बावजूद किसानों को मना किया जा रहा है. इसी तरह आमर गांव के छोटू पांडेय और भुसुआ के शेख वसीम अकरम सहित कई किसानों ने बताया कि अंगूठा लगाने के बावजूद उन्हें खाद नहीं दिया गया. दुकानदारों ने कहा कि खाद आने पर ही मिलेगा. इस संबंध में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जायेगी और दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी.

### नोनीहाट में थाना बनाने की मांग, चला हस्ताक्षर अभियान

**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नोनीहाट थाना एवं प्रखंड बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को लकड़बांक पंचायत में ग्रामीणों ने नोनीहाट को प्रखंड का दर्जा देने और थाना स्थापित करने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया. अभियान का नेतृत्व पंचायत की मुखिया मेरिनिला बास्की ने किया. समिति के संयोजक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हस्ताक्षरित पत्र आयुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि नोनीहाट प्रखंड एवं थाना की सभी अर्हताओं को पूरा करता है. भागलपुर-दुमका इंटर स्टेट हाईवे पर बसे नोनीहाट में रेलवे स्टेशन है और यह रामगढ़, सरैयाहाट, जरमुंडी व जामा प्रखंड के लगभग 200 गांवों का प्रमुख बाजार है. स्वतंत्रता पूर्व काल से ही यहां प्रशासनिक गतिविधियां संचालित होती रही हैं. अभियान में राजेश कुमार सिंह बबलू, जीतन किस्कू, सरदार किस्कू, सोनामुनी मुर्मू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए.

### मां के साथ तालाब में स्नान करने गयी किशोरी डूबी, मौत

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़ में जिउतिया पर्व पर रामगढ़ बाजार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत विष्णु मेहतर की 13 वर्षीय बेटी लक्ष्मी कुमारी तालाब में डूबने से मौत हो गयी. यह घटना रविवार को शाम में हुई. जानकारी के अनुसार जिउतिया पर्व को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत विष्णु मेहतर की पत्नी अपनी बेटी के साथ रविवार संध्या चार बजे सारमी तालाब स्नान करने के लिए गयी थी. स्नान करने के दौरान किशोरी तालाब के गहरे पानी में चली गयी और डूब गयी. शोर गुल सुनकर स्थानीय लोग जुटे और तालाब से किशोरी को उठाकर रामगढ़ के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया. इस मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी मनीष कुमार बताया कि इस घटना की जानकारी अब तक थाना को नहीं दी गयी है. बहरहाल दर्दनाक घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है.

### वज्रपात से खेत में काम कर रहे किसान की मौत

**चितरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के खैरबनी गांव निवासी किसान शिवराम राय (65 वर्ष) की ठनका की चपेट में आने मौत हो गयी. हल्की बारिश के बीच वज्रपात हुई जिससे उक्त किसान की मौत हो गयी. घटना लगभग 3 से 3.30 बजे की बतायी जा रही. अचानक हुए वज्रपात की घटना से किसान की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी. इस संबंध में मृतक किसान के पुत्र बापी राय ने बताया कि उनके पिता खेत में खाद छिड़काव करने



गया था. इसी समय हल्की बारिश के बीच अचानक हुई वज्रपात की चपेट में शिवराम आ गया, जिससे वह काफी झुलस जाने से खेत में ही गिर गया. परिजनों को सूचना मिलने पर आनन-फानन में उन्हें को जामताड़ा स्थित सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. समाचार लिखे जाने तक सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करने की तैयारी की जा चल रही थी. वहीं दूसरी ओर परिजनों आपदा राहत कोष से मुआवजा दिलाने की मांग की है.

# हिंदी देश की एकता, संस्कृति व सभ्यता की प्रतीक

## हिन्दी दिवस पर प्रमंडलीय कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित, बोले आयुक्त

**दुमका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संताल परगना प्रमंडलीय कार्यालय में हिंदी दिवस पर राजभाषा विभाग की ओर से विचार गोष्ठी हुई. शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुक्त लालचंद डाडेल, पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक एवं अन्य अतिथियों ने किया. आयुक्त ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की एकता, संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने से न केवल कार्यों में सहजता आती है, बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करना भी सरल हो जाता है. आयुक्त ने युवाओं से आह्वान किया कि वे हिंदी को आत्मसम्मान और गर्व की भाषा के रूप में अपनायें. पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि हिंदी भाषा सरल, सहज और सर्वसुलभ है. यह भाषा विविधताओं से भरे हमारे समाज को एक सूत्र में बांधती है. उन्होंने कहा कि तकनीकी और डिजिटल युग में भी हिंदी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि आनेवाली पीढ़ियां अपनी भाषा और संस्कृति से जुड़ी रहें. वन प्रमंडल पदाधिकारी सात्विक ने हिंदी के इतिहास, विकास यात्रा और विशेषता पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि हिन्दी ने समय-समय पर अनेक भाषाओं और बोलियों को आत्मसात कर अपनी अभिव्यक्ति को और भी समृद्ध किया है. उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन और कार्यक्षेत्र में हिंदी का उपयोग बढ़ायें. इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने भी हिन्दी भाषा की गरिमा, इसकी प्रासंगिकता और संवर्धन पर बल देते हुए इसे राष्ट्र की आत्मा और पहचान बताया. विचार गोष्ठी के अंत में सभी ने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और इसके अधिकाधिक प्रयोग का संकल्प लिया. युवाओं की टोली गीत प्रस्तुत कर बांधा समा इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत उपनिदेशक राजभाषा विभाग शैलेंद्र कुमार रजक ने अपने स्वागत भाषण से किया. इस अवसर पर प्रतीक मिश्रा और ऋतुराज कश्यप के नेतृत्व में युवाओं की टोली ने स्वागत के साथ-साथ हिन्दी को लेकर गीत प्रस्तुत कर समा बांधा. सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की पूर्व प्रतिकुलपति डॉ. प्रमोदिनी हांसदा, एसपी कालेज के प्राचार्य डॉ. खिरोधर प्रसाद यादव, विवि के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार सिन्हा, डॉ. सी. एन. मिश्रा, डॉ. छाया गुहा, अरुण कुमार सिन्हा, यदुवंश प्रणय, कुंदन झा, सुशील कुमार, विद्यापति झा, रोहित प्रत्यय, पीयूष, पवन मिश्रा, दुर्गेश चौधरी, सौरभ सिन्हा, सौरभ तिवारी, मनोज कुमार घोष, अमरेंद्र सुमन सहित अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. विचार गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. विनय कुमार सिन्हा ने की, जबकि काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता अरुण कुमार सिन्हा ने की. पूरे कार्यक्रम में मंच का संचालन अशोक सिंह ने किया.

## लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण



**मारगोमुंडा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर देवघर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड कार्यालय सभागार में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह विधिक सेवा प्राधिकार सचिव एस एन तिग्गा ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से एससी-एसटी महिला अत्याचार बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रथा, पॉक्सो एक्ट व सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों समेत अन्य तरह के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. इस दौरान विधिक सेवा के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विधिक सेवा जागरुकता शिविर का आयोजन समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों तक विधिक सेवा पहुंचाना है. बीडीओ शशि संदीप सोरेन ने सरकार की ओर से चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. कल्याण विभाग की ओर से विद्यालय के छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया. जबकि विभिन्न योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियां का वितरण किया गया. मौके पर पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सोहन मुर्मू, उप प्रमुख बिनोद हेंब्रम, मुखिया सुधीर मंडल, कल्याण पदाधिकारी विवेक कुमार भारती, प्रखंड समन्वयक कमल कोल, विपुल कुमार, मिथलेश कुमार, मुरारी मंडल आदि मौजूद थे.

# डालसा गरीबों को न्याय दिलाने के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा के साथ-साथ सामाजिक न्याय दिलाती है : न्यायिक दंडाधिकारी पूर्णिमा तिर्की

## सारठ प्रखंड सभागार में विधिक सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



**सारठ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को सारठ प्रखंड सभागार में विधिक सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन न्यायिक दंडाधिकारी मधुपुर पूर्णिमा तिर्की, सारठ बीडीओ चंदन कुमार सिंह, सीआई अक्षय कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विनय कुमार विधार्थी व बीपीएम बिधु शेखर झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. शिविर में न्यायिक दंडाधिकारी पूर्णिमा तिर्की ने कहा कि गांवों में सबसे पहले कोई भी छोटी-छोटी विवाद मुखिया के पास आता है. मुखिया विशेष पहल कर समझौता के आधार पर न्यायिक रूप से विवाद को समाप्त करने में भूमिका निभाएं, ताकि अदालतें का चक्कर न लगना पड़े, सामाजिक रूप से ग्राम पंचायत स्तर से जिम्मेवारी भी होती है. वहीं, बीडीओ चंदन कुमार सिंह ने कहा कि डालसा के निर्देश ओर आयोजित शिविर में मुख्य रूप से ऐसे कैदी हो या बंदी, लाचार व्यक्ति के लिए डालसा कानूनी सलाह के साथ निः शुल्क वकील भी उपलब्ध कराता है. लोगों को कानूनी रूप से सहायता हो इसके लिए पंचायत वार पारा लीगल वालंटियर भी है. आपात स्थिति में डालसा गरीबों के हित व उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने में आगे रहती है. वहीं, डालसा के गठन के उद्देश्यों की जानकारी सीआइ अक्षय कुमार सिन्हा ने बताया को लीगल सर्विसेज ऑथरिटी एक्ट के तहत डालसा काम करती है. इसके तहत एसटी/एससी, विकलांग लोगों को न्याय दिलाने का काम करती है. न्यायालय में बढ़ते बोझ को कम करने के उद्देश्य से सामाजिक स्तर पर विवादों का निपटारा हो सके. शिविर में जेएस एलपीएस के सीआईएफ एवं ए एफ को 72 लाख 70 हजार का चैक सौंपा गया. पशुधन के तहत पांच लाभुकों को चूजा वितरण, स्कूली बच्चों के बीच 17 बच्चों को किट, सात छात्रों को साइकिल, दो विकलांग को व्हील चेयर, 16 मजदूरों को जॉबकार्ड, 11 लाभुकों को धोती साड़ी, तीन को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. मौके पर मधुपुर कोर्ट के जीआर राजेश्वर झा, सीआई अक्षय सिन्हा, जेएसएलपीएस के बीपीएम बिधु शेखर झा, एमओ अजहर हक, अधिवक्ता बिनय कुमार विद्यार्थी, पीएलवी रोहणी कुमारी, उज्ज्वल चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, निवास कुमार, बीपीआरओ श्रीकांत मंडल, पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार, बीपीओ डेविड गुड़िया, समन्वयक मोहन मेहरा, नाजिर शंभु श्रीवास्तव, एलएस मीरू मुर्मू, सीता रानी, संजू कुमारी, जेएसएलपीएस की अलीजा खातून, सूफिया मिर्जा, राजिया खातून, निशा खातून आदि मौजूद थे.

# सांसद मनोज कुमार झा द्वारा पुस्तक 'इन प्रेज ऑफ कोएलिशन पॉलिटिक्स एंड अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी' का लोकार्पण



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुपम प्रकाशन, पटना में सांसद मनोज कुमार झा की महत्वपूर्ण पुस्तक "इन प्रेज ऑफ कोएलिशन पॉलिटिक्स एंड अदर एस्सेज ऑन इंडियन डेमोक्रेसी' का भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे, जिनमें अनुप कुमार (निर्देशक, अनुपम प्रकाशन), सौरव अरोड़ा, अरूण कपूर, अलोक टक्यार, सुरेन्द्र मोहन गुप्ता, प्रभात कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी और मीडिया व्यक्तित्व श्री दिलजीत खन्ना ने भी अपने विचार साझा किए। मनोज झा ने पटना कॉलेज में अपने छात्र जीवन की यादें साझा की और बताया कि कैसे रामना रोड पर अपने मित्रों के साथ बिताए गए क्षण उनके जीवन के अनमोल हिस्से रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक संसद के सभी सदस्य एवं देश के युवा वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उसकी प्रगति में नागरिक भागीदारी की भूमिका पर भी जोर दिया। दिलजीत खन्ना ने मनोज झा जी को भारत के सबसे प्रभावशाली, निडर और संतुलित सांसदों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि 'मनोज झा जी सदैव पारदर्शिता और लोकतंत्र के पक्षधर रहे हैं, अपने वक्तव्य में किसी का अपमान किए बिना विषय पर सटीक और संयमित दृष्टिकोण रखते हैं।" पुस्तक में विशेष रूप से शामिल गोपालकृष्ण गांधी जी द्वारा लिखा गया फॉरवर्ड, लोकतांत्रिक विचार-विमर्श की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को उजागर करता है। वहीं हेरेन मुखर्जी जी की भूमिका में लिखी गई प्रस्तावना में प्राचीन वज्जि सभाओं का संदर्भ देते हुए लोकतंत्र में जन भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया गया है। यह पुस्तक भारतीय लोकतंत्र के जटिल पहलुओं, गठबंधन राजनीति की चुनौतियों और डिजिटल युग में नागरिक सक्रियता के प्रभावशाली उदाहरणों को उजागर करती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस पुस्तक की प्रशंसा की और इसे लोकतंत्र की समझ के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान।

## विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर में लोगों को मिली कानून की जानकारी



डालसा के बैनर तले आयोजित हुआ विधिक जागरुकता शिविर

**पालोजोरी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का आयोजन डालसा के बैनर तले रेलवे मजिस्ट्रेट जुलियन आनंद टोप्पो की अध्यक्षता में की गयी. इसमें लोगों को कानून की जानकारी दी गयी. शिविर में रेलवे जज जुलियन आनंद टोप्पो के अलावे डालसा के सदस्य सीएलएडीसी सज्जन कुमार मिश्रा लोगों को बाल श्रम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, महिला यौन हिंसा, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध से बचाव, दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य कई तरह के कानून की जानकारी दी. साथ ही गरीब असहाय व एसटी एससी समुदाय के लोगों को डालसा के ओर से मुफ्त में मिलने वाले कानूनी सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया. शिविर में योग्य लाभुकों को विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया. इसमें मुख्य रूप से प्रधान मंत्री आवास 3, अबुआ आवास 4, एक व्हील चेयर, सर्वजन पेंशन योजना 4 व 12 स्कूली बच्चों के बीच स्कूल कीट दिया गया. मौके पर सीओ कृष्ण सिंह मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नित्यानंद चौधरी, बीपीओ नारायण मंडल, प्रभारी बीपीआरओ सुभाष चंद्र राय, पालोजोरी व खागा थाना प्रभारी के अलावा पीएलवी ओम प्रकाश मंडल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई समेत अन्य मौजूद थे.

# झामुमो किसान मोर्चा की प्रखंड कमिटियों का किया गया गठन

## मधुपुर के पथलचपटी में झामुमो जिला स्तरीय कमेटी की हुई बैठक



**मधुपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के पथलचपटी में रविवार को झामुमो जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भागीरथ गोस्वामी ने की. बैठक में किसान मोर्चा की जिला समिति विस्तारीकरण व प्रखंड स्तर की कमेटियों का गठन किया गया. बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसानों के हित में सराहनीय कार्य कर रहे हैं. वहीं, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भागीरथ गोस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पिछले पांच वर्षों की कार्यकाल में कई बड़े काम किया है. बैठक में किसान मोर्चा जिला समिति का विस्तार किया गया. जिसमें अजय कुमार सिंह, दिलीप वर्मा, वानेश्वर मुर्मू को जिला संगठन सचिव, दीपक चौधरी व महेंद्र राय को जिला सह सचिव मनोनीत किया गया है. वहीं, प्रखंड देवघर का अध्यक्ष वरुण यादव को, उपाध्यक्ष त्रिलोकी पंडित, कदीर अंसारी व बालेश्वर पासवान, सचिव प्रेम नाथ दास, कोषाध्यक्ष पंचानन्द मण्डल को मनोनीत किया गया है. सोनारायठाड़ी प्रखंड से अध्यक्ष छोटेलाल यादव, उपाध्यक्ष पुतीलाल सोरेन, अमर कुमार दास व मो जमीरउद्दीन, सचिव विनोद कुमार दास, कोषाध्यक्ष मुस्तकीन अंसारी को मनोनीत किया है. मधुपुर प्रखंड से अध्यक्ष मुख़्तार अंसारी, उपाध्यक्ष भीम वर्मा, पप्पू दास व मोबासीर खान, सचिव बाबूराम टुडू, कोषाध्यक्ष बाबुसर हेंब्रम को मनोनीत किया है. करौं प्रखंड से अध्यक्ष साधुशंकर सोरेन, उपाध्यक्ष विष्णुकांत यादव, पवन मण्डल व मुस्तकीम अंसारी, सचिव राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल को मनोनीत किया है. मोहनपुर प्रखंड से अध्यक्ष विष्णुकांत तांती, उपाध्यक्ष किरजू मुर्मू, मो. मिनाज व परशुराम यादव, सचिव पवन दास, कोषाध्यक्ष वचन तांती को मनोनीत किया है. सारवां प्रखंड से अध्यक्ष शिवनारायण वर्मा, उपाध्यक्ष चुटोनाथ सेवक, धीरेंद्र कुमार वर्मा व बालकिशोर यादव, सचिव खगपत यादव, कोषाध्यक्ष बास्की हजरा को मनोनीत किया है. देवीपुर प्रखंड से अध्यक्ष सहदेव यादव, उपाध्यक्ष विष्णु यादव, साजिद एकबाल व पूरन टुडू, सचिव मनोज वर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन दास को बनाया है. सारठ प्रखंड से अध्यक्ष पाकेश्वर यादव, उपाध्यक्ष आलेश्वर मुर्मू, संतोष कुमार मंडल व फुरकान अंसार, सचिव हरधन मरांडी, कोषाध्यक्ष मनोज राय को बनाया है. पालोजोरी प्रखंड से अध्यक्ष शिवम मेहरा, उपाध्यक्ष शांते यादव, केदार मंडल व मसूद अंसारी, सचिव गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष मोटका मुर्मू को बनाया है. मारगोमुंडा प्रखंड से अध्यक्ष नईम अंसारी, उपाध्यक्ष लावाराम हेंब्रम, फिरोज अंसारी व साबिर अंसारी, सचिव विजय सोरेन, कोषाध्यक्ष नेमूल को बनाया है.

## महिलाओं ने अपने संतान की लंबी आयु व सुख-समृद्धि की कामना की

**जितिया पूजा में महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर धूमधाम व आस्था के पूजा-अर्चना की**

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर धूमधाम व आस्था के पूजा-अर्चना की महिलाओं ने भगवान जिमूतवाहन की पूजा-अर्चना की महिलाओं ने सामूहिक रूप से कथा श्रवण किया प्रतिनिधि गढ़वा जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रविवार को जितिया पर्व धूमधाम और आस्था के साथ संपन्न हुआ. इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने अपने पुत्रों की लंबी आयु, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए निर्जला उपवास रखा. व्रती महिलाओं ने भगवान जिमूतवाहन की पूजा-अर्चना की और सामूहिक रूप से कथा श्रवण किया. पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिक और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहा. नहाय-खाय से हुई शुरूआत जितिया पर्व की शुरूआत शनिवार को पारंपरिक रीति नहाय-खाय से हुई. इस दिन व्रती महिलाएं नदी, तालाब या कुएं में स्नान कर शुद्ध भोजन ग्रहण करती हैं. इसके दूसरे दिन रविवार को उपवास की प्रक्रिया आरंभ हुई. पर्व का मुख्य आकर्षण दूसरा दिन रहा, जब महिलाओं ने निर्जला उपवास किया. दिनभर जल और अन्न का त्याग कर उन्होंने भगवान जिमूतवाहन से अपने पुत्रों की रक्षा और दीर्घायु की प्रार्थना की. शाम के समय कथा श्रवण और पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई. पारंपरिक वेशभूषा धारण करती हैं महिलाएं पर्व के दौरान व्रती महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा धारण करती हैं. वे एक-दूसरे के घर जाकर कथा साझा करती हैं, जिससे आपसी संवाद और सामाजिक जुड़ाव भी गहरा होता है. सोमवार को पारण के साथ व्रत की पूर्णाहुति होगी. इस दिन सुबह नमकीन व्यंजनों का भोग लगाकर और सामूहिक रूप से पारण कर व्रत पूरा किया जायेगा.

# आसनसोल-पुरुलिया मेमू 19 को रद्द, टाटानगर-बराभूम मेमू आद्रा तक ही चलेगी

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आद्रा रेल डिविजन में विकास कार्यों का हवाला देते हुए सोमवार से कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव का फैसला किया गया है. रेलवे ने 19 सितंबर को आसनसोल-पुरुलिया-आसनसोल मेमू (63594-63593) को रद्द कर दिया है. इसके अलावा आसनसोल-आद्रा-आसनसोल मेमू (68046-68045) को 19 व 21 सितंबर को भी रद्द करने का फैसला किया गया है. आद्रा-भागा-आद्रा मेमू (68077-68078) को 19 और 21 को रद्द करने का फैसला किया गया है. रेलवे ने 16 व 19 सितंबर को टाटानगर-आसनसोल-बराभूम मेमू (68056-68060) को शॉर्ट टर्मिनेट करते हुए आद्रा तक ही चलाने का फैसला किया है. इस ट्रेन की सेवा आद्रा-आसनसोल-आद्रा के बीच यात्रियों को नहीं मिल पायेगी. वर्द्धवान-हटिया-वर्द्धवान मेमू (13053-13504) 16, 18, 19 व 21 सितंबर को गोमो तक ही चलेगी. गोमो-हटिया-गोमो के बीच यात्रियों को संबंधित तिथियों के दौरान इस रेलगाड़ी की सेवा नहीं मिल पायेगी. झाड़ग्राम-धनबाद-झाड़ग्राम (18019-18020) मेमू 15 से 19 व 21 सितंबर को बोकारो स्टील सिटी स्टेशन तक ही चलेगी. इस रेलगाड़ी की सुविधा संबंधित तिथियों के दौरान बोकारो-धनबाद-बोकारो के यात्रियों को नहीं मिलेगी.

# जमीन विवाद में कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या, पत्नी ने बयां की पूरी घटना

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजीएम थाना क्षेत्र के सिरकाटोला बाड़ेडीह में रविवार सुबह जमीन विवाद में लकड़ी चुनने को लेकर मारपीट हो गयी. जिसमें दोनों ओर से लाठी-डंडा के अलावा तलवार और कुल्हाड़ी से हमला किये गये. कुल्हाड़ी के हमले में जगदीश हेंब्रम (26 वर्ष) की मौत हो गयी. जगदीश हेंब्रम की मौत होने पर घरवाले आक्रोशित हो गये. वहीं, हमलावर फरार हो गये. घटना सुबह करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की है. हादसा की जानकारी मिलने पर एमजीएम थाना की पुलिस पहुंची. पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की. वहीं, एक घंटे के अंदर दो आरोपियों सरकार हेंब्रम और कोंदा हेंब्रम को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. जगदीश की हत्या से परिवार में आक्रोश व्याप्त है. सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है.

**गाली-गलौज कर रहे थे सभी, बीच-बचाव करने आये पति को मार डाला : सारन्ती**

इस मामले में जगदीश हेंब्रम की पत्नी सारन्ती किस्कू ने एमजीएम थाना में कोंदा हेंब्रम, उसकी पत्नी अंजली हेंब्रम, बुधु हेंब्रम, बादल हेंब्रम, सरकार हेंब्रम, उसकी पत्नी, सनातन हेंब्रम व उसकी पत्नी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी है. सारन्ती किस्कू के अनुसार रविवार की सुबह वह लकड़ी चुनने खेत की तरफ गयी थी. दो बार खेत से लकड़ी लायी. उसके बाद तीसरी बार खेत से लकड़ी लेकर लौटने के क्रम में कोंदा हेंब्रम समेत अन्य ने रास्ते में रोका और गाली-गलौज करने लगे. बीच-बचाव करने आये पति जगदीश हेंब्रम पर उनलोगों ने लाठी-डंडा के अलावा तलवार व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. कुल्हाड़ी के हमले में पति की मौत हो गयी. उनलोगों ने मुझपर भी हमला किया और पास के पानी में गिरा दिया. इसके अलावा मेरी एक साल के बेटी को भी खेत में फेंक दिया. उनलोगों ने पति की हत्या के बाद मुझे भी जान से मारने की धमकी दी. मेरे चिल्लाने पर जगदीश के भाई बिनोद हेंब्रम समेत बस्तीवासी जुट गये. जिसके बाद सभी भाग गये. सारन्ती किस्कू के अनुसार पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे. पुलिस के अनुसार जमीन विवाद में मारपीट व हत्या की घटना घटी है. दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.



CMYK

# 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान की तैयारियों को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड सरकार के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित होने वाले राज्यव्यापी 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान की तैयारियों को लेकर आज उपायुक्त सभागार में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान से संबंधित सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक आमजन विशेषकर महिलाएं इस अभियान का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि यह अभियान झारखंड सरकार स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा भारत सरकार के निदेर्शानुसार संचालित किया जा रहा है। इसका राष्ट्रीय शुभारंभ 17 सितम्बर को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा मध्य प्रदेश से किया जाएगा, जिसकी लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से सभी जिलों और प्रखंडों को जोड़ा जाएगा।

बैठक में जिला स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमंडल अस्पताल एवं जिला अस्पतालों में आयोजित होने वाले विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों, सघन एवं मेगा स्क्रीनिंग कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि गेरियाट्रिक केयर, किशोरों के लिए पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य, नवविवाहित जोड़ों के लिए एंटेनाटल केयर, गैर-संचारी रोगों की जांच, रक्तदान शिविर, कैंसर, टीबी एवं एनीमिया जांच जैसी सेवाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि लोगों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो डाटा प्रबंधन, शिविर निरीक्षण एवं लाभार्थियों के पंजीकरण का कार्य करेगा। इसके साथ ही स्कूली शिक्षा, समाज कल्याण, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी समूहों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने कहा कि जन-जागरूकता इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए सोशल मीडिया, जन आरोग्य समितियाँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी सेविकाएं एवं स्थानीय मीडिया की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोयल नदी पर डालटनगंज- चैनपुर पुल का प्राक्कलन तैयार : आलोक चौरसिया

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



■ 64 करोड़ 6 लाख 15 हजार की लागत से होगा पुल का निर्माण : विधायक

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड विधानसभा में उनके द्वारा कोयल नदी पर दूसरा पुल बनाए जाने की मांग उठाए जाने के बाद पुल निर्माण का प्राक्कलन बनना बड़ी बात है। अब पुल निर्माण की स्वीकृति मिल जाएगी। इस पर वे बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। कोयल नदी पर दूसरा पुल निर्माण होने से मेदिनीनगर विधानसभा क्षेत्र वासियों को आवागमन के लिए नया लाइफ लाइन मिलेगा। उक्त बातें डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने कही। उन्होंने कहा कि डालटनगंज-चैनपुर को जोड़ने वाले कोयल नदी पर पुल निर्माण की वर्षों पुरानी मांग अब बहुत जल्द पूरी होने जा रही है।

पथ निर्माण विभाग ने कोयल नदी पर पुल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर लिया है। डीपीआर के अनुसार 64 करोड़ 6 लाख 15 हजार के लागत से पुल का निर्माण होगा। इसमें भूमि अधिग्रहण की राशि समाहित है। पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव को तकनीकी स्वीकृति के लिए पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृति के बाद बहुत जल्द प्रस्ताव को कैबिनेट में स्वीकृत कर क्षेत्रवासियों को नए पुल की सौगात मिलेगी। कहा कि नया पुल बन जाने से क्षेत्र वासियों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा है कि यह सिर्फ एक विकास कार्य नहीं बल्कि जनता की भावनाओं व उम्मीदों की जीत है।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपित पति को मोहम्मदगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ पुलिस के समक्ष आरोपित ने अपनी पत्नी की हत्या के बात को किया स्वीकार : पुलिस अधीक्षक

नव बिहार टाइम्स संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के बरडंडा गांव के नावाडीह टोला पर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। गांव के मिथिलेश पाल ने अपनी 40 वर्षीया पत्नी इंदु देवी की गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने सोमवार को हुसैनाबाद एसडीपीओ कार्यालय में दी। उन्होंने प्रेस के समक्ष आरोपी मिथिलेश पाल को प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बिहार के रोहतास जिले के दरिहट गांव निवासी मृतका के भाई पिंटू पाल के बयान पर मामला दर्ज किया गया है।

पूछताछ के दौरान आरोपी पति मिथिलेश पाल ने रविवार को अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है। कहा कि मोहम्मदगंज थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। मामले की वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। साथ ही विधिसम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मोहम्मदगंज थाना कांड संख्या 74/2025, धारा 103/(1) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटनास्थल से मृतिका के शरीर का खून लगा काला रंग का ब्लाउज व खून लगा तकिया का कवर बरामद किया गया है। मौके पर एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, थाना प्रभारी पुअनि नारायण सोरेन व पुअनि सुरेन्द्र तिवारी मौजूद थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेजा गया। ग्रामीणों के अनुसार, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मौके पर थाना प्रभारी सह पुअनि नारायण सोरेन, अनुसंधान कर्ता पुअनि सुरेन्द्र तिवारी, पुअनि शेख अमानुल्लाह, सअनि मो क्यामुद्दीन अंसारी, सअनि प्रदुमन पासवान, आरक्षी भस्दुल पासवान, संजीत कुमार चौधरी, प्रताप प्रकाश, सुधीर राम, चालक आरक्षी अर्जुन राम मौजूद थे।

### बहन इंदु देवी को लगातार मारपीट के साथ बहनोइ करता था प्रताड़ित : पिंटू

इंदु देवी के छोटे भाई पिंटू पाल ने मोहम्मदगंज थाना में अपने बहनोई मिथलेश पाल के विरुद्ध अपनी बड़ी बहन को गला दबाकर जान से मारने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि शादी के कुछ वर्षों बाद से ही उसकी बहन के साथ बहनोई गाली- गलौज व मारपीट करता था। इस संबंध में कई बार बहनोई को समझाया गया। प्रताड़ित करने के लिए मना भी किया गया। लेकिन वह कुछ दिनों के बाद पुणः उसके बहन को प्रताड़ित करता रहता था। साथ ही जान से मार कर दूसरी शादी करने की बात कहता था।

पंचायती बुलवाकर भी बहनोई को समझाया गया था। 14 सितंबर को उसे 8.30 बजे सूचना मिली कि उसके बहनोई मिथलेश पाल ने उसकी बहन इंदु देवी की गला दबाकर हत्या कर दिया है। वह अपने बड़ा भाई संजीत पाल व चाचा अवधेश पाल के साथ बहन के ससुराल नवाडीह पहुंचा तो देखा कि बहन का गला दबाकर हत्या कर दिया गया है। इस संबंध में भगिना रंजीत कुमार ने बताया कि उसके पिता ने उसकी मां को गला दबाकर हत्या कर दिया है। उसके बहन के गला दबाने का काला दाग व खरोच है। पिंटू पाल ने अपने बहनोई पर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## राजद जिला अध्यक्ष के वालिदैन उमरा के लिए मक्का मदीना के सफर पर हुए रवाना

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** अल्लाह का मुकद्दस घर खाना-ए- काबा और रौजा-ए-रसूल की जियारत एवं वहां जाकर अपने घर-परिवार, समाज और मुल्क की तरक्की, शोहरत, खुशहाली,अमन और चैन की दुआ करने की आरजू और तमन्ना दिल में लिए राजद जिला अध्यक्ष के वालिदैन माता-पिता प्रोफेसर मो. मजहर हुसैन एवं खुदेजा खातून आज उमरा के सफर पर मक्का-मदीना रवाना हुए।वे गिरिडीह से रांची और रांची से फ्लाइट के द्वारा मक्का और मदीना के लिए रवाना हुए गिरिडीह जिला राजद परिवार जिलाध्यक्ष मो. इरफान आलम के माता-पिता की सलामती और उमरा के सफर की कामयाबी और उसकी मकबूलियत के लिए परवरदिगार से दुआ करता है।

## गिरिडीह में मनाया जाएगा गांधी शताब्दी समारोह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** आयोजन समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी महात्मा गांधी का गिरिडीह में हुआ था आगमन, 6 एवं 7 अक्टूबर 1925 को यहां हुआ था प्रवास गिरिडीह में गांधी शताब्दी समारोह को लेकर आयोजन समिति ने सोमवार को नया परिसदन भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समारोह के संयोजक कृष्णकांत और सह संयोजक कृष्ण मुरारी शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी 6 अक्टूबर 1925 को गिरिडीह पधारे थे। 6 एवं 7 अक्टूबर को उनका यहां प्रवास हुआ था।

उस ऐतिहासिक क्षण का अक्टूबर 2025 में सौ साल पूरे हो रहे हैं। इसलिए गिरिडीह के प्रबुद्धजनों ने गांधी शताब्दी समारोह मनाने का निर्णय लिया है, जिसकी तैयारी चल रही है। इस समारोह की सफलता के लिए गिरिडीह के समाज से सभी नागरिक और प्रबुद्धजनों का सहयोग अपेक्षित है आगे संयोजक-द्वय ने विस्तार से बताया कि महात्मा गांधी 6 अक्टूबर को देवघर से वर्तमान गिरिडीह जिला के खरगडीहा पधारे थे तथा वहां से गिरिडीह होते हुए दो दिनों के प्रवास के बाद गिरिडीह से मधुपुर गए थे।

## गिरिडीह पुलिस को मिली सफलता, चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बक्सीडीह माथाडीह में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोका, जिस पर सवार युवक विक्की कुमार एवं अख्तर अंसारी, दोनों कहरबारी निवासी, किसी भी प्रकार का वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। संदेह होने पर दोनों को हिरासत में लेकर पचम्बा थाना लाया गया पूछताछ के क्रम में दोनों ने स्वीकार किया कि यह मोटरसाइकिल उन्होंने मिलकर गिरिडीह टाउन रजिस्ट्री ऑफिस के पास से मई महीने में चोरी की थी।

जब्त मोटरसाइकिल ग्लैमर बाइक है, जिसके संबंध में पूर्व से ही टाउन थाना में मामला दर्ज है पचम्बा थाना कांड संख्या 105/2025 के अंतर्गत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## महाबोधि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, गया को एमबीबीएस में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अतिरिक्त स्वीकृत सीटों को सम्मिलित किया




**गया।** महाबोधि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, शेरघाटी, गया को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission – NMC), भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एमबीबीएस कोर्स के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह उपलब्धि न केवल संस्थान बल्कि संपूर्ण मगध एवं दक्षिण बिहार क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। एनएमसी द्वारा जारी अंतिम स्नातक (एमबीबीएस) सीट मैट्रिक्स में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु मौजूदा सीटों के नवीनीकरण तथा अतिरिक्त स्वीकृत सीटों को सम्मिलित किया गया है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश पांडेय ने कहा कि- महाबोधि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण एवं पिछड़े इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। एनएमसी की स्वीकृति हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है और इससे क्षेत्रीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। महाबोधि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल अब आधुनिक संसाधनों, अनुभवी शिक्षकों और उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के साथ भविष्य के चिकित्सकों को तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

## जूनियर विद्यार्थियों के सम्मान में फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** आज दिनांक 14/09/2025 को नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एण्ड रिसर्च, आई०डी०एच० कॉलोनी, ईस्ट ऑफ एन०एम०सी०एच० के प्रांगण में बी०एस०सी० नर्सिंग-2024-2025 के प्रथम वर्ष के जूनियर विद्यार्थियों के सम्मान में फ्रेसर पार्टी का भव्य आयोजन सिनियर विद्यार्थियों द्वारा संस्थान के सभागार में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रमुख डॉ० उमेश प्रसाद गुप्ता, निदेशिका श्रीमती माया गुप्ता, कार्यकारी निदेशक-डॉ० विकास कुमार गुप्ता एवं प्रचार्य डॉ० बी० राजेश द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। निदेशक प्रमुख द्वारा अपने भाषण में नर्सिंग के महत्त्व के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं जीवन में मानव सेवा का संकल्प लेने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया की संस्थान से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं राज्य, देश एवं विदेशों में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं जो संस्थान के लिए गर्व की बात है। सिनियर छात्रों द्वारा बी०एस०सी० नर्सिंग के जूनियर छात्रों के स्वागत में छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी।

इस अवसर पर श्रीमती मालती सिंह, श्रीमती ज्योति मिश्रा, डॉ० जे०एन० पंडित, मो० अख्लाख सदरी, श्री मनोज कुमार झा, श्री निरोज कुमार सिंह एवं संस्थान के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी समारोह में उपस्थित थे। इस प्रोग्राम में रोशन सिंह को द्वितीय उपाधी आर्म रेसलिंग में मिला हैं। और रौनक राज को नेशनल लेवल कराटे कम्पिटिसन में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है और आकाश कुमार, अनिरुद्ध कुमार, गौरव राज इन विद्यार्थियों को क्विज कम्पटीशन में सम्मानित किया गया है।

## जगदीशपुर में जितिया पर्व पर झूमर का आयोजन, मांदर की थाप पर थिरके अतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ग्रामीण संस्कृति है भारत की पहचान : मनोज



**चौपारण।** जगदीशपुर में सोमवार को जितिया पर्व के अवसर पर झुमर नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंडी संस्कृति की झलक बखूबी देखने को मिली। बोकारो से आए अन्ना हजारे झुमर टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बरही विधायक ने किया। विधायक समेत अन्य अतिथियों ने भी मांदर की थाप पर झुमर नृत्य कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर विधायक ने कहा— "भारत की संस्कृति गाँवों में बसती है। गाँव की माटी, जीवन की शान और सादगी में सम्मान छिपा है। लोकगीत, मेले और त्योहार भाईचारे का सच्चा आधार हैं। ग्रामीण संस्कृति ही भारत की असली पहचान है और झुमर हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है।"

**आयोजन समिति :** कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष चंद्रदेव यादव, उपाध्यक्ष महेंद्र रविदास, सचिव अशोक प्रजापति, कोषाध्यक्ष विजय यादव, उपकोषाध्यक्ष भीम तुरी, संरक्षक युगल ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, संचालन रामाधीन तुरी व विक्की प्रजापति सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

**उपस्थित अतिथि:** प्रमुख पूर्णिमा देवी, प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, भाजपा नेता राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, बिराज रविदास, अनिल पांडेय, अशोक सिंह, जगदीश यादव, डॉ. बीके यादव, छोटू चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, चंदन यादव, शिक्षक राजकुमार रविदास, विजय दास, उपमुखिया विरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बैठक की अगुवाई DPM, JSLPS द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, JSLPS के द्वारा समूह का क्रेडिट लिंकेज, ऋण निकासी,बीमा क्लेम सेटलमेंट, व्यक्तिगत ऋण में वित्तीय वर्ष- 25-26 के लक्ष्य के अनुरूप अगस्त माह तक की प्रगति को पेश किया गया, जिसकी समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त महोदय ने सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, JSLPS को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य हासिल करने के लिए निर्देश दिया तथा किसी भी बैंक शाखा में किसी भी प्रकार का लिंकेज,व्यक्तिगत ऋण अथवा बीमा क्लेम संबंधित दस्तावेज लंबे समय से पेंडिंग होने पर वरीय पदाधिकारी को त्वरित सूचित करने के लिए निर्देश दिया गया।

DPM JSLPS के द्वारा सभी बैंक के शाखा प्रबंधक के लिए व्यक्तिगत ऋण कार्यशाला का आयोजन से संबंधित जानकारी दी गई एवं सभी बैंक के वरीय अधिकारियों को इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया।

उप विकास आयुक्त महोदय ने समूह की महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा क्रेडिट लिंकेज के माध्यम से ऋण दे कर आजीविका गतिविधि से जोड़ने तथा लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

समूह की महिलाओं को उद्यमी दीदी,स्वयं सिद्ध ऋण ,मुद्रा ऋण एवं अन्य व्यक्तिगत ऋण योजना के माध्यम से व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने हेतु सभी बैंक के वरीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा सितंबर माह के अंत में सखी मंडल की कम से कम 200 महिला उद्यमियों को व्यक्तिगत ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया। सभी बैंक के वरीय अधिकारियों द्वारा समूह की महिलाओं को व्यक्तिगत ऋण करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया।

उप विकास आयुक्त महोदय ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से बीमित व्यक्तियों के क्लेम की प्रगति को देखा एवं सभी बैंक के पदाधिकारी गण को त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी पेंडिंग बीमा क्लेम को सेटल कर नॉमिनी को लाभ देने के लिए निर्देशित किया।

जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी बैंकों के वरीय पदाधिकारी, RSETI निदेशक, LDM पलामू, JSLPS के सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं सभी प्रखंड परियोजना पदाधिकारी ने भाग लिया।

# सारेगामा गीत प्रतियोगिता में सीनियर में श्याम सुंदर एवं जूनियर में उदिता मिश्रा ने बाजी मारी

नव बिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** कला संगम के तत्वावधान में अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित स्व. नन्दकिशोर प्रसाद स्मृति सारेगामा गीत प्रतियोगिता सीजन 13 का रविवार की देर रात पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया पुरस्कार कला संगम संरक्षक एवं स्व. नंदकिशोर प्रसाद के पुत्र अजय सिन्हा मंटू, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज ताह, सचिव सतीश कुंदन, सह सचिव मदन मंजरवे, सह संयोजक सुनील भूषण, आजीवन सदस्य डॉ तारकनाथ देव, मीडिया प्रभारी सुनील मंथन शर्मा, नाट्य प्रमुख नीतीश आनंद, कार्यालय प्रभारी मनोज मुन्ना, राजा सिन्हा, निर्णायक संगीतज्ञ ओरित चंद्रा, राजीव रंजन, दीवानंद प्रसाद, नयनदीप सिन्हा एवं रविशंकर सिंह ने प्रदान किया।

सीनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार श्याम सुंदर गुप्ता, द्वितीय निरंजन पंडित, तृतीय सचिन पंडित, चतुर्थ सृष्टि सिन्हा एवं सांत्वना पुरस्कार रिमझिम रानी, पंकज शर्मा, अखिलेश कुमार, धीरज कुमार सिन्हा, संतोष कुमार दास, चुनमुन राम को दिया गया जूनियर ग्रुप में प्रथम पुरस्कार उदिता मिश्रा, द्वितीय साक्षी रानी, तृतीय माइन मैत्री, चतुर्थ प्रत्यक्षा सुमन एवं सांत्वना पुरस्कार काव्या कुमारी, ज्योतिका पाण्डेय, अंशिका राज, प्राची कुमारी, काजल कुमारी, आद्या कुमारी को दिया गया। अध्यक्षीय पुरस्कार अनन्या प्रसाद, आद्या नारायण, अर्पिता मोदी को मिला प्रतियोगिता के दौरान कला संगम के संरक्षक राजेंद्र बगेडिया, सतविंदर सिंह सलूजा, स्व. नंदकिशोर प्रसाद के पुत्र अंजनी सिन्हा, रोटेरियन विकास सिन्हा, सह सचिव शिवेन्द्र कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष बिनय बक्शी, सह संयोजक राजेश सिन्हा, आजीवन सदस्य देवेंद्र सिंह, डॉ तारकनाथ देव, अजय शिवानी, अनिल चंद्रवंशी, रवीश, शुभम, आकाश, इंद्रजीत, सिद्धांत रंजन, क्रांति साहा, शिलधर प्रसाद आदि मौजूद थे।

# मयूराक्षी नदी में विदेशी प्रजाति की नील तिलापिया मछलियों से देसी मछलियों को खतरा

## मछलियों की प्रजातियों में पाई गई जैव विविधता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका की लाइफलाइन मयूराक्षी की कोख में देसी ही नहीं विदेशी प्रजाति की मछलियां भी पाई जाती हैं। यह जानकारी मयूराक्षी नदी में मानसून सत्र में जल और जैव विविधता विश्लेषण के दौरान सामने आई है।

मानसून के मौसम में मयूराक्षी नदी में 45 प्रजातियों की मछलियां पाई गई हैं, जिसमें दो मछली नील तिलापिया और गोल्डन कार्प विदेशी प्रजाति की भी शामिल हैं। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन फेज थ्री के तहत मयूराक्षी नदी में एक व्यापक सर्वेक्षण एवं जैव विविधता नमूना एकत्रीकरण किया गया है।

यह सर्वेक्षण मयूराक्षी नदी में देवघर और दुमका समेत पश्चिम बंगाल के सूरी, सैंथिया और तालग्राम पश्चिम बंगाल तक किया गया है। सर्वेक्षण में मसानजोर डैम भी शामिल है।

सर्वेक्षण के उपरांत रविवार को दुमका से वापस लौटने से पूर्व अभियान का नेतृत्व कर रहे कोलकाता स्थित आइसीएआर सेन्ट्रल इनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीच्यूट बैरकपुर के निदेशक डा.बसंता कुमार दास कई अहम जानकारियों को साझा किए हैं।

सर्वेक्षण के दौरान दुमका जिले के हिजला में जल और जैव विविधता विश्लेषण और दुमका के स्थानीय मछली बाजार में मयूराक्षी नदी में पाई जाने वाली मछली प्रजातियों की



उपलब्धता सर्वे भी किया गया है।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में मयूराक्षी नदी व मसानजोर डैम में पाई जाने वाली 45 प्रजाति की मछलियों में जैव विविधता पाई गई है। पोथी मछली, चेलवा, बोआरी, रोहू, मृगल, कतला, कालबासु, बाटा, रेबा बाटा, गुंटिया, बेले, चितला, फोलोई, टेंगरा, पाबादा, मोला, झींगा या इचना, बामी प्रजाति की देसी मछलियां बहुतायत में पाई गई हैं। जबकि नील तिलापिया और कामन

## भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तहत हुआ सर्वेक्षण

कार्प जैसी विदेशी मछलियों की प्रजाति भी पाई गई हैं। चिंता की बात यह कि नील तिलापिया प्रजाति की मछलियों से देसी मछलियों को खतरा रहता है।

केंद्रीय अंतर स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान सिफरी बैरकपुर की टीम ने दुमका के स्थानीय मछली बाजार और स्थानीय मछुआरों के गांवों में जाकर भी सर्वेक्षण किया है। मयूराक्षी नदी में पाई जाने वाली महत्वपूर्ण मछली प्रजातियों की बाजार में उपलब्धता की जानकारी ली है।

रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि मछली उत्पादन और आपूर्ति की स्थिति में हरसाल उतार-चढ़ाव होता है। यह मौसम, जलवायु और मछली पकड़ने की तकनीकों की वजह से है। मछली बाजार सर्वेक्षण के दौरान छोटे पोषक खाद्य प्रजातियों की मछलियों की अच्छी गुणवत्ता पाई गई है।

बाजार सर्वेक्षण के दौरान छोटी देसी मछली प्रजातियों में पुत्ती, सिंगी, कुचेया, टेंगरा, मोला, चंदा, बुल्ला, गरई और झींगा बहुतायत में पाई गई हैं जो मछुआरा व आदिवासी समुदाय के लिए खाद्य सुरक्षा भी हैं। सर्वेक्षण टीम ने रिपोर्ट में कहा है कि मयूराक्षी नदी व डैम में पाई जाने वाली छोटी देसी मछलियों के संरक्षण की दरकार है। खास कर इसके लिए मछली पकड़ने के तरीकों में बदलाव, विध्वंसक मछली पकड़ने की पद्धतियों को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है।

इसके लिए मछुआरों और समुदायों को सतत मछली पकड़ने की पद्धतियों के बारे में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया गया है ताकि पर्यावरणीय नुकसान कम हो और मछली उत्पादन को भी स्थिर बनाया जा सके।

हिजला नदी तट दुमका में किए गए जल नमूना परीक्षण में घुले हुए आक्सीजन का स्तर 6.6 मिलीग्राम प्रति लीटर पाया गया। नदी जल की गुणवत्ता परीक्षण में पीएच 8.4, टर्बिडिटी 112 एनटीयू, कंडक्टिविटी 136.3 पीपीएम, टीडीएस 96.8 पीपीएम, कुल क्षारीयता 78 मिलीग्राम प्रति लीटर और कुल कठोरता 54 मिली ग्राम प्रति लीटर पाई गई जो कि संतोषजनक स्तर पर है।

# कैदी के एचआइवी संक्रमित होने पर कोर्ट हुआ सख्त

### स्वास्थ्य और जेल अधिकारियों को किया तलब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की खंडपीठ ने एक कैदी को न्यायिक हिरासत के दौरान एचआइवी संक्रमित पाए जाने पर कड़ा रूख अपनाया है।

खंडपीठ ने इसे न केवल एक चिकित्सा त्रासदी बल्कि मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य और जेल विभाग के वरीय अधिकारियों को तलब किया है।

यह मामला तब सामने आया जब एक अपील सुनवाई के दौरान कोर्ट को जानकारी दी गई कि एक आरोपित को न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान एचआइवी संक्रमण हो गया है। पीठ ने विशेष तौर पर जेलों में भीड़, खराब स्वास्थ्य सुविधाएं और कैदियों की नियमित चिकित्सा जांच में लापरवाही को लेकर चिंता जताई। प्रार्थी दो जून 2023 से हिरासत में है।

पहले वह धनबाद जिला जेल में था, जिसके बाद 10 अगस्त 2024 को उसे हजारीबाग के लोक नायक जयप्रकाश केंद्रीय जेल स्थानांतरित कर दिया गया। हिरासत के दौरान ही 24 जनवरी 2024 को उसे एचआइवी संक्रमित पाया गया। अदालत ने जेल में ऐसे होने को गंभीरता से लिया है।

अदालत ने संक्रमण कैसे हुआ, इसका पता लगाने के लिए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य सेवा निदेशक प्रमुख, हजारीबाग केंद्रीय जेल के मेडिकल अफसर और जेल अधीक्षक को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

अदालत ने धनबाद जिला जेल के अधीक्षक और मेडिकल अफसर को दो जून 2023 से 24 अगस्त 2024 तक (जब कैदी को स्थानांतरित किया गया) वहां रहे सभी कैदियों की पूरी मेडिकल जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई पर पेश करने का आदेश दिया है।

अगली सुनवाई 25 सितंबर 2025 को होगी। कोर्ट ने मौखिक रूप से यह भी टिप्पणी की कि यह घटना जेल प्रशासन द्वारा कैदियों को हिरासत में भेजने से पहले उनकी उचित जांच न करने की लापरवाही को भी दर्शाती है।

# जमीन विवाद में हथियार से युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो के एमजीएम थाना क्षेत्र सिरकाटोला बाडेडीह गांव में जमीन विवाद में 26 वर्षीय युवक जगदीश हेम्ब्रम की हरवे-हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई जबकि उसकी पत्नी को धक्का-मुक्की कर पानी में गिरा दिया।

एक साल की पुत्री को भी पानी की ओर फेंक दिया। किसी तरह वह जान बचाकर वहां से वह भागी। घर जाकर पति के भाई विनोद हेम्ब्रम को जानकारी दी।

घटना रविवार सुबह की है। हत्या को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के स्वजनों से मामले में पूछताछ की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या के आरोप में पुलिस ने सरकार हेम्ब्रम और कोंदा हेम्ब्रम को गिरफ्तार किया है। घटनास्थल से खून से लगा कुल्हाड़ी को जब्त किया है। मृतक की पत्नी सारंती ने बताया कि रविवार सुबह वह खेत की ओर लकड़ी चुनने गई थी। वहां से दो बार लकड़ी लेकर घर आई जब तीसरी बार गई तो कोंदा हेम्ब्रम ने उसका रास्ता रोक लिया और लकड़ी ले जाने का विरोध करते हुए गाली देने लगा।

जानकारी पर पति जब बीच-बचाव करने आए तो मारपीट शुरू कर दी। पति को घेर लिया। तलवार व कुल्हाड़ी से बुद्धू हेम्ब्रम, कोडा हेम्ब्रम, बादल हेम्ब्रम, सनातन और सरकार हेम्ब्रम ने हमला कर बेरहमी से हत्या कर दी।

घटना में आरोपितों की पत्नियां भी शामिल थी। पति मजदूरी करते थे। हत्या आरोपितों और जगदीश के बीच 16 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार सुबह पुत्र का विवाद आरोपितों के साथ हुआ। बहसबाजी होने लगी। इसी दौरान आरोपितों ने पुत्र की हत्या कर दी। पहले भी बड़े पुत्र के साथ आरोपितों ने मारपीट की थी। मोबाइल तोड़ दिया था। मामले की शिकायत एमजीएम थाना में की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंताओं को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के शौर्य भवन में सोमवार को भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164वीं जयंती को अभियंता दिवस के रूप में गरिमामय ढंग से मनाया गया। जेईएसए अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित 58वें अभियंता दिवस समारोह का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री योगेंद्र प्रसाद और पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वेश्वरैया के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच अभियंताओं सत्येंद्र कुमार सिंह, देवाशीष लहरी, अभिनंदन कुमार, विजय शंकर और मो. जमील अख्तर को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के सहयोगियों और प्रायोजकों को भी सम्मान दिया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंजीनियरों की भूमिका हमेशा अहम रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ह्लआज भी तिलैया डैम जैसे दशकों पुराने निर्माण मजबूत हैं, जबकि हाल के कई स्ट्रक्चर कमजोर साबित हो रहे हैं। इंजीनियरों को टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इंजीनियरों को राज्य के विकास का वास्तविक निमार्ता बताते हुए इंजीनियर अकादमी के





गठन, जमीन उपलब्ध कराने और प्रमोशन नियमों में सुधार का आश्वासन दिया। वहीं, पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने इंजीनियरों को निर्माण और विकास का स्तंभह्व बताते हुए कहा कि आधुनिक झारखंड के इतिहास में उनका योगदान स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने सिरमटोली ब्रिज को इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

इस दौरान इंजीनियर संघ की ओर से ट्रेनिंग सेंटर, संघ के लिए जमीन और 60-40 पॉलिसी पर पुनर्विचार जैसी मांगें भी मंत्रियों के समक्ष रखी गईं। प्रधान सचिव मस्तराम मीणा ने कहा कि विश्वेश्वरैया का जीवन भले 101 वर्षों तक रहा हो, लेकिन उनकी उपलब्धियां सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेंगी। अभियंता दिवस का यह आयोजन न केवल अभियंताओं के सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि राज्य के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता रहा।

# 'पासवर्ड थकान' बीमारी मिलने से मनोचिकित्सक हैरान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** डिजिटल युग में जहां सब कुछ आसान हो रहा है, वहीं अब एक नया संकट सामने आया है। रोज-रोज बदलते और दर्जनों पासवर्ड याद रखने की मजबूरी अब मानसिक बोझ बनती जा रही है। मनोचिकित्सक इसे पासवर्ड थकान कह रहे हैं।

जमशेदपुर में पहली बार इस तरह के तीन मरीज मिले हैं, जिनमें से एक रिटायर्ड शिक्षिका भी शामिल हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर यह ट्रेंड यूं ही चलता रहा तो आने वाले 5-7 वर्षों में पासवर्ड थकान एक सामान्य मानसिक बीमारी की तरह फैल सकती है।

खासकर आइटी, बैंकिंग और कारपोरेट क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों पर इसका प्रभाव अधिक होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, औसतन एक कर्मचारी साल में करीब 11 घंटे सिर्फ पासवर्ड डालने और रीसेट करने में गंवाता है। कंपनियों को इससे करोड़ों का नुकसान होता है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि शहर में अब तक तीन मामले दर्ज हो चुके हैं, लेकिन यह संख्या आगे और बढ़ सकती है।

पहला मामला कदमा का है। 62 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका एटीएम, मोबाइल और आधार पासवर्ड याद न रख पाने से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि पासवर्ड भूलने पर घबराहट, बेचैनी और पूरे शरीर से पसीना आने लगता है।

दूसरा मामला टेल्को का है। यहां 43 वर्षीय एक निजी बैंक कर्मचारी पासवर्ड भूलने पर अक्सर दफ्तर में सहकर्मियों पर चिड़चिड़े हो जाते हैं। कई बार आफिस का काम रुक जाता है। तीसरा मामला धतकीडीह का है। 28 वर्षीय साफ्टवेयर इंजीनियर ने बताया कि उसे दिनभर में 15झ20 लागिन याद रखने पड़ते हैं। भूल जाने पर नींद उड़ जाती है और सिरदर्द शुरू हो जाता है।

डिजिटल लेन-देन, नेट बैंकिंग, सोशल मीडिया और कंपनी के कामकाज-हर जगह पासवर्ड की जरूरत होती है। हर पासवर्ड के अलग नियम, कैपिटल लेटर, नंबर और चिन्ह लगाने की मजबूरी दिमाग पर बोझ डाल रही है।

# पूजा पंडालों को तैयार करने में दिन-रात मेहनत कर रहे कारीगर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची दुर्गा पूजा की तैयारियों में रंगने लगी है। हर साल की तरह इस बार भी शहर के पूजा पंडाल अपनी भव्यता और अनोखी थीमों से लोगों को आकर्षित करेंगे। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे इन पंडालों में कंबोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट मंदिर से लेकर वृंदावन के प्रेम मंदिर तक की झलक देखने को मिलेगी। अपर बाजार स्थित सत्य अमर लोक पूजा समिति ने इस वर्ष कंबोडिया के विश्वविख्यात अंकोरवाट मंदिर को थीम बनाया है। समिति अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि पश्चिम बंगाल से आए कारीगर इस पंडाल को आकार दे रहे हैं। लगभग 90 लाख रुपये की लागत से बन रहे इस पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए 50 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। राजस्थान मित्र मंडल ने शिक्षा पद्धति को थीम बनाया है। समिति अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में अभिभावक बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं और मोबाइल पर निर्भर हो रहे हैं। इसी विषय पर पंडाल में मोबाइल से होने वाले नुकसान और पारंपरिक शिक्षा पद्धति की अहमियत को झांकी के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, हरमू स्थित पांचमुखी मंदिर परिसर में इस बार वृंदावन के प्रेम मंदिर का अद्भुत स्वरूप तैयार किया



जा रहा है। समिति अध्यक्ष मनोज पांडेय उर्फ बबलू ने बताया कि इसकी लागत लगभग 75 लाख रुपये है। यहां भी पश्चिम बंगाल से आए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

स्थानीय श्रद्धालु पवन लोहिया, आशीष डालमिया, शंभू अग्रवाल, सचिन अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल ने कहा कि हर साल रांची के तीन से चार पूजा पंडाल अपनी अनोखी थीम से अलग पहचान बनाते हैं। खासकर बकरीबाजार स्थित सत्य अमर लोक समिति का पंडाल सबसे अलग होता है। इस बार अंकोरवाट मंदिर का स्वरूप देखकर उन्हें खासा गर्व और खुशी हो रही है।

पूजा समितियों के पदाधिकारियों का कहना है कि रांची के पंडाल हर साल नई थीम और सजावट से लोगों को चौंकाते हैं।

बकरीबाजार स्थित सत्य अमर लोक समिति का पंडाल अपनी भव्यता के लिए मशहूर है। वहीं, दुर्गा बड़ी स्थित बंगाली समाज का पंडाल अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों के लिए खास पहचान रखता है, जहां विसर्जन के दिन सिंदूर खेला का आयोजन होता है। दस दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में इस बार भी रांचीवासियों को अद्भुत कलात्मकता, परंपरा और आधुनिक संदेशों का संगम देखने को मिलेगा।

# एसआइआर पर बिफरे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिहार में एसआईआर (स्पेशल इंडेक्स रजिस्टर) लागू होने के बाद उठे विवाद के बीच झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को साफ कर दिया कि राज्य में किसी भी कीमत पर एसआईआर लागू नहीं होगा। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष झारखंड की जनता को गुमराह करने और भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। डॉ. अंसारी ने मीडिया से भी अपील की कि ऐसे संवेदनशील मुद्दों पर अफवाह फैलाने से बचें। उन्होंने कहा, आप लोग लंदन चले जाएंगे, लेकिन यहाँ के लोगों को गुमराह न करें। झारखंड की जनता सच जानती है और कोई भी साजिश यहाँ कामयाब नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने बिहार का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए, जिससे उनकी नागरिकता और वोटिंग अधिकार खतरे में पड़ गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोट देने का अधिकार



किसी से छीना नहीं जा सकता और संविधान इसकी अनुमति नहीं देता।

बीजेपी को चुनौती देते हुए डॉ. अंसारी ने कहा, हिम्मत है तो झारखंड आकर नाम काट कर दिखाइए। यह बिहार नहीं, यह झारखंड है। यहाँ लोगों के अधिकारों को छीनने की कोशिश सफल नहीं होगी। मंत्री ने कहा कि झारखंड में सरकार विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दों पर काम करेगी, न कि किसी की पहचान या अधिकार छीनने पर। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार जनता के साथ खड़ी है और किसी भी साजिश को नाकाम कर देगी।

# ढेर नक्सली बिहार-झारखण्ड में नक्सली गतिविधियों का कर रहा था नेतृत्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के गिरहोर थाना क्षेत्र स्थित पनतीतरी जंगल में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया एक करोड़ का इनामी माओवादी सहदेव सोरेन का कुख्यात चेहरा सुर्खियों में है। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के बेटे की हत्या से लेकर गिरिडीह जेल ब्रेक, मुंगेर एसपी की हत्या और कई नरसंहारों तक, उसका आपराधिक इतिहास खून से रंगा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सहदेव पिछले दो दशकों से बिहार-झारखंड में नक्सली गतिविधियों का नेतृत्व करता रहा है।

2007 में गिरिडीह जिले के चंदनकियारी में नक्सलियों द्वारा अंजाम दिए गए भीषण हमले में बाबूलाल मरांडी के बेटे हेमंत मरांडी और भाई अनूप मरांडी की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इस हमले में कुल 20 लोगों की जान गई थी। हमले के पीछे मास्टरमाइंड के तौर पर सहदेव का नाम सामने आया था।

2004-05 में गिरिडीह के इंपख गांव के पास स्थित होमगार्ड कैंप पर नक्सलियों ने धावा बोला। इस हमले में 183 रायफलें लूट ली गईं, जो नक्सल हिंसा के लिए बड़ा टर्निंग प्वाइंट साबित हुई।

2006 में बिहार के बांका जिले में एसकेजी थाना पर हमला हुआ, जिसमें कई पुलिसकर्मी मारे गए। इसके बाद 1 जनवरी 2008 को मुंगेर में पुलिस गश्ती दल पर



हमला कर 4 जवानों को शहीद कर दिया गया और हथियार लूटे गए। माओवादी सहदेव बिहार-झारखंड में दहशत का पर्याय बना था।

2011 में लखीसराय जिले में पुलिस पार्टी पर हमले में 10 जवान शहीद हुए और 35 हथियार लूट लिए गए।

2013 में मुंगेर के रेल प्रोजेक्ट पर हमला कर तीन सरकारी कर्मचारियों की हत्या की गई।

2014 में जमुई में हुए आईईडी ब्लास्ट में दो सीआरपीएफ जवान शहीद हुए। 2018 में चतरा में हुई मुठभेड़ में एसएसबी का एक जवान शहीद हुआ।

23 दिसंबर 2021 को लखीसराय में सहदेव के दस्ते ने ग्रामीणों की हत्या कर एक बार फिर से दहशत फैला दी। पुलिस और खुफिया एजेंसियां वर्षों से सहदेव की तलाश में थी। उसके नाम दर्जनों वारंट थे।

# चम्पाई सोरेन ने सरकार पर लगाया गंभीर आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी समुदाय के प्रति असंवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सरकार में अनुसूचित क्षेत्र का पंचायत विस्तार (पेसा) कानून लागू करने की 'इच्छाशक्ति' का अभाव है।

चंपई सोरेन ने जमशेदपुर में 'आदिवासी महा दरबार' को संबोधित किया। इस दौरान सोरेन ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए पेसा कानून की समीक्षा की थी और ग्राम सभा को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष प्रावधान जोड़े थे, लेकिन मौजूदा सरकार इसे लागू ही नहीं करना चाहती ।चंपई सोरेन ने आगे कहा कि उन्होंने 24 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस समारोह के दौरान रांची के नगरी में जमीन जोतने की घोषणा की थी और सरकार को इसे रोकने की चुनौती दी थी। उन्होंने कहा, 'कोल्हान और संथाल परगना क्षेत्रों समेत राज्य में उनके समर्थकों को रोकने की हर संभव कोशिश की गई, लेकिन हम उस जमीन के टुकड़े पर हल चलाने में कामयाब रहे जिस पर सरकार कृषि भूमि पर रिम्स-2 परियोजना विकसित करना चाहती थी।'उन्होंने आदिवासी समुदाय से एकजुट होकर परंपरा, पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए नया आंदोलन छेड़ने की अपील की, जैसे हमारे पूर्वजों बाबा तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हो, पोटो हो, चांद भैरव और बिरसा मुंडा ने किया था। हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार हमारी आदिवासी स्वशासन व्यवस्था को सशक्त नहीं बनाना चाहती, बल्कि आदिवासी समुदाय को 'अबुआ-अबुआ' (हमारा-हमारा) में उलझाए रखना चाहती है, ताकि कोई सवाल ही न उठ सके।

# सियालदह से गांधीधाम के लिए चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गुजरात की ट्रेनों की त्योहारी सीजन के दौरान लंबी प्रतीक्षा सूची के मद्देनजर रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। धनबाद व गोमो होकर सियालदह से गांधीधाम के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलेगी। गांधीधाम से 17 सितंबर व सियालदह से 20 सितंबर से सेवा शुरू हो जाएगी। इस ट्रेन में जनरल के साथ स्लीपर, थर्ड व सेकंड एसी के कोच जुड़ेंगे। गांधीधाम से चलने वाली ट्रेन में मंगलवार से टिकटों की बुकिंग शुरू हो जाएगी।

09437 गांधीधाम-सियालदह स्पेशल 17 सितंबर से आठ अक्टूबर तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। गांधीधाम से शाम 6:25 पर चलकर शुक्रवार सुबह 8:15 पर कोडरमा, 8:55 हजारीबाग रोड, 9:20 पारसनाथ, 9:38 गोमो व 10:05 पर धनबाद आएगी तथा शम 4:15 पर सियालदह पहुंचेगी।

09438 सियालदह-गांधीधाम स्पेशल 20 सितंबर से चार अक्टूबर तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी। सियालदह से सुबह 5:15 पर चलकर दिन में 10:30 पर धनबाद आएगी। 11 बजे गोमो, 11:18 पारसनाथ, 11:43 हजारीबाग रोड, 12:23 पर कोडरमा होकर रविवार देर रात दो बजे गांधीधाम पहुंचेगी।

सियालदह से गांधीधाम जानेवाली ट्रेन बर्द्धमान, दुगार्पुर, आसनसोल, धनबाद, गया, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी आन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, डीडीयू, मीरजापुर, प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, ईदगाह, बयाना, गंगापुर सिटी, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम, गोधरा, छायापुरी, अहमदाबाद, ध्रांगध्रा व सामाख्याली।

आगामी त्योहार के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा व उनके सुगम आवागमन को धनबाद- गोमो- पारसनाथ-हजारीबाग रोड-कोडरमा के रास्ते गांधीधाम-सियालदह के मध्य गांधीधाम-सियालदह गांधीधाम स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। इसका ठहराव सरिया के हजारीबाग रोड स्टेशन पर भी दिया गया है।

इस बात की जानकारी धनबाद रेल मंडल के वाणिज्य प्रबंधक मोहमद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। बताते चलें कि इस ट्रेन का परिचालन 17 सितंबर, 24 सितंबर, पहली अक्टूबर और आठ अक्टूबर को अप में और डाउन में 20 सितंबर, 27 सितंबर, चार अक्टूबर, और 11 अक्टूबर को किया जाएगा।

इस ट्रेन के परिचालन से इस क्षेत्र के गुजरात, अहमदाबाद, राजस्थान के कोटा आदि में रह रहे लोगों को त्योहारों के अवसर पर सुगम यातायात में सहूलियत होगी।

CMYK

# आज बंगलादेश के खिलाफ सुपर चार में जगह पक्की करने उतरेगा अफगानिस्तान

**अबू धाबी (एजेंसी)।** एशिया कप में बंगलादेश की टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए मंगलवार को होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ मैच को हर-हाल में जीतना होगा। वहीं अफगानिस्तान सुपर चार में जगह पक्की करने मैदान में उतरेगा। बंगलादेश के खिलाफ अफगानिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमों के बीच 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं।

इस दौरान पांच में बांग्लादेश को जीत मिली है। सात मुकाबले अफगानिस्तान ने जीत हैं। दोनों टीमों के बीच खेले गए आखिरी पांच मैचों की बात की जाये तो अफगानिस्तान ने तीन मैच जीते हैं और बंगलादेश को दो में सफलता मिली है। बंगलादेश को एशिया कप के अपने पिछले मैच में श्रीलंका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उसे हार की निराशा से बाहर निकलकर जायेद क्रिकेट स्टेडियम में कल अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के लिए पूरी ताकत झोकनी होगी।



बल्लेबाजी की बात की जाये तो टूर्नामेंट में बंगलादेश का शीर्ष क्रम बिल्कुल भी नहीं चल पा रहा है। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने मिलकर दो मैचों में केवल 33 रन जोड़े हैं। कप्तान लिटन दास एक बेहतरीन खिलाड़ी है उन्हें स्वयं को पूरी तरह से झोंककर लय बनाते हुए थोड़ा साहस दिखाना होगा और जरूरत पड़ने पर लंबी पारी खेलनी होगी। तौहीद हृदय और महेदी हसन को उनका साथ देना होगा तथा जैकर अली और शमीम हुसैन जैसे बल्लेबाजो को निचले क्रम में मजबूती से बल्लेबाजी करनी होगी।

दूसरी ओर, अफगानिस्तान कहीं अधिक आत्मविश्वास से भरी टीम दिख रही है। राशिद खान की टीम ने अपने पिछले मैच में हांगकांग को 94 रनों से हराया था और वे इन परिस्थितियों में लगातार जीत रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले आठ मैचों में से छह जीते हैं और ऐसा लगता है कि वह खाड़ी में खेलने में मजा ले रहे है।

### संभावित प्लेइंग 11

**बंगलादेश** - लिटन दास (कप्तान और विकेटकीपर), परवेज हुसैन इमोन, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, तंजीम हसन साकिब, शोरफुल इस्लाम और मुस्तफिजुर रहमान

**अफगानिस्तान** - राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, इब्राहिम जादरान, गुलबदीन नाइब, अजमतुल्लाह ओमरजई, मोहम्मद नबी, करीम जनत, नूर अहमद, एएम गजनफर और फजलहक फारूकी।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप
# मीनाक्षी और जैस्मिन ने गोल्ड जीते



**जैस्मिन लंबोरिया**
गोल्ड मेडल
**कैटेगरी**
विमेंस 57 किलोग्राम
**किसे हराया**
जूलिया स्जेरेमेटा (पोलैंड)
**स्कोर :** 4-1



**मीनाक्षी**
गोल्ड मेडल
**कैटेगरी**
विमेंस 48 किलोग्राम
**किसे हराया**
नजिम काईजीबे (कजाकिस्तान)
**स्कोर :** 4-1

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय खेल प्रेमियों के लिए दिन की पहली खुशखबरी अंग्रेजों के देश से आई, जब लिवरपूल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की दो बेटियो ने गोल्ड मेडल जीते। पहला मेडल शनिवार-रविवार की दरमियानी रात में आया। जैस्मिन लंबोरिया ने 57 किलोग्राम वेट कैटेगरी में पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट पोलैंड की जूलिया स्जेरेमेटा को 4-1 से मात दी। फिर करीब शाम 4 बजे मीनाक्षी ने 48केजी वेट कैटेगरी के फाइनल मुकाबले में 3 बार की विश्व विजेता कजाकिस्तान की नजिम काईजीबे को 4-1 से मात की। भारत ने विदेशी सरजमीं पर महिला वर्ग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 मेडल अपने नाम किए। इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुक्केबाज बेटियों को बधाई दी।

- **सर्वेश कुशारे हाई जंप के फाइनल में पहुंचने वाले भारतीय** - शाम होते-होते टोक्यों में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप से एक और अच्छी खबर आई। 30 साल के सर्वेश कुशारे 2.25 मीटर की छलांग लगाकर हाई जंप इवेंट के फाइनल में पहुंच गए। वे वर्ल्ड चैंपियनशिप में इस इवेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने हैं।कुशारे का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.27 मीटर है और यह उन्होंने 2022 में दर्ज किया था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2.26 मीटर है। उन्होंने 2023 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।

# सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन

- **फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया, सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज**



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सेंट्रल जोन ने 11 साल बाद दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। टीम ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराया। सेंट्रल जोन सातवीं बार दलीप ट्रॉफी चैंपियन बना है। इससे पहले 2014 में यह खिताब सेंट्रल जोन ने जीता था। सेंट्रल जोन को जीत के लिए महज 65 रन का टारगेट मिला था। टीम ने सोमवार को मुकाबले के पांचवें और आखिरी दिन 4 विकेट खोकर यह टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले, चौथे दिन साउथ जोन अपनी दूसरी पारी में 426 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। सेंट्रल जोन को महज 65 रन का टारगेट ही मिल सका। बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड पर गुरुवार को सेंट्रल जोन ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। साउथ जोन पहली पारी में 149 रन ही बना सका। सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 362 रन की बढ़त हासिल की थी।

# टॉस के वक्त ही तय हो गई थी भारत की जीत

## पाकिस्तान ने कीं 3 बड़ी गलतियां, टीम इंडिया का पाक पर जीत का सिक्सर



**दुबई (एजेंसी)।** 2011 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद एक दुखी पाकिस्तानी फैन ने यह जुमला दिया था। रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने इसे फिर सही साबित कर दिया। पाकिस्तान ने इस मुकाबले में 3 बड़ी गलतियां कीं और शानदार फॉर्म में चल रही टीम इंडिया ने तीनों का बखूबी फायदा उठाया। इनमें से एक गलती तो मैच की पहली गेंद फेंके जाने से भी पहले हो गई थी और संभवतः उसी वक्त पाकिस्तान की हार भी तय हो गई।पाकिस्तान की तीनों गलतियों को विस्तार से जानेंगे, उससे पहले बतौर भारतीय फैन गर्व करने लायक एक रिकॉर्ड जान लीजिए। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की लगातार छठी जीत है।

- **पहली गलती : जहां 18 में से 16 मैच चेजिंग टीम ने जीते वहां पहले बैटिंग चुनी** - दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट ग्राउंड की पिच पर टारगेट का पीछा करने वाली टीम को बहुत ज्यादा फायदा मिलता है। पिछले 5 साल में दुनिया की टॉप-12 टीमों के बीच यहां खेले गए पिछले 18 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में से 16 में टारगेट चेज करने वाली टीम ने जीत हासिल की थी। पाकिस्तान की टीम पिछले 13 साल में भारत को सिर्फ दो टी-20 मैच हरा पाई थी। दोनों जीत भी इसी ग्राउंड पर दूसरी पारी में बैटिंग करते हुए मिली थीं। इसके बावजूद पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला कर लिया। इरफान पठान, अजय अडेजा, संजय मांजरेकर जैसे कमेंटेटर्स ने सलमान के इस फैसले पर हैरानी जताई।
- **दूसरी गलती : टॉप विकेट टेकर हारिस रउफ को प्लेइंग-11 से बाहर रखा** - पाकिस्तान के एशिया कप स्क्वॉड में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा सात विकेट तेज गेंदबाज हारिस रउफ के नाम था। इसके बावजूद पाकिस्तानी थिंक टैंक ने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के सामने अपने सबसे कामयाब गेंदबाज को प्लेइंग-11 से बाहर कर दिया। शाहीन शाह अफरीदी शुरुआत में ही पिट गए और दूसरे छोर से कोई दमदार फास्ट बॉलर न होने का खामियाजा पूरी टीम ने भुगता।

## सूर्या ने जीत भारतीय सेना को समर्पित की, 'भारत माता' की नारे से गूंजा स्टेडियम

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप में पाकिस्तान को हराने के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जीत भारतीय सेना को समर्पित कर दी। सूर्या और टीम इंडिया का मैसेज साफ था कि यह जीत देश के जवानों को सम्मान देने के लिए है। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें आमने-सामने थी। खास बात यह रही कि मैच जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया। इससे पहले टॉस के वक्त भी सूर्या ने [illegible] कप्तान सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टॉस के वक्त और मैच के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों का हाथ-मिलाना कर्टसी माना जाता है। मतलब एक-दूसरे के लिए सम्मानजनक व्यवहार। भारतीय टीम ने संदेश दे दिया कि एशिया कप में खेलना इस टूर्नामेंट के लिए उसका कमिटमेंट है, लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ियों से कर्टसी निभाने का उनका कोई इरादा नहीं है ।भारत ने खेल में भी कोई कर्टसी नहीं दिखाई और एकतरफा अंदाज में पाकिस्तान को हराया।

**सूर्या ने कहा- हम पहलगाम हमले के पीड़ित परिवारों के साथ** - रविवार की सूर्यकुमार यादव का 35वां जन्मदिन था और स्टेडियम में फैंस ने उन्हें बधाई दी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में होस्ट संजय मांजरेकर ने उनके लिए हैप्पी बर्थ-डे सॉन्ग भी गाया। सूर्या ने शुक्रिया अदा करते हुए कहा यह जीत भारत को रिटर्न गिफ्ट है ।प्रजेंटेशन के अंत में सूर्या ने कहा, हम पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। हम अपनी एकजुटता दिखाते हैं और आज की जीत इंडियन आर्म्ड फोर्स को डेडिकेट करते हैं।

# सूर्या ने पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया

## टीम इंडिया ड्रेसिंग रूम गई, दरवाजा बंद कर लिया; अब पीसीबी ने रेफरी हटाने की मांग की



**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए एशिया कप मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस के दौरान या जीत के बाद किसी भारतीय खिलाड़ी ने पाकिस्तानी खिलाड़ी से हाथ नहीं मिलाया। इससे निराश पाकिस्तान कप्तान सलमान आगा मैच के बाद प्रेजेंटेशन सेरेमनी में ही शामिल नहीं हुए। अब [illegible] ने मैच रेफरी को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की है।पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ ना मिलाने के सवाल पर भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, एशिया कप के मामले में बीसीसीआई और सरकार का रुख साफ है। इसी के तहत बतौर टीम मैनेजमेंट हमने फैसला लिया। वहीं, पाकिस्तानी हेड कोच माइक हेसन ने कहा, हमारी टीम मैच के बाद हाथ मिलाने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बाद में पता चला कि भारत ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया है।

### पीसीबी ने शिकायत की

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मैच के कुछ घंटे बाद एक बयान में कहा, हमारे टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया, क्योंकि उन्होंने कप्तानों से टॉस के दौरान हाथ न मिलाने का अनुरोध किया था। फिलहाल मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट की ओर से कोई बयान नहीं आया है। इस शिकायत के कुछ घंटे बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पैंतरा बदला। पीसीबी ने एशियन क्रिकेट काउंसिल से रेफरी की ही शिकायत कर डाली। उसने एसीसी से मैच रेफरी को बदलने की मांग की है।

### हम यहां सिर्फ मैच खेलने आए थे- सूर्या

इसी साल अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पहली बार दोनों टीमें आमने-सामने थीं। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 127 रन बनाए। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 15.5 ओवर में 131 रन बनाकर जीत हासिल की। सूर्या ने छक्के के साथ टीम को जीत दिलाई। सूर्या ने यह जीत भारतीय सेना को समर्पित की, जो मई में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल थे।

# भारत-ए की टीम ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ बैलेंस्ड होगी

## चीफ कोच बोले- श्रेयस अय्यर तैयार, यह सीरीज सीनियर टीम से पहले बड़ा मौका



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारत-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच चार दिवसीय टेस्ट मैच से पहले इकाना स्टेडियम में दोनों टीमों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत-ए के चीफ कोच ऋषिकेश कनिटकर ने टीम इंडिया और कैप्टन को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- टीम बैलेंस्ड है और श्रेयस अय्यर तैयार हैं। वह सभी फॉर्मेट के अच्छे प्लेयर हैं। उनका माइंडसेट क्लियर है। टेस्ट क्रिकेट में भी उन्होंने सेंचुरी जड़ी है। यह खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका है।इंटरनेशनल एक्सपीरियंस खिलाड़ियों को मिलेगा।इसमें से अधिकतर प्लेयर्स दिलीप ट्रॉफी का मैच खेल चुके हैं।

- **कोच बोले- यह आइडल टूर्नामेंट है** - मुख्य कोच ने कहा कि इसमें यह नेक्स्ट लेवल है, जिसमें वह सीनियर टीम के लिए मौका पाएंगे। यह आइडल टूर्नामेंट है। इसमें अच्छा खेलने वाले खिलाड़ी सीनियर टीम में खेलने का मौका पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया-ए के लिए खेलने वाले खिलाड़ी निश्चित तौर पर आगे सीनियर टीम का हिस्सा होंगे।

# सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 23 विकेट झटके थे, मैट हेनरी और जायडन सील्स को पीछे छोड़ा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आईसीसी ने अगस्त महीने का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है। उन्होंने इस रेस में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जायडन सील्स को पीछे छोड़ा। सिराज को यह अवॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के ओवल टेस्ट में दमदार प्रदर्शन के लिए मिला है। उन्होंने आखिरी पारी में 5 विकेट लेकर भारत को 6 रन की रोमांचक जीत दिलाई थी। इसी जीत के सहारे भारत 2-1 से पिछड़ने के बावजूद सीरीज ड्रॉ कराने में कामयाब रहा।

**5 मैचों की इस सीरीज में 23 विकेट लिए** - 5 मैचों की इस सीरीज में भारत और इंग्लैंड के कई खिलाड़ी चोटिल रहे, लेकिन सिराज ने लगातार 5 टेस्ट में खेले। इतना ही नहीं, 23 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज बने। उन्होंने 185.3 ओवर डाले।

### ओवल टेस्ट में 9 विकेट झटके थे

सिराज ने पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने ओवल टेस्ट जीता और सीरीज 2-2 से बराबर की। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### हेनरी और सिल्स का प्रदर्शन

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 टेस्ट सीरीज जीत में 16 विकेट झटके। उन्होंने पहले टेस्ट में 6/39 और 3/51 तथा दूसरे में 5/40 और 2/16 के आंकड़े दर्ज किए। वेस्टइंडीज के जायडन सील्स ने पाकिस्तान के खिलाफ 34 साल बाद वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट झटके। आखिरी मैच में उन्होंने करियर बेस्ट 6/18 परफॉर्म किया।

# सौरव गांगुली का फिर बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन प्रेसिडेंट बनना संभव

## उनके खिलाफ किसी प्रत्याशी का नॉमिनेशन नहीं, बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली एक फिर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने केब के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। उनके खिलाफ किसी और प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा है। ऐसे में उम्मीद है कि वह 22 सितंबर को होने वाले केब चुनाव में वे अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली की जगह लेंगे।

**हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा- गांगुली** - गांगुली ने रविवार को एक बयान में कहा, मैं सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। केब में कोई विपक्ष नहीं है। हर कोई इस एसोसिएशन का हिस्सा है। हम सब मिलकर केब और बंगाल क्रिकेट को आगे ले जाएंगे। आगे आने वाले सीजन में ईडन गार्डन्स को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच, मेंस टी-20 वर्ल्ड कप और बंगाल प्रो टी-20 लीग की मेजबानी करनी है। मैं इसके सफल मेजबानी की पूरी कोशिश करूंगा। सौरव गांगुली का क्रिकेट करियर लगभग 16 साल का रहा। वे इससे पहले 2015 से 2019 तक केब अध्यक्ष रह चुके हैं।



**2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे** - इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक केब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था।

- **गांगुली का क्रिकेट करियर लगभग 16 साल का रहा** - गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था। वह साल 2000 में भारत के कप्तान बने। गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेशों में कई ऐतिहासिक टेस्ट मैच जीते और 2003 वर्ल्ड कप फाइनल तक का सफर तय किया। 2002 में लॉर्ड्स में नेटवेस्ट ट्रॉफी जीती। उन्होंने 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

# हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन रोकेगा मैरिट सर्टिफिकेट फर्जीवाड़ा

- **अब जन्मतिथि और आधार नंबर जरूरी, माता-पिता का नाम भी करना होगा अंकित**

**पंचकूला (एजेंसी)।** हरियाणा में सरकारी नौकरी पाने के लिए कई लोग फर्जी खेल प्रमाण पत्र बनवा रहे थे। इस पर अब हरियाणा ओलिंपिक एसोसिएशन ने सख्ती दिखाते हुए कदम उठाया है। संघ ने प्रदेश की सभी खेल एसोसिएशनों और जिला खेल अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि अब किसी भी खिलाड़ी को खेल प्रमाण पत्र जारी करते समय उसकी जन्मतिथि और आधार कार्ड नंबर दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही खिलाड़ी के माता-पिता का नाम भी प्रमाण पत्र में लिखा जाएगा। इतना ही नहीं, मैरिट में आने वाले खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र की सही तरीके से जांच की जाएगी और तभी उनका वितरण किया जाएगा। इस पहल के बाद फर्जीवाड़ा करने वालों के रास्ते बंद हो जाएंगे और केवल असली खिलाड़ियों को ही इसका फायदा मिल सकेगा।

## क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे गिरोह पर दिल्ली पुलिस का ऐक्शन, 6 को दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार पुलिस ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि इनके पास से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल फोन, कॉल पैचिंग डिवाइस, सट्टेबाजी के विस्तृत विवरण वाले रजिस्टर और बहीखाते, प्रिंटर, पांच कैलकुलेटर, स्टेशनरी, नकद व एलईडी टीवी बरामद किया है। आरोपियों के नामपकड़े गए आरोपियों में लाल बाबू साहनी, जितेंद्र शर्मा, राजू शाह, दिलीप साहनी, हिमांशु रवि, मोहित शामिल हैं।खुली थीं ऑनलाइन सट्टेबाजी की वेबसाइटेंपुलिस अधिकारी ने बताया कि लैपटॉप में ऑनलाइन सट्टेबाजी की वेबसाइटें खुली थीं जबकि एलईडी में लाइव क्रिकेट मैच दिखाया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, पुलिस को मयूर विहार इलाके में शनिवार को लाइव क्रिकेट मैच पर सट्टेबाजी से संबंधित पीसीआर कॉल मिली। एक कॉल के बाद ऐक्शनकॉल के बाद पुलिस इमैनुअल चर्च के पास चिल्ला गांव की गली संख्या छह में दिए गए पते पर पहुंचकर छापेमारी की।इस दौरान पुलिस ने छह आरोपियों को रंगे हाथ लैपटॉप, मोबाइल फोन और कॉल पैचिंग उपकरणों का उपयोग करके एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए दबोच लिया। गिरोह के बारे में मिली जानकारीपूछताछ करने पर पता चला कि गिरोह कई गैजेट्स और इलेक्ट्रॉनिक साधनों का उपयोग करके एक संगठित सट्टेबाजी रैकेट चला रहा था।कॉल पैचिंग सिस्टम से मैनेज करते थे फोन कॉलपीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों सट्टे को अंजाम देने लिए 32 मोबाइल फोन, कई कॉलों को संभालने के लिए एक जीएसएम कॉल पैचिंग सिस्टम और सट्टेबाजी वेबसाइटों से अपडेट ट्रैक करने के लिए लैपटॉप का इस्तेमाल किया। बरामद हुए ये सामानअधिकारियों ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके से तीन लैपटॉप, 32 मोबाइल फोन, एक जीएसएम डिवाइस, रजिस्टर, कैलकुलेटर, एक प्रिंटर, एक एलईडी टीवी और 2,720 रुपये नकद जब्त किए हैं।

## 25 टीमें, 25 लोकेशन ; दिल्ली के 380 पुलिसवालों ने एनसीआर में एक साथ मारे छापे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका जिले के 380 पुलिसकर्मियों की 25 टीमों ने आज दिल्ली–एनसीआर और हरियाणा में एक साथ 25 जगहों पर छापेमारी की है। पुलिस की 25 अलग–अलग टीमों द्वारा दिल्ली में 19 और हरियाणा में 6 स्थानों पर गैंगस्टरों और उनके मददगारों पर यह छापेमारी की गई। पुलिस के मुताबिक, द्वारका और आसपास के इलाकों में सक्रिय गैंगस्टरों की रीढ़ तोड़ने के लिए एक समन्वित और व्यापक छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने इस छापेमारी में गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के फाइनेंसर के घर से 34.75 लाख रुपये कैश और लगभग 50 लाख रुपये के सोने के गहने बरामद किए हैं। इसके साथ ही पुलिस के इस ऑपरेशन के दौरान फायरिंग, जबरन वसूली के मामलों में शामिल छह आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही 8 देशी तमंचे, 29 जिंदा कारतूस और तीन मैगजीन भी बरामद की गई हैं। पुलिस 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 26 लोगों को भी हिरासत में भी लिया है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह की निगरानी और एसीपी ऑपरेशंस द्वारका रामअवतार के नेतृत्व में कई थानों के एसएचओ और दर्जनों इंस्पेक्टरों समेत 380 पुलिसकर्मियों को मिलाकर बनाई गई इन टीमों ने सभी जगह ताबड़तोड़ छापे मारकर हड़कंप मचा दिया। 26 लोग हिरासत में लिए गएइन टीमों ने दिल्ली में 19 और हरियाणा में 6 स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर 26 लोगों को हिरासत में लिया गया। छापेमारी और तलाशी के दौरान बरामदगी के आधार पर विभिन्न अपराधों के लिए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हिरासत में लिए गए और गिरफ्तार किए गए आरोपी कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग और विक्की टक्कर गैंग से संबंधित हैं।

# सेल्फ बैगेज ड्रॉप, ऑटोनॉमस डॉकिंग दिल्ली का टर्मिनल तो गजब बदल गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के आईजीआई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का टर्मिनल 2 यात्रियों के स्वागत के लिए तैयार है। इसे अगले महीने यानी 26 अक्टूबर से सभी के लिए खोल दिया जाएगा। इस बार टर्मिनल 2 को नए कलेवर में पेश किया जाएगा जिसमें 'सेल्फ बैगेज ड्रॉप', छह नए पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज सहित कई एडवांस सुविधाएं होंगी। जीएमआर एयरो ने टर्मिनल 2 के बारे में आज जानकारी दी। अपग्रेड किया गया टी2 यात्रियों को खुश करने और उन्हें एक सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।



टर्मिनल 2 को 40 साल पहले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने बनाया था, इसे अपग्रेड करने के वास्ते अप्रैल में अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, जब अत्याधुनिक टर्मिनल 1 पूरी तरह से चालू हो गया था। 25-26 अक्टूबर, 2025 की मध्यरात्रि से, एयर इंडिया और इंडिगो की ओर से संचालित लगभग 120 दैनिक घरेलू उड़ानें अपग्रेड किए गए टर्मिनल 2 में स्थानांतरित होने के लिए तैयार हैं। इससे संचालन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और हर दिन लाखों यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा।

इस विकास के बारे में बात करते हुए सीईओ-डायल विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा, ÷टर्मिनल 2 सिर्फ एक सुविधा का अपग्रेड नहीं है, बल्कि यात्री यात्रा का पूरी तरह से नया रूप है। सेल्फ बैगेज ड्रॉप और ऑटोनॉमस डॉकिंग एरोब्रिज जैसी नवीन तकनीकों के साथ, हम यात्रियों को सशक्त बना रहे हैं, दक्षता को बढ़ा रहे हैं, और आईजीआई हवाई अड्डे को विमानन के भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं। जैसे-जैसे भारत का सबसे व्यस्त विमानन केंद्र अपने अगले चरण की ओर बढ़ रहा है, ये विश्व-स्तरीय सुधार डायल के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं कि वह देश की बढ़ती हवाई यात्रा की आकांक्षाओं का समर्थन करते हुए एक बेजोड़ यात्री अनुभव प्रदान करेगा।÷अपग्रेड किया गया टर्मिनल 2, यात्रियों के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है, जैसे सेल्फ बैगेज ड्रॉप (एसबीडी) सुविधा और ऑटोनॉमस डॉकिंग टेक्नोलॉजी वाले नए पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज। सेल्फ बैगेज ड्रॉप सुविधा यात्री सुविधा में एक बड़ा बदलाव लाने वाली है क्योंकि यह यात्रियों को अपनी यात्रा पर पूर्ण नियंत्रण प्रदान करती है। यह स्वतंत्र सामान चेक-इन सुविधा कम करेगी, इंतजार के समय को कम कर देगा, जिससे यात्रियों को एक निर्बाध हवाई अड्डे का अनुभव मिलेगा। इसका मतलब है कोई लंबी कतारें नहीं; अपने बोर्डिंग पास को स्कैन करें, अपने सामान पर टैग लगाएं, और मिनटों में अपनी उड़ान भरें।

पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज में ऑटोनॉमस डॉकिंग टेक्नोलॉजी की सुविधा है, यह भारत में अपनी तरह की पहली तकनीक है। इससे विमानों की हैंडलिंग और भी तेज और स्मार्ट होगी। डायल ने दक्षिण कोरिया से अत्याधुनिक छह पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज प्राप्त किए हैं, जिसमें सुरक्षा और समग्र अनुभव को बढ़ाने के लिए उन्नत सुविधाओं को डिजाइन किया गया है। इनमें व्हीलचेयर वाले यात्रियों के लिए ढलान वाले रैंप और बेहतर सुरक्षा और सौंदर्यशास्त्र के लिए समायोज्य केबिन शामिल हैं, साथ ही स्विंग दरवाजे भी हैं जो एक आधुनिक और आकर्षक डिज़ाइन में यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।आधुनिक छत और इनोवेटिव स्काईलाइट डिजाइनों के साथ, टर्मिनल एक उज्ज्वल, खुला और आकर्षक माहौल प्रदान करता है। यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नत रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से भी फायदा होगा, जो टर्मिनल से और तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा। अपग्रेड किए गए टर्मिनल 2 में महत्वपूर्ण यांत्रिक और विद्युत सुविधाएँ हैं, जिनमें बेहतर सिस्टम भी शामिल हैं जो इष्टतम वायु गुणवत्ता और यात्री आराम को सुनिश्चित करते हैं।

उन्नत अग्नि सुरक्षा प्रणालियों को सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्थापित किया गया है, जबकि अतिरिक्त विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर को हवाई अड्डे के संचालन को निर्बाध रूप से सहायता देने के लिए एक स्थिर और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए स्थापित किया गया है।इसमें एक नया, हाई-रिज़ॉल्यूशन फ्लाइट इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम भी है जो वास्तविक समय की उड़ान की जानकारी को अधिक सटीकता, जिससे यात्री सुविधा में वृद्धि होती है। विशेष रूप से डिजाइन किए गए साइनेज को टर्मिनल के माध्यम से स्पष्ट संचार सुनिश्चित करने के लिए भी स्थापित किया गया है, विशेष रूप से कम गतिशीलता वाले व्यक्तियों के लिए। इसके अतिरिक्त, एयरसाइड और एप्रन क्षेत्रों में, चार दशकों से अधिक समय से सेवा की जा रही है, जिससे हवाई जहाज के संचालन को सुचारू बनाने और बढ़ती हुई यातायात दक्षता को समायोजित करने के लिए बड़े सुधार किए गए हैं।

## जेवर एयरपोर्ट के कार्गो हब में अनाथ युवाओं को मिलेंगी नौकरियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेवर ने बन रहे नोएडा एयरपोर्ट पर 87 एकड़ में तैयार हो रहा मल्टी मॉडल कार्गो हब अनाथ और वंचित युवाओं के लिए उम्मीद की किरण बनेगा। यहां 18 वर्ष से ऊपर के अनाथ युवाओं को कार्गो ऑपरेशन, वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में नौकरी मिलेगी।




कार्गो हब तैयार कर रही कंपनी एयर इंडिया एसएटीएस के अधिकारी के मुताबिक कंपनी रोजगार के लिए पहले अनाथ युवाओं को ट्रेनिंग देगी। कंपनी के पास दिल्ली और हैदराबाद में ट्रेनिंग एकेडमी है, जहां 18 साल और इससे ऊपर के युवाओं को क्लास, प्रैक्टिकल, कार्य समझने और सीखने के लिए लाइव साइट एक्सपोजर मिलेगा। यह ट्रेनिंग युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करती है। शुरुआत में इन्हें कार्गो सिक्योरिटी, वेयर हाउसिंग कार्य, डॉक्यूमेंटेशन जैसी शुरुआती जिम्मेदारी मिलेगी। बाद में अनुभव के आधार पर वह सुपरवाइजर या विशेषज्ञ पदों पर पहुंच सकते हैं। सामाजिक पहल के तहत कंपनी पूर्व में भी दिल्ली एयरपोर्ट पर अनाथ युवाओं को ट्रेनिंग और नौकरी दे चुकी है।

कार्गो हब का ढांचागत कार्य पूरा हो चुका है। इंटीग्रेटेड वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक्स जोन में 42 ट्रकों की पार्किंग क्षमता वाला केंद्र और 27 भारी वाहनों के लिए डॉकिंग जोन तैयार हो चुका है। यह भारत के सबसे बड़े कार्गो हब में एक होगा। इसके बनने से नोएडा एशिया के सबसे मजबूत लॉजिस्टिक्स गेटवे में गिना जा सकेगा।

डॉ. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर, एयरपोर्ट शुरू होने से यहां पर न सिर्फ गौतमबुद्ध नगर बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। एयरपोर्ट का संचालन जिले के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जिला रोजगार देने में भी नंबर वन बनाएगा।

## बलात्कारी और लड़की के बीच लूडो ; भारत–पाक मैच पर आप नेता का तंज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेले गए टी20 मुकाबले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) भड़की हुई है। पार्टी मैच खत्म हो जाने के बाद भी केंद्र सरकार पर हमलावर है। इस बीच आप के दिल्ली संयोजक और पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कटाक्ष करते हुए इस मैच की तुलना एक बलात्कारी और पीड़िता के बीच लूडो से कर दी।सौरभ भारद्वाज लगातार ने क्रिकेट मैच को लेकर भड़ास निकालते हुए एक्स पर लिखा, अब किसी का बलात्कार होगा तो सरकार को बलात्कारी और पीड़ित लड़की के बीच लूडो खिलवा देना चाहिए। आरोपी लूडो हार गया तो आरोपी बरी, पीड़ित लड़की लूडो जीतकर खुश, सरकार डबल खुश। हालांकि, सौरभ भारद्वाज की इस टिप्पणी पर कुछ यूजर्स ने आपत्ति जाहिर की और उन्हें संवेदनशीलता बरतने की नसीहत दी।एक अन्य ट्वीट में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चार महीने पहले, 59 भारतीय नेताओं ने 32 देशों का दौरा करके कहा कि पूरी दुनिया पाकिस्तान को अलग-थलग करे,उसको आतंवादी राष्ट्र माने।



## पुलिस ने 6 आरोपियों की गिरफ्तारी के अलावा कुल 26 लोगों को भी हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की तिहाड़ जेल प्रशासन ने अब एक नई व्यवस्था लागू की है। रिहा होने वाले कैदी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, पैरोल, फरलो या अंतरिम जमानत पर रिहा होने वाले कैदियों को उनके सरेंडर करने की तारीख पहले ही बता दी जाएगी। यह कदम दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद उठाया गया है। इसका उद्देश्य कैदियों को समय पर सरेंडर करने में मदद करना और देरी से सरेंडर के कारण उत्पन्न होने वाली कानूनी समस्याओं को रोकना है। अब तक कैदियों के देर से लौटने पर उनकी सजा बढ़ाई जाती रही है, जिससे वे अतिरिक्त दंड भुगतते हैं।अधीक्षक पर जिम्मेदारी तय ÷ नई व्यवस्था के तहत जेल अधीक्षक की जिम्मेदारी होगी कि कैदियों को समय रहते पूरी जानकारी दी जाए। दिल्ली कारागार नियम 2018 के नियम 1236 के अनुसार, अधीक्षक को सुनिश्चित करना होगा कि हर कैदी को लिखित और मौखिक दोनों तरह से सरेंडर से जुड़ी सूचना मिले। रिकॉर्ड में इसका उल्लेख करना और कैदी से रसीद लेना भी अनिवार्य होगा।इसलिए यह कदम उठायाबड़ी संख्या में कैदी कम पढ़े-लिखे या अनपढ़ होते हैं, जिन्हें सरेंडर की सही तारीख की जानकारी नहीं मिलती। ऐसे कैदियों को समय पर वापसी न करने पर न केवल अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ती है, बल्कि उनके खिलाफ वॉरंट जारी करने या गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई भी होती है। इतना ही नहीं, भविष्य में उनकी पैरोल मिलने की संभावना भी कम हो जाती है। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद उम्मीद है कि अब कैदी समय पर लौटेंगे और पैरोल जंप जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा। अभी नहीं है ऐसा कोई भी नियमपैरोल या फरलो मिलने पर कैदियों को जानकारी दी जाती है।

## रूस में बढ़ रहा हिंदी का क्रेज, सिखाने के लिए नए केंद्र खोल रही सरकार

**मॉस्को, एजेंसी।** भारत में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा अब रूस में भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही है। सोवियत संघ के पतन के तीन दशक के बाद रूस में हिंदी सीखने वाले इच्छुक व्यक्तियों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। लोगों की बढ़ती दिलचस्पी के देखते हुए स्थानीय सरकार अब हिंदी भाषा को पढ़ाने वाले संस्थानों की संख्या को बढ़ा रही है। इस मामले पर बात करते हुए रूस के उच्च शिक्षा उपमंत्री कोंस्टेंटिन मोगिलेव्स्की ने कहा कि रूस चाहता है कि उनके ज्यादा से ज्यादा छात्र हिंदी सीखें।

रूसी समाचार एजेंसी ताश से बात करते हुए मोगिलेव्स्की ने कहा, भारत आज दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। ज्यादातर भारतीय आपसी समझ के लिए अंग्रेजी के बजाय हिंदी भाषा का प्रयोग करते हैं। हमें दोनों देशों के बीच में ज्यादा से ज्यादा संपर्क बढ़ाने के लिए हिंदी समेत अन्य भारतीय भाषाएं सीखने की जरूरत है। मोगिलेव्स्की के मुताबिक क्रेमलिन लगातार रूसी लोगों में हिंदी के प्रति बढ़ती रुचि से परिचित है। इसलिए इस भाषा को पढ़ाने वाले शैक्षणिक संस्थानों की संख्या को लगातार बढ़ाया जा रहा है।

मोगिलेव्स्की ने कहा. आज हिंदी सीखने के लिए युवाओं के पास पहले से कहीं ज्यादा अवसर हैं। अकेले में ही अकेले मॉस्को में ही एमजीआईएमओ स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस, आरएसयूएच,



मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी का एशियाई और अफ्रीकी अध्ययन संस्थान और मॉस्को स्टेट लिंग्विस्टिक यूनिवर्सिटी हैं। इसके अलावा सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी, कज़ान फ़ेडरल यूनिवर्सिटी और अन्य यूनिवर्सिटिज में भी हिंदी पढ़ाई जाती है। हिंदी कोर्स में नामांकित छात्रों की संख्या बढ़ रही है,और समूहों की संख्या दो से तीन गुना ज्यादा है।

आपको बता दें सोवियत संघ के समय मॉस्को में हिंदी को लेकर क्रेज अपने चरम पर था। स्थानीय सरकार भी हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने का प्रयास करती थी। इतना ही नहीं सरकार ने कुछ प्रकाशकों को रूसी लेखकों की पुस्तकों के हिंदी अनुवाद निकालने के लिए भी प्रोत्साहित किया। हालांकि सोवियत संघ के पतन के बाद मॉस्को में हिंदी पढ़ाने वाले सबसे पुराने बोर्डिंग स्कूल को बंद कर दिया गया। इसके अलावा रेडियो मॉस्को ने भी हिंदी के प्रसारण को बंद कर दिया और प्रोग्रेस और रादुगा प्रकाशन समूहों ने हिंदी में किताबें निकालनी बंद कर दी थीं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति लूला का ट्रंप को जवाब- देश का लोकतंत्र बिकाऊ नहीं है

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अमेरिका द्वारा ब्राजील से आयातित सामान पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह फैसला राजनीतिक और तर्कहीन है। लूला ने न्यूयॉर्क टाइम्स के एक लेख में कहा कि उनकी सरकार हर उस मुद्दे पर बातचीत को तैयार है, जिससे दोनों देशों को लाभ हो, लेकिन ब्राजील का लोकतंत्र और संप्रभुता सौदेबाजी की मेज पर नहीं है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई में यह शुल्क लगाया था। उन्होंने तर्क दिया था कि ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ जो मुकदमा चल रहा है, वह एक राजनीतिक साजिश है। यह मुकदमा बीते बृहस्पतिवार को खत्म हुआ, जब ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के जजों के पैनल ने 2022 के चुनाव हारने के बाद बोल्सोनार को सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश के लिए दोषी ठहराया। इस फैसले से यह आशंका बढ़ी है कि अमेरिका ब्राजील पर और भी प्रतिबंध लगा सकता है।

● अमेरिका में बड़े धमाके की साजिश नाकाम

## यूटा में न्यूज चैनल की गाड़ी के नीचे मिला विस्फोटक, दो गिरफ्तार

**वाशिंगटन/यूटा, एजेंसी।** अमेरिका के यूटा राज्य में एक बड़े धमाके की साजिश नाकाम कर दी गई। फॉक्स 13 न्यूज चैनल की गाड़ी के नीचे एक विस्फोटक डिवाइस मिलने के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह डिवाइस असली थी और उसे जलाया भी गया था, लेकिन उसमें विस्फोट नहीं हो सका। इस मामले में 58 वर्षीय अदीब नसीर और 31 वर्षीय आदिल जस्टिस अहमद नसीर नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।




**एफबीआई ने संभाला मामला**–फॉक्स 13 की रिपोर्ट के मुताबिक, यह डिवाइस शुक्रवार को गाड़ी के नीचे मिली थी। जांच में पता चला कि यह डिवाइस बेहद खतरनाक थी और अगर यह सक्रिय हो जाती तो आसपास के लोगों की जान को बड़ा खतरा हो सकता था। इसके बाद फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने मामला अपने हाथ में ले लिया क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ मामला माना गया। शनिवार को एफबीआई ने सॉल्ट लेक सिटी पुलिस और यूनिफाइड फायर बम स्क्वॉड के साथ मिलकर संदिग्धों के घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान घर और आस-पड़ोस के कई घरों को खाली कराया गया ताकि किसी और विस्फोटक के खतरे को टाला जा सके।

**घर से मिले कई हथियार और ड्रग्स**–छापेमारी में एफबीआई को सिर्फ विस्फोटक ही नहीं, बल्कि कई अन्य खतरनाक चीजें भी मिलीं। इसमें हथियार और गोलियां, विस्फोटक से जुड़ा सामान, अवैध नशीले पदार्थ और उनके उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस शामिल है, जिनमें सबूत मिलने की संभावना है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर पहले से ही प्रोटेक्टिव ऑर्डर लागू था, जिसके तहत उन्हें हथियार रखने की इजाजत नहीं थी।

**संदिग्धों के खिलाफ बड़े आरोप**–गिरफ्तार दोनों आरोपियों पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इसमें आतंकवाद की धमकी, विनाशकारी हथियार रखने का आरोप, विस्फोटक उपकरण रखने का आरोप शामिल है। वहीं एफबीआई की जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने जांचकर्ताओं से कहा था कि घर में पाए गए दो नकली विनाशकारी हथियार असल में असली थे।

# अमेरिकी विदेश मंत्री के दौरे से पहले इजरायल ने गाजा को दहलाया, 32 की मौत

● ऊंची इमारतों पर बरसाए बम

**गाजा पट्टी, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के पहुंचने से पहले इजरायल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। इजरायली सेना ने रविवार को गाजा शहर में करीब 30 से ज्यादा ऊँची इमारतों पर ताबड़तोड़ बम बरसाए, जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई है। गाजा सिटी के शिफा अस्पताल के अनुसार, मृतकों में 12 बच्चे भी शामिल हैं। इन हमलों की वजह से हजारों लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। इजरायली सेना ने इस हमले के कुछ ही घंटों के भीतर गाजा शहर में कई टावरों को खाली करने के आदेश भी जारी किए। फिलिस्तीनी चिकित्सा कर्मचारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि फलस्तीनियों से गाजा शहर खाली करने की अपील की गई है।

मामले से परिचित एक सूत्र के अनुसार, यह हमला इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा बुलाई गई बैठक से पहले हुआ है, जिसमें इस बात पर चर्चा की जानी है कि जब इजरायली सेना गाजा शहर पर नियंत्रण करने के लिए जमीनी अभियान चलाएगी, तो गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को नुकसान पहुंचाने से कैसे बचाया जाए। इजरायल पहले ही तह चुका है कि वह गाजा शहर पर कब्जा करके रहेगा, जहां लाखों फिलिस्तानी शरण लिए हुए हैं।

इसी मकसद से इजरायल ने हाल के दिनों में गाजा शहर में हमले तेज कर दिए हैं, कई ऊंची इमारतों को नष्ट कर दिया है और हमास पर उनमें निगरानी उपकरण लगाने का आरोप लगाया है। इसने निवासियों को शहर छोड़ने का आदेश दिया है, जो सबसे बड़े फलस्तीनी शहर पर कब्जा करने के उद्देश्य से एक हमले का हिस्सा है। इजराइल इसे हमास का आखिरी गढ़ कहता है जहां लाखों लोग अब भी अकाल की स्थिति से जूझ रहे हैं।

**हमलों के बाद धुएं का गुबार उठता दिखा–** स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि रातभर और शनिवार तड़के किए गए हमलों में से एक ने शेख रदवान के पड़ोस में स्थित एक घर को निशाना बनाया, जिसमें एक महिला और उसके तीन बच्चों समेत 10 लोगों के परिवार की मौत हो गई। तस्वीरों में हमलों के बाद धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। इजराइली सेना ने हमलों के बारे में पूछे गए सवालों का तुरंत जवाब नहीं दिया है। सहायताकर्मियों के अनुसार, बढ़ती शत्रुता और शहर खाली करने के आह्वान के मद्देनजर, हाल के हफ्तों में शहर छोड़ने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।



**फिलिस्तीनियों से क्षेत्र खाली करने की अपील–** हालांकि, कई परिवार परिवहन और आवास संबंधी खर्च के कारण अब भी फंसे हुए हैं, जबकि कई लोग कई बार विस्थापित हो चुके हैं और अब दोबारा नहीं जाना चाहते, क्योंकि उन्हें भरोसा नहीं है कि इस इलाके में उनके लिए कहीं भी कोई सुरक्षित जगह है। सोशल मीडिया पर शनिवार को एक संदेश में इजराइली सेना ने गाजा शहर में बचे हुए फलस्तीनियों से 'तुरंत' वहां से निकलकर दक्षिण की ओर उस क्षेत्र में जाने को कहा जिसे वह मानवीय क्षेत्र कह रही है।

**ढाई लाख से ज्यादा लोग गाजा छोड़ चुके**–सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने कहा कि ढाई लाख से अधिक लोग गाजा शहर छोड़ चुके हैं।गाजा में अस्थायी आश्रय स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में की गई एक पहल के अनुसार, पिछले सप्ताह तक 86,000 से अधिक टेंट और अन्य सामग्री की आपूर्ति के लिए अब भी गाजा में प्रवेश के लिए मंजूरी का इंतजार था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में कुपोषण से संबंधित कारणों से बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई।

# राज्य स्तरीय टॉपरों को मिला चेक, लैपटॉप, मोबाइल एवं प्रशस्ति पत्र

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आइसीएसई, सीबीएसई एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित शैक्षणिक वर्ष 2024 - 25 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिले के छात्र-छात्राओं ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। राज्य में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार द्वारा सेंट जेवियर स्कूल बोकारो की छात्रा उमा शर्मा, सेंट जेवियर स्कूल बोकारो स्टील सिटी के छात्र राज रतन माला, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 04 बोकारो स्टील सिटी की छात्रा सुमेधा महेश्वरी, वी.के. मजदूर इंटर कॉलेज चास के जगन्नाथ सिंह चौधरी आदि को सम्मानित किया गया।



### द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष सम्मान

राज्य स्तरीय परीक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बोकारो जिले के छात्र-छात्राओं को सम्मानस्वरूप 2,00,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप - मोबाइल फोन प्रदान किया गया।

### तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मिला प्रोत्साहन

राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए 1,00,000 का चेक, प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप - मोबाइल फोन दिया गया।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के छात्र को मिला सम्मान

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बोकारो के छात्र ने 10वीं की परीक्षा में राज्य में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। उन्हें उप विकास आयुक्त द्वारा लैपटॉप एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### डीडीसी ने सभी का किया उत्साहवर्धन

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि बोकारो जिला शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां के छात्र राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। आज सम्मानित सभी छात्र-छात्राएं आने वाले समय में समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जिला प्रशासन सदैव मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करता रहेगा। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा, एपीओ अविनव सिन्हा समेत विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ के मद्देनजर सिविल डिफेंस की ओर से प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल कार्यालय चास स्थित सभागार में सिविल डिफेंस की ओर से आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पूजा पर्व में बढ़ते हुए भीड़ को देखते हुए आयोजित किया गया, जिसमें बोकारो शहरी क्षेत्र एवं चास शहरी तथा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे पूजा के पूजा समिति के सदस्यों तथा पंडाल के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।




### आपको पूरी तरह से सावधान एवं तत्पर रहना होगा

अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढांडा ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बताया कि पूजा आस्था की बात है हमलोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं, लेकिन आपको पूरी तरह से सावधान एवं तत्पर रहना होगा, जिससे किसी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो।

सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एसपी वर्मा ने भीड़ नियंत्रण करने का उपाय बताया एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉक्टर निशांत ने सीपीआर देने के तरीकों को प्रायोगिक तौर पर दिखाया तथा बेहोशी की हालत में घायल रोगियों की इलाज करने के प्राथमिक चिकित्सा का प्रदर्शन किया। साथ ही अन्य गुर सिखाया। अग्निशमन पदाधिकारी भगवान ओझा ने अग्निशामक यंत्रों के संचालन करने के तरीकों को भी समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप मुरारी झा, जय प्रकाश सिंह, आस्तिक धीवर सहित सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक तथा सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### संकल्प सृजन के पुरखा पूजन समारोह में 42 एकल असहाय बुजुर्गों का हुआ पूजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संकल्प सृजन झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में पितृपक्ष की मातृनवमी को होने वाले पुरखा पूजन का आयोजन आज आश्विन कृष्ण मातृनवमी तिथि को माँ अंबे गार्डन, सेक्टर 2, बोकारो में किया गया। बुजुर्गों का प्रथम स्वागत मुख्य द्वार पर पद-प्रक्षालन तथा तिलक से किया गया। सभागार में सर्वप्रथम उपस्थित बुजुर्गों समेत पूजन कर्ता अतिथि एवं संस्था के सदस्य गणों ने भारत माता चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। आयोजन में उपस्थित बतौर मुख्य पूजनकर्ता प्रकाश कुमार मिश्रा, उप मंडल प्रमुख, पी एन बी , श्रीमती कल्याणी गुप्ता , संरक्षिका संकल्प सृजन, सेवा निवृत श्रम अधीक्षक अनिल वर्मा जी, डॉ आर एन सिंह जी, सुधीर कुमार, प्रचारक (आर एस एस) उपस्थित रहे। अतिथि स्वरूप उपस्थित बुजुर्गों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया। उन्हें जीविकोपार्जन हेतु आवश्यक वस्तुएं भी प्रदान की गई।

### बीजीएच में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक में सेल,अनुसूचित जनजाति कर्मचारी महासंघ के तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी डॉ बी बी करुणामय ने किया. इस मौके पर बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी एसीएमओ डॉ सुरेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ उपस्थित थे. डॉ करुणामय ने इस मौके पर कहा कि रक्तदान का मुख्य उद्देश्य, थैलेसिमीया, सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना, तथा रक्त की कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है. यह अत्यन्त सराहनीय कार्य है और लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए ताकि बोकारो जनरल अस्पताल में आकस्मिक मरीज की रक्त चढ़ाकर जान बचाई जा सके. रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. रक्तदान शिविर को सफल बनाने में काउन्सलर कविता कुमार (झारखण्ड सरकार), नर्सिंग सिस्टर रजिता एक्का, विनिता, लैब तकनीशियन संजय कुमार अंकिता,मोजेज , पंजीकरणकर्ता विभूतिका एंव कौशल कुमार का अंहम योगदान रहा.



### अनुकंपा पर नियुक्त निम्न वर्गीय लिपिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर समाहरणालय के सभागार में अनुकंपा के आधार पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी टुंडी, अंचल अधिकारी एगारकुंड, झरिया एवं धनबाद तथा जन शिकायत कोषांग विभाग में नियुक्त निम्न वर्गीय लिपिकों को उनकी हिन्दी टाइपिंग जांच के साथ माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, पावर पोइंट, इंगलिश टाइपिंग के ज्ञान की जांच के साथ साथ प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके बाद 19 सितंबर को उनके लिए राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद में हिंदी टाइपिंग जांच की परीक्षा आयोजित की जाएगी। मौके पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह, स्थापना शाखा के प्रधान लिपिक जितेन्द्र प्रसाद रजवार, लिपिक सचिन कुमार रजक, रिजवान अंसारी तथा अनुकंपा पर नियुक्त निम्न वर्गीय मौजूद थे।



### झालसा ने चलाया मध्यस्थता जागरूकता अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झालसा व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले में मध्यस्थता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस बाबत जानकारी देते अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत में मध्यस्थता जागरूकता अभियान डालसा की टीम , अधिकार मित्रों द्वारा चलाई जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनमानस तक त्वरित व सुलभ न्याय पहुंचाई जा सके। मध्यस्थता द्वारा सुलह समझौता के माध्यम से आपसी विवाद को समाप्त करने में सहयोग प्रदान की जाती है ।



# दाखिल-खारिज अपील के मामलों पर नियमित सुनवाई कर निष्पादित करें : अपर समाहर्ता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को राजस्व एवं न्यायालय वाद मामलों की अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान समीक्षा क्रम में डीसीएलआर चास एवं बेरमो को स्पष्ट निर्देश दिया कि दाखिल खारिज अपील के मामलों पर नियमित सुनवाई कर इन्हें शीघ्र निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के कारण आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त के जनता दरबार में ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं। इसलिए समयबद्ध कार्रवाई जरूरी है।



### निलाम पत्र वाद मामलों में लाएं तेजी

बैठक में निलाम पत्र वाद पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि सभी लंबित निलाम पत्र वाद मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के साथ किया जाए। अपर समाहर्ता ने कहा कि इन मामलों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं होगी। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक माह संबंधित एसडीओ चास-बेरमो अपने स्तर से प्रगति रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। अंचलधिकारी - जिला निलाम पत्र पदाधिकारी मामलों के निष्पादन में रूचि नहीं ले रहे है, यह सही नहीं है।

### भू-मापी मामलों पर नाराजगी, लंबित नहीं रहें मामले

भू-मापी से संबंधित मामलों की धीमी प्रगति पर अपर समाहर्ता ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने क्रम वार 30, 60 एवं 90 दिनों तक लंबित आवेदनों पर समीक्षा की। कहा कि सीओ यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में अधिक दिनों तक कोई भी मामला लंबित नहीं रहे। उन्होंने सभी पुराने मामलों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

### अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का दिया निर्देश

सरकारी भूमि, सड़क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता ने सभी अंचलाधिकारियों, नगर निगम चास तथा नगर परिषद फुसरो को अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नियोजित तरीके से अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए।

### राजस्व वसूली पर दिया विशेष बल

राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए अपर समाहर्ता ने योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व प्राप्ति राज्य की वित्तीय मजबूती से जुड़ा विषय है, अतः इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों का प्रदर्शन असंतोषजनक पाया गया, उन्हें आवश्यक दिशाझनिर्देश जारी किए गए।

### न्यायालय वादों की प्रगति की गहन समीक्षा

बैठक के अंत में अपर समाहर्ता ने राजस्व न्यायालय वाद मामलों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा किया जाए और जनता को शीघ्र न्याय मिले। मौके पर सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# 17 सितम्बर से अक्टूबर तक 'स्वच्छोत्सव' के रूप में मनाया जाएगा, कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। इस वर्ष अभियान को "स्वच्छोत्सव" की थीम पर मनाने का निर्णय लिया गया है।

### अभियान का उद्देश्य

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामूहिक सहभागिता के माध्यम से स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है। नागरिकों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने, अपशिष्ट प्रबंधन करने और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### अभियान के प्रमुख फोकस बिंदु निम्न है:

ग्राम स्तर पर सफाई कार्य -कचरे के ढ़ेर वाले स्थलों की पहचान कर उन्हें समयबद्ध ढंग से साफ किया जाएगा।
सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता - संस्थान, प्रतिष्ठान, जल स्रोत एवं अधिक आवाजाही वाले स्थानों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

- सफाई मित्र सुरक्षा शिविर- सफाईकर्मियों की सुरक्षा और सम्मान पर विशेष ध्यान देते हुए शिविर का आयोजन।
- स्वच्छ हरित उत्सव- पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ स्वच्छता प्रयासों को बढ़ावा।
- थ्री आर (रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल) सिद्धांत पर आधारित गतिविधियां का आयोजन
- राष्ट्रव्यापी श्रमदान (25 सितम्बर 2025) - 'एक दिन, एक घण्टा, एक साथ' अभियान के तहत जिले भर में नागरिकों को सामूहिक श्रमदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### बोकारो के गोमिया में होगा राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम

स्वच्छता ही सेवा- 2025 अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ 17 सितम्बर 2025 को बोकारो जिले के गोमिया प्रखण्ड के साड़म ग्राम में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री, झारखण्ड सरकार योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम होगा।

### कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने दिया जरूरी-निर्देश

17 सितम्बर को प्रस्तावित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने सभी पदाधिकारियों को अलग - अलग जिम्मेवारी दी है।

# देशी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार, पांच फरार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएस सिटी थाना पुलिस ने अपराध की योजना बनाते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, 14-15 सितंबर की रात एसपी को गुप्त सूचना मिली कि टू टैंक गार्डन क्षेत्र में कुछ अपराधी इकट्ठा होकर किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की, जिसमें दूंदीबाद पटना खटाल निवासी राजकुमार यादव और कुणाल कुमार पकड़े गए। वहीं, उनके पांच अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। गिरफ्तार दोनों युवकों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गैंग रात में चोरी या डकैती की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार युवकों का अब तक कोई आपराधिक इतिहास सामने नहीं आया है। डीएसपी सिटी आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस टीम लगातार फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। वहीं, गैंग के लीडर पर सीसीए (क्राइम कंट्रोल एक्ट) लगाने की अनुशंसा भी की गई है ताकि अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। इस घटना से स्पष्ट है कि पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई ने संभावित बड़ी वारदात को टाल दिया। बोकारो पुलिस अब शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और पूरे गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। यह कार्रवाई पुलिस की अपराधियों के खिलाफ सक्रियता और शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।



# प्रबंधन और एनजेसीएस प्रतिनिधियों की मिलीभगत से हो रहा है कर्मचारियों का दोहन : प्रेम कुमार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय इस्पात कर्मचारी संघ की एक बैठक बोकारो स्टील प्लांट के सी ओ एंड सी सी विभाग के कैंटीन नंबर 1 के रेस्ट रूम मे हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कुमार एवं संचालन संघ के संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र महतो ने किया। संघ के महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि हमारे एन जे सी एस के प्रतिनिधि दोहरा चरित्र वाले है। सेल प्रबंधन के समक्ष उनकी हाँ मे हाँ मिलाते है और कर्मचारियों के समक्ष बड़ बोला पन दिखाते है कि हम मजदूरों का हितैषी है।, लेकिन ये सिर्फ मजदूरों के हितों का दोहन किया है। इन्होने सारे कर्मचारियों का एरियर का पैसा, आज तक नहीं दिला पाये, बोनस का भी ऐसा फामूर्ला पर हस्ताक्षर किया कि कभी भी सम्मान जनक बोनस नहीं मिल पाया, बैठक के नाम पर अपना स्वार्थ सिद्ध करते नजर आते है बोनस वही मिलता है जो सेल प्रबंधन चाहती है,एन जे सी एस नेता जमीर को जगाये और अन्य पी एस यु के तरह बोनस का भुगतान दुगार्पुजा के पूर्व करवाये, ठेका श्रमिकों को कम से कम 30000 बोनस का भुगतान किया जाय, वरियता और योग्यता और अनुभव को आधार बनाकर स्कील वर्कर और हाई स्किल्ड वर्कर मे यथाशीघ्र प्रमोट किया जाय। बैठक मे मुख्य रूप से कार्यकारिणी समिति सदस्य दिलीप कुमार, बाबु धन राम, आर के रजवार, अमीर प्रवेज, संतोष टाइगर, सुधीर कुमार सिंह, सिंधु मुर्मू, रुपेश गिरी, अजीत कुमार, सतीश प्रसाद महतो, विजय कुमार पांडे, उमाकांत कर्मकार, रंजन कुमार,नुनु लाल टुडू, अशोक कुमार सिंह, परमेश्वर पंडित, ललित मुंडा, कामाख्या सिंह, मिथलेश कर्मकार, अंकुर कुमार शर्मा, अमर गोस्वामी, मदन. मोहन सिंह उपस्थित रहे।



# लाखों के चिकित्सीय उपकरण की चोरी में दो गिरफ्तार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में चिकित्सीय उपकरण की भी चोरी हो रही है। ऐसे ही एक मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि कहीं जा रही है। धनबाद की झरिया में पुलिस ने चोरी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। झरिया के ऊपर कुल्ही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 40 लाख रुपए के चिकित्सीय उपकरण और सामान की चोरी कर ली गई थी। 12 सितंबर को इस संबंध में मामला दर्ज कराया गया था। उसके बाद पुलिस इसके उद्भेदन में जुट गई। पुलिस ने चोरी का समान बरामद कर लिया है। बरामद सामानों में सीबीसी मशीन, बायोमेट्रिक मशीन, बीपी मशीन सहित अन्य मेडिकल उपकरण शामिल है. चोरों ने मरीजों के लिए रखी गई खाद्य सामग्री भी चुरा लिए थे. जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है. चोरी के समान दो अलग-अलग स्थान से बरामद किये गए है. दो लोगों की इसमें गिरफ्तारी हुई है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# डीवीसी चंद्रपुरा में हिंदी पखवारा कार्यक्रम संपन्न

**चंद्रपुरा (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम, चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और राजभाषा कार्यान्वयन उप समिति द्वारा आयोजित हिंदी पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा ने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को संकल्प लेना है कि हिंदी को उसके गौरवपूर्ण स्थान पर अविलंब स्थापित किया जाए। सामूहिक सहयोग और समर्पण से हिंदी न केवल राजभाषा के रूप में बल्कि राष्ट्रभाषा के गौरव के साथ विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखेगी । उन्होंने डीवीसी कर्मियों से अपील किया कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग हम किसी नियम या औपचारिकता के रूप में ना करें बल्कि इसे अपनी पहचान और आत्म सम्मान का प्रतीक माने । कार्यालयीन पत्राचार, नोटिंग, रिपोर्ट, प्रेजेंटेशन तथा दैनिक संवाद में हिंदी का सहज एवं सरल प्रयोग कर सकारात्मक वातावरण का निर्माण हम सभी मिलकर कर सकते हैं । उन्होंने हिंदी भाषा की सरलता पर विशेष प्रकाश डाला और कहा कि इस भाषा का प्रचार प्रसार में हिंदी सिनेमा का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने हिंदी भाषा को संप्रेषण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया और कहा कि हिंदी विश्व के कई देश में प्रचलित है। देश की गुलामी के कारण अन्य भाषा का प्रकोप यहां हावी हो गया है. हिंदी भाषा हमारे देश में मजबूती के साथ स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी चेतना और विचार पर व्यापक प्रभाव बनाए हुए हैं । वरिष्ठ महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ डीसी पांडेय ने सभी भाषाओं मे से हिंदी को सर्वश्रेष्ठ बताया और कहा कि हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रभाषा का दर्जा मिलने के बाद हम सभी भारतवासी और अधिक गौरवान्वित महसूस करेंगे। इसके लिए हम सभी को अधिकांश कार्य हिंदी में ही करनी चाहिए । वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने हिंदी भाषा को अपने कार्यों में शामिल करने का अनुरोध डीवीसी कर्मियों से किया और कहा कि हर हाल में हम सभी को एकजुट होकर हिंदी को बढ़ावा देते रहना चाहिए , ताकि देश और अधिक समृद्धशाली बन सके । डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय ने हिंदी की व्यापकता पर गहरा प्रभाव डाला और कहा कि हिंदी हमारे देश के माथे का तिलक के समान है । हम सभी को हिंदी भाषा में ही कार्य करने की जरूरत है । समारोह को उप महाप्रबंधक ललन प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर पीके घोष, राजकुमार चौधरी , राजीव रंजन आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डीवीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिंदी पखवाड़ा दिवस के अवसर पर आयोजित कई प्रतियोगिता में भाग लेने वाले और विजेता प्रतिभागी विनोद कुमार राय, मुकेश कुमार गुप्ता, अनिमेष गिरी, जय मुखर्जी, डॉक्टर पीके घोष, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन कुमार लाल, सुजीत कुमार, राकेश कुमार, तापस कुमार मंडल, पार्थ गुई, पवन कुमार, अरविंद कुमार प्रसाद, अक्षय कुमार, तपन कुमार दास, अमिताभ घोष, रंजीत कुमार निराला, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, पूनम कुमारी, ललन प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, संजीव कुमार, महेंद्र साव, रवि रंजन सिंह, कार्तिक कुमार महतो, रामजी रजक, बलदेव राम, रेखा शर्मा, निर्मल चंद्र कंसबनिक, सुमन कुमार नमिता बासु आदि को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. समारोह का संचालन अनिमेष गिरी ने किया। कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की भूमिका मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में सहायक श्रेणी- प्रथम संजीव कुमार ने निभाया।




### हिंदी विश्व पटल पर अपना विशिष्ट पहचान बनाएगा : विजया नन्द शर्मा

# भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल कार्यालय के प्रांगण में अभियंता दिवस के शुभ अवसर पर भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा का अनावरण किया गया। पथ प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता दिलीप कुमार साह ने प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता दिलीप कुमार साह ने कहा कि हम लोगों का प्रयास था कि धनबाद में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का प्रतिमा का अनावरण हो जो आज संपन्न हुआ । अभियंता दिवस पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि अभियंता किसी भी देश के विकास के स्तंभ होते हैं वे देश के संरचना को मजबूत बनाते हैं चाहे वह सड़क हो इमारत हो मशीनरी या तकनीक हो। आज हम लोग सभी अभियंता दिवस पर जश्न मनाते हैं जिन्होंने हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और सुरक्षित बनाया। उन्होंने कहा अभियंताओं की रचनात्मकता और सोच ही उन्हें अलग बनाती है। वे समस्याओं को हल करते हैं और असंभव को भी संभव बना देते हैं । इस मौके पर उन्होंने सभी अभियंताओं को शुभकामनाएं दिया। मौके पर निःवर्तमान मुख्य अभियंता इंजीनियर अजय रजक, प्रोजेक्ट डायरेक्टर विवेक नंदन, कार्यपालक अभियंता भवन भवन प्रमंडल चंदन कुमार, सहायक अभियंता अशोक प्रसाद, विनय किशोर कुल्लू, अंकित कुमार, कनीय अभियंता विद्यया कुमार एवं सभी अभियंता उपस्थित थे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com